C M Y K

आज का विचार

अपनी जिन्दगी पर कभी भी अफसोस मत करना, हो सकता है जैसी जिन्दगी आप जी रहे हैं वो किसी और के लिए एक सपने जैसी हो।

www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-246 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

अम्बिकापुर, शनिवार 28 जून , 2025



कोयलांचल में धूमधाम से निकली रथ यात्रा,जगह जगह स्वागत

आंद्रे रसेल ने रचा इतिहास, टी20 क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि की हासिल

## रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

### छेरापहरा की रस्म अदायगी कर मांगा प्रदेशवासियों के लिए आशीर्वाद



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज गायत्री नगर रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल श्री डेका एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर छेरा-पहरा की रस्म निभाई। राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी ने श्री जगन्नाथ जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में विशेष विधि-विधान के साथ महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व भगवान की प्रतिमाओं को मंदिर से रथ तक लाया गया और मार्ग को सोने की झाड़ू से स्वच्छ किया गया। इस परंपरा को छेरापहरा कहा जाता है।

**रथयात्रा महोत्सव**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सभी प्रदेशवासियों को रथ यात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। श्री साय ने कहा कि भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं। उन्हीं की कृपा से वर्षा होती है, धान की बालियों में दूध भरता है और किसानों के घरों में समृद्धि आती है। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ में भरपूर फसल हो। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी विनती है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की ओर अग्रसर करें।

**मुख्यमंत्री ने सोने की झाड़ू से छेरापहरा की रस्म निभाई**

राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुरी की रथ यात्रा की तर्ज पर यह पुरानी परंपरा निभाई जाती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छेरापहरा की रस्म पूरी करते हुए सोने की झाड़ू से मार्ग बुहारकर रथ यात्रा का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को रथ तक ले जाकर विराजित किया। रथ यात्रा के लिए भारत में ओडिशा राज्य प्रसिद्ध है। ओडिशा का पड़ोसी राज्य होने के कारण छत्तीसगढ़ में भी इस उत्सव का व्यापक प्रभाव है। आज निकाली गई रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा की विशेष विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी के अनुसार उत्कल संस्कृति और दक्षिण कोसल की संस्कृति के बीच यह एक अटूट साझेदारी का प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान छत्तीसगढ़ का शिवरीनारायण तीर्थ है, जहां से वे जगन्नाथ पुरी में स्थापित हुए। शिवरीनारायण में ही त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के प्रेमपूर्वक अर्पित मीठे बेर ग्रहण किए थे। यहां वर्तमान में नर-नारायण का भव्य मंदिर स्थापित है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री धर्मलाल कौशिक सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## अहमदाबाद में जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान डीजे की तेज आवाज से बेकाबू हुए हाथी, सड़कों पर भागने लगे



**अहमदाबाद** । देश के विभिन्न हिस्सों में जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच, अहमदाबाद में रथ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, यहां रथ यात्रा के आगे कुछ हाथी भी चल रहे थे। इनमें से एक हाथी डीजे की तेज आवाज से भड़क गया और बेकाबू हो गया। हाथी सड़कों पर भागने लगा। इसे देखकर यात्रा में शामिल ३-४ और हाथी भी भागने लगे।

इसके हड़कंप मच गया। लोगों में भगदड़ की स्थिति बन गई और सभी जान बचाकर भागने लगे। गनीमत रही कि यह हादसा जिस स्थान पर हुआ, वहां बहुत ज्यादा भीड़ नहीं थी। ये हाथी भागते हुए आसपास की गलियों में चले गए। बाद में वन विभाग की टीम ने आकर सभी को काबू किया। इस कारण १० मिनट तक यात्रा रुकी रही। भगदड़ में कुछ यात्री घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज मुहैया कराया। इसके बाद डीजे बंद करवा कर यात्रा को आगे बढ़ा गया। अहमदाबाद पुलिस ने बताया कि आज रथ यात्रा के दौरान जुलूस में शामिल एक हाथी उग्र हो गया और उसने अजीब व्यवहार करना शुरू कर दिया। इसे तुरंत काबू में कर लिया गया और वहां से ले जाया गया। अग्निशमन विभाग, डॉक्टर और पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं।

**एक हाथी को इंजेक्शन देकर काबू में किया गया**

रथ यात्रा जब खड़िया गोलावद के पास से गुजर रही थी, तब लोगों की भीड़ देखकर गजराज बेकाबू हो गया। तत्काल चिड़ियाघर अधीक्षक समेत वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एक हाथी को डॉक्टरों की टीम ने इंजेक्शन देकर काबू में किया।

## पहला कॉलम

### अमरनाथ यात्रा पर मंडरा रहा आतंकी हमले का खतरा, उधमपुर के बसंतगढ़ में जैश का एक आतंकवादी ढेर, तीन को घेरा

**उधमपुर ,27 जून(ए)।** जम्मू-कश्मीर के जिला उधमपुर के दूरदराज व पहाड़ी क्षेत्र बसंतगढ़ के घने जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया, जो समूह का सरगना बताया जा रहा है, जबकि तीन आतंकी अभी भी घेरे में हैं। मारे गए आतंकी और उसके साथियों के पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े होने की पुष्टि हुई है।

इन आतंकियों के पास अत्याधुनिक एम-4 कार्बाइन जैसे हथियार हैं। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है और ऑपरेशन अभी भी जारी है।

सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, ऑपरेशन को 'ऑपरेशन बिहालीइ नाम दिया गया है और यह सेना की व्हाइट नाइट कोर और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई है। खुफिया जानकारी के आधार पर गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों ने बसंतगढ़ के बिहाली जंगलों में तलाशी अभियान शुरू किया। सुबह करीब साढ़े आठ बजे आतंकियों के साथ आमना-सामना होने पर दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों का कहना है कि घेरे में अभी तीन आतंकी फंसे हुए हैं,

## कुछ अलग

### भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का शुभारंभ, ओडिशा के मुख्यमंत्री माझी बोले- सर्व कल्याण की प्रार्थना करता हूं

**नई दिल्ली ,27 जून(ए)।** भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का शुक्रवार को शुभ दिवस है। मान्यता है कि इस विशेष अवसर पर भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलते हैं। यह रथयात्रा विभिन्न राज्यों में निकाली जा रही है। इसी को देखते हुए विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने रथयात्रा के शुरू होने पर बधाई दी। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा, करोड़ों ओड़िसावासियों के आभूषण भगवान जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मैं चतुधार्मूर्ति के चरण कमलों में राज्य के विकास एवं सभी के कल्याण एवं उन्नति की प्रार्थना करता हूं।

उन्होंने आगे कहा, महाप्रभु से कामना करता हूं कि श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण यह यात्रा समस्त देशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और आरोग्य लेकर आए। जय जगन्नाथ!

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, जय श्री जगन्नाथ! भगवान श्री जगन्नाथ जी की पावन रथ यात्रा के शुभारंभ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! यह मंगलमयी रथ यात्रा सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि, सेवा और सद्भाव का संचार करे, भगवान श्री जगन्नाथ जी से यही प्रार्थना है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, अखिल विश्व के नाथ महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा के शुभारंभ की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

## खरी-खरी

किस ग्रंथ में कहा गया है कि पीडीए का विद्वान कथा नहीं कह सकता: अखिलेश




## छत्तीसगढ़ में रेल क्रांति : 47 हजार करोड़ की रेल विकास परियोजनाएं प्रगति पर, वर्ष 2030 तक रेल नेटवर्क हो जाएगा दोगुना

### 00 32 अमृत भारत स्टेशन में होंगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं, नई रेल परियोजनाओं का सर्वे अंतिम चरण में 00 रेल सुविधाओं के साथ ही पर्यटन, व्यापार, उद्योग और रोजगार की बढ़ेंगी संभावनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को पूरा करने और छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने के लिए नई-नई रेल परियोजनाओं को मंजूरी मिल रही है। वर्ष 1853 से लेकर 2014 तक 161 साल में छत्तीसगढ़ में केवल 1100 रूट किलोमीटर रेल लाइन बिछाई गई थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से वर्ष 2030 तक प्रदेश में रेल नेटवर्क दोगुना बढ़कर 2200 रूट किलोमीटर हो जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट में छत्तीसगढ़ को 6925 करोड़ रूपए राशि आबंटित की गई है। वर्तमान में केन्द्र सरकार की मदद से छत्तीसगढ़ में 47 हजार करोड़ रूपए की लागत से रेल विकास परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। राज्य को दो नई वंदे भारत ट्रेन रायपुर-विशाखापटनम और रायपुर-नागपुर की सौगात मिली है। इसके अलावा राज्य सरकार ने मेट्रो ट्रेन के लिए सर्वे कराने का भी निर्णय लिया है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में बिलासपुर में जोनल कार्यालय को मंजूरी दी गई थी। छत्तीसगढ़ को नई और प्रगतिरत रेल परियोजना के पूर्ण होने से राज्य में रेल सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ ही यहां पर्यटन, व्यापार, उद्योग के साथ-साथ रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। इन रेल परियोजनाओं से सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

**वर्ल्ड क्लास रेल्वे स्टेशन**

छत्तीसगढ़ राज्य के 32 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। ये स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त, विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित बनाए जा रहे हैं। हाल में ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत भारत रेल्वे स्टेशन योजना के तहत राज्य के 5 पुनर्विकसित अंबिकापुर, उरकुरा, भिलाई, भानुप्रतापपुर एवं डोंगरढ़ स्टेशनों का लोकार्पण किया गया है। अमृत भारत रेल्वे स्टेशन योजना में लगभग 1680 करोड़ रूपए की लागत से 32 रेल्वे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें तीन प्रमुख स्टेशनों बिलासपुर (लागत 435 करोड़), रायपुर (लागत-463 करोड़) एवं दुर्ग स्टेशन (लागत-456 करोड़) का व्यापक पुनर्विकास भी शामिल है। अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत भाटापारा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा नेवरा, बिल्हा, बालोद, दल्लीराजहरा, हथबंद, सरोना, मरोदा, मंदिरहसौद, निपानिया, भिलाई नगर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़, बाराद्वार, चाम्पा, नैला, जांजगीर, अकलतरा, कोरबा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, बैकुंठपुर रोड,



बिलासपुर, महासमुंद, जगदलपुर के स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

**प्रगतिरत रेल परियोजनाएं**

वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 47 हजार करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृत रेल परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें प्रमुख परियोजनाएं इस प्रकार है- राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन लम्बाई 228 किमी, छत्तीसगढ़ में 48 किमी, लागत 3544.25 करोड़, बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, लंबाई-206 किमी, छत्तीसगढ़ में 153 किमी, लागत 2135.34 करोड़, खरसिया-धरमजयगढ़ नई रेललाइन, लंबाई-162.5 किमी, लागत 3438.39 करोड़, गौरेला-पेंड्रा रोड-गेवरा रोड परियोजना, लंबाई 156.81 किमी, लागत 4970.11 करोड़, केन्द्री-धमतरी एवं अभनपुर-राजिम आमान परिवर्तन, लंबाई-67.20 किमी, लागत- 544 करोड़, बोरिडांड-अम्बिकापुर दोहरीकरण, लंबाई 80 किमी, लागत-776 करोड़, चिरमिरी-नागपुर न्यू हॉल्ट लाइन, लंबाई-17 किमी, लागत-622.34 करोड़ रूपए शाामिल हैं।

**बस्तर अंचल में नई स्वीकृत रेल परियोजनाएं**

भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन (140 किमी) परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना पर 3513.11 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह निर्णय बस्तर अंचल के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। रावघाट-जगदलपुर रेललाइन की मंजूरी से बस्तर अंचल में यात्रा, पर्यटन, व्यापार और रोजगार की सम्भावनाएं बढ़ेंगी। यह रेल परियोजना नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बस्तर में केके रेल लाईन (कोत्तवलसा से किंरदुल) दोहरीकरण का काम तेजी से चल रहा है। 446 किलोमीटर लम्बाई के रेल लाईन का 170 किलोमीटर हिस्सा छत्तीसगढ़ में है। छत्तीसगढ़ में इस रेल लाईन का 148 किलोमीटर दोहरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है।

**सुकमा-दंतेवाड़ा-बीजापुर भी रेल नेटवर्क में**

कोठागुडेम (तेलंगाना) से किरंदुल तक प्रस्तावित 160.33 किमी लंबी नई रेललाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे कार्य को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सर्वे अब अंतिम चरण में है। इस प्रस्तावित रेललाइन का 138.51 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर से होकर गुजरेगा, जो अब तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे हैं। यह परियोजना न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि इन जिलों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

**नई रेल परियोजनाओं का सर्वे अंतिम चरण में**

छत्तीसगढ़ में अम्बिकापुर-बरवाडीह 200 किलोमीटर लागत 9718 करोड़, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन 278 किलोमीटर लागत 7854 करोड़, रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन 140 किलोमीटर लागत 3513 करोड़, सरदेगा-भालूमाड़ा नई रेललाइन 37.24 किलोमीटर लागत 1282 करोड़ रूपए और धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा 301 किलोमीटर लागत 16,834 करोड़ रूपए रेल परियोजनाओं का डीपीआर तैयार हो रहा है। धरमजयगढ़-लोहरदगा और अंबिकापुर-बरवाडीह रेल परियोजना के लिए सर्वेक्षण का काम अंतिम चरण में।

**छत्तीसगढ़ रेलवे कॉरपोरेशन की परियोजना**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल लाईन निर्माण के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। इस रेल लाईन के बनने से नागपुर-झारसुगुड़ा रेल मार्ग पर चलने वाली माल-गाडि?ों का लोड कम होगा। छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति द्वारा छत्तीसगढ़ रेलवे कॉरपोरेशन को डोंगरगढ़-कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग हेतु भू-अर्जन एवं प्रारंभिक निर्माण कार्य के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

## तेज प्रताप से वीडियो कॉल पर बातचीत के बाद अखिलेश ने दिया झटका, बिहार में सपा का तेजस्वी को मिला सपोर्ट



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी बिहार के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव का समर्थन करेगी। अखिलेश यादव ने तेजप्रताप यादव के साथ वीडियो कॉल पर बातचीत की थी, जिसके बाद तेजप्रताप ने अपनी खुशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कर जाहिर की थी।

**अखिलेश का तेजस्वी यादव को मिलेगा समर्थन**

अखिलेश यादव ने यह साफ कर दिया है कि उनकी पार्टी बिहार के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव का समर्थन करेगी। इससे पहले भी अखिलेश यादव ने विधानसभा चुनाव में लालू यादव को समर्थन दिया था। अखिलेश का कहना है कि हमारी पार्टी लालू जी की पार्टी के साथ खड़ी दिखाई देगी।

**तेजप्रताप ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी**

अखिलेश यादव और तेजप्रताप यादव की बातचीत के बारे में तेजप्रताप ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा था कि आज मेरे परिवार के सबसे प्यारे सदस्यों में से एक यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी से वीडियो कॉल पर लंबी वार्ता हुई। इस दौरान बिहार के राजनीतिक हालातों पर भी चर्चा हुई। इस पोस्ट के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि तेजप्रताप सपा के टिकट पर महुआ या हसनपुर से चुनाव लड़ सकते हैं।

सपा मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकार वार्ता में इस प्रश्न पर अखिलेश ने कहा कि उनका दो बार कॉल आया था, मैंने उस पर ही री-डायल कर दिया था। शिष्टाचार में बातचीत हुई थी। बिहार में हम तेजस्वी का समर्थन करेंगे।


## महाप्रभु हमारे लिए अराध्य भी हैं, प्रेरणा भी हैं, जगन्नाथ हैं, तो जीवन है : पीएम मोदी

**नई दिल्ली ,27 जून(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुरू होने पर बधाई दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए उन्होंने देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की मंगलकामना की। पीएम मोदी ने कहा, भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। श्रद्धा और भक्ति का यह पावन उत्सव हर किसी के जीवन में सुख, समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए, यही कामना है। जय जगन्नाथ!

प्रधानमंत्री ने बधाई संदेश के अलावा अपने पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें वो भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के बारे में बता रहे हैं। वीडियो संदेश में कहा गया, महाप्रभु हमारे लिए अराध्य भी हैं, प्रेरणा भी हैं। जगन्नाथ हैं, तो जीवन है। भगवान जगन्नाथ जनता जनार्दन को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण के लिए जा रहे हैं।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री आगे वीडियो में रथयात्रा की खूबियों के बारे में भी बताते हैं। कहते हैं कि रथयात्रा की पूरी दुनिया में एक विशिष्ट पहचान है। देश के अलग-अलग राज्यों में बहुत-बहुत धूमधाम से रथयात्रा निकाली जा रही है। ओडिशा के पुरी में निकाली जा रही रथयात्रा अपने आप में अद्भुत है।

प्रधानमंत्री वीडियो में कहते हैं कि इन रथ यात्राओं में जिस तरह से हर वर्ग, हर समाज के लोग उमड़ते हैं, वो अपने आप में बहुत अनुकरणीय है। यह आस्था के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी प्रतिबिंब है। इस पावन अवसर पर आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। साथ ही, प्रधानमंत्री ने अपने एक अन्य पोस्ट में आषाढ़ी बीज के विशेष अवसर पर दुनियाभर के कच्छी समुदाय के लोगों को भी शुभकामनाएं दीं।




■ अम्बिकापुर (सरगुजा) ■ बैकुण्ठपुर (कोरिया) एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित

पहला कालम

## तेज डायग्नोस्टिक में 29 जून को मौजूद रहेंगे विशेषज्ञ चिकित्सक

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में माह के पांचवे रविवार दिनांक २९ जून २०२५ को निम्न विशेषज्ञ डॉक्टर के लिए उपलब्ध रहेंगें। छ.ग. के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिजीत कुमार कोहाट एमडी, डीएम, न्यूरोलॉजी, छ.ग. के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. राहूल अहलूवालिया एम एस एमसीएच न्यूरोसर्जरी, छ.ग. के श्वास, छाती, एलर्जी एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ डॉ. रोशन वर्मा एमडी टीबी व रेस्पिरेट्री डीजिज, रायपुर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी एमडी डीएम कार्डियोलॉजी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगें। संपर्क नं. ८२२४००७७९९,८२२४००७७५५,०७७७४६६९९९ ०७७७४२२२९९९,९८२६१८३७८०...।

## सरगुजा जिले में मेधावी विद्यार्थियों के लिये सरगुजा 30 नि:शुल्क आवासीय कोचिंग चयन परीक्षा 29 जून को

अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।
जिला प्रशासन द्वारा जिले के मेधावी विद्यार्थियों के लिए सरगुजा ३० निःशुल्क आवासीय कोचिंग हेतु २९ जून २०२५ को चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अम्बिकापुर में प्रातः ११:०० बजे से २:०० बजे तक होगी।

जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य जिले के उन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, जो उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में मेधावी हैं। इस चयन परीक्षा में कक्षा ९वीं, १०वीं, ११वीं (जीव विज्ञान एवं गणित संकाय) तथा १२वीं (जीव विज्ञान एवं गणित संकाय) के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। कक्षा ९वीं के लिए ८ वीं में ७०त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी पात्र होंगे। इसी प्रकार कक्षा १०वीं के लिये कक्षा ९वीं में, कक्षा ११वीं के लिये कक्षा १०वीं में तथा कक्षा १२वीं के लिये कक्षा ११ वीं (जीव विज्ञान/गणित संकाय) में ७०त्न से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी पात्र होंगे।

विद्यार्थियों को चयन परीक्षा में शामिल होने के लिये अपनी पिछली कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति एवं पालक की सहमति पत्र लाना अनिवार्य होगा। साथ ही, अध्ययनरत विद्यालय से प्राचार्य का प्रमाणीकरण अथवा पहचान पत्र लाना होगा। परीक्षा में केवल हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी ही शामिल हो सकेंगे एवं सभी को विद्यालय गणवेश में परीक्षा केन्द्र पर प्रातः १०:०० बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा। चयन परीक्षा के आधार पर प्रत्येक वर्ग से ३०-३० विद्यार्थियों का चयन मेरिट क्रम में किया जायेगा। कोचिंग १ जुलाई २०२५ से शासकीय बहुउद्देशीय उ.मा.वि. परिसर स्थित सरगुजा ३० भवन में प्रारंभ होगी। यह कोचिंग पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय होगी, जिसमें छात्र-छात्राओं के लिये अलग-अलग छात्रावास एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी।

## पुलकित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित

**रामानुजगंज(अम्बिकावाणी समाचार)।** नगर के वार्ड क्रमांक ८ निवासी लैब टेक्नीशियन विकास गुप्ता के पुत्र पुलकित गुप्ता ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित हुए हैं।स्वास्थ्य विभाग में लैब टेक्नीशियन विकास गुप्ता के सुपुत्र एवं शिक्षक आकाश गुप्ता के भतीजे हैं। २०२१ सैनिक स्कूल चयन परीक्षा में पुलकित के बड़े भाई सक्षम ने पूरे छत्तीसगढ़ में पहला स्थान प्राप्त किया था। पुलकित ने अपने सफलता का श्रेय शिक्षक मनोरंजन सिंह एवं अवधेश सर को दिया है। पुलकित ने इस सफलता में परिवार जनों माता-पिता एवं गुरु को सफलता का श्रेय दिया है।



## लाईवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह में भोजन एवं आवासीय व्यवस्था हेतु आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी बलरामपुर अंतर्गत आवासीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणरत हितग्राहियों के लिए भोजन व्यवस्था (सुबह का नाश्ता, दोपहर का खाना, शाम का नाश्ता, रात्रि भोजन) एवं आवासीय व्यवस्था (पलंग या तख्त/गद्दा/तकिया/कंबल) हेतु जिले के इच्छुक पंजीकृत महिला स्वयं सहायता समूह से ०५ जुलाई २०२५ तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय प्राचार्य जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, भेलवाडीह, बलरामपुर में कार्यालयीन समय तक निविदा आमंत्रित किया गया है।

# नशा मुक्त समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम





## आईजी ने दिलाई शपथ

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
युवा देश की ऊर्जा होते है। युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। युवाओं की भागीदारी से सभ्य समाज का निर्माण होगा। नशे से दूर रहने के लिए, स्वस्थ जीवनशैली अपनाए, सकारात्मक सोच रखें और उन गतिविधियों में शामिल हो जो आपको खुशी देती है उक्त बाते सूरजपुर पुलिस के नवजीवन अभियान के नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आईजी सरगुजा ने कही।आयोजन की अध्यक्षता कलेक्टर सूरजपुर एस जयवर्धन, विशिष्ट अतिथि एसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर सहित मंचस्थ अतिथि जीएम बिश्रामपुर डॉक्टर संजय सिंह व अन्य उपस्थित थे।मुख्य अतिथि रेंज के आईजी दीपक कुमार झा ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं, महिला-पुरूषों एवं पुलिस कर्मियों को जिन्दगी को हॉ और नशे को ना कहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डीएव्ही पब्लिक के छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यक्ति कैसे नशे की जाल में फंसता है, नशे से बचाव एवं उपचार को लेकर आकर्षक प्रस्तुति दी।

गुरूवार, २६ जून को बिश्रामपुर के ऑफिसर क्लब में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईजी सरगुजा दीपक कुमार झा ने कहा कि नशे के कुरीति को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयास की जरुरत है, इसके लिए समाज के सभी वर्गो को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जो नशा नहीं करते वे खुशहाल होते है, व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नशे की लत से होने वाले गंभीर परिणामों पर प्रकाश डाला। नारकोटिक्स एक्ट के प्रकरण में इण्ड-टू-इण्ड एवं नशे का कारोबार करने वालों की सम्पत्ति कुर्क किए जाने के प्रावधान बताए। उन्होंने कहा कि आपका परिवार आप पर निर्भर होता है घर में किसी भी एक सदस्य के नशे की लत से फंस जाने पर पूरा परिवार तबाह हो जाता है,उन्होंने अभिभावको को बच्चों की बेहतर देखभाल करने और उसकी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखने की अपील भी की श्री झा ने कहा कि नशा मुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम दिनांक १२ जून से २६ जून तक चलाया गया जिसमें जिले की पुलिस के द्वारा व्यापक अभियान चलाकर चलित थाना, स्कूल-कालेजों में आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम, औद्योगिक इकाईयों, एसईसीएल के खदानों में कार्यरत कर्मियों को जिन्दगी को हॉ और नशे को ना कहने ६ हजार ५ सौ से अधिक लोगों को ई-शपथ दिलाया गया है। जिले की पुलिस नशे की रोकथाम को लेकर कार्यवाही के साथ ही रूचि लेकर जागरूकता में लगी हुई है।

कलेक्टर सूरजपुर श्री एस.जयवर्धन ने कहा कि नशा बहुत ही घातक है, नशा करने वाला व्यक्ति अकारण दूसरों को परेशान करते है, नशे में फंसे व्यक्ति का मनोबल बढ़ाने तथा इलाज के लिए हमें प्रेरित करना चाहिए। नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस व प्रशासन ने मिलकर अधिक से अधिक लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया है। नशा हमें कुछ देता नहीं बल्कि हमारा सबकुल छीन लेता है इससे बचने के लिए खेलकूद, फिजिकल एक्टिविटी एवं शिक्षा की ओर ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन को कहा कि नशे से बचाव को लेकर जागरूकता के आयोजन करें। एसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि नशे के विरुद्ध संगठित और प्रभावी प्रयास पुलिस के द्वारा लगातार किया जा रहा है। जब आप नशे से दूर रहते है तो आपके स्वस्थ्य जीवन की संभावनाएँ कई गुना बढ़ जाती हैं। जीवन में आपके जो भी लक्ष्य हों, नशे से दूर रहते हुए उसे पूरी साहस के साथ हासिल करें, नशे की लत को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के रास्ते में न आने दें। वर्तमान में नशे के जाल में लगातार लोग फंसते जा रहे हैं, जिस तेजी से फैल रहे बीमारी रूपी नशे को खत्म करने पुलिस के अभियान में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने उपस्थित युवाओं को कहा कि आप देश की धरोहर हो, नशा मुक्त रहकर बेहतर भविष्य में बुनियाद मजबूती से बनाए।

कार्यक्रम को एसईसीएल बिश्रामपुर जीएम डॉ संजय सिंह ने भी संबोधित किया। आभार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व मंच का संचालन निरीक्षक जावेद मियांदाद ने किया। इस अवसर पर सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएव्ही स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक व स्कूली बच्चे सहित गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

# रेलवे ब्रिज पर स्लैब रिप्लेसमेंट व गर्डर लांचिंग दुर्ग अंबिकापुर चार घंटे विलंब से होगी रवाना

बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।
अधोसंरचना विकास व गाड़ियों के संरक्षित परिचालन हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के सिलियारी-मांढर सेक्शन में रेलवे ब्रिज नं ४०३ पर स्लैब रिप्लेसमेंट व दाधापारा-बिलासपुर सेक्शन के मध्य गर्डर लांचिंग कार्य हेतु ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लेने के कारण कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। प्रभावित होने वाली गाड़ियों का विवरण इस प्रकार है -

रद्द होने वाली गाडियाँ दिनांक २९ जून २०२५ को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या ५८२०१ बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। दिनांक २९ जून २०२५ को रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या ५८२०४ रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी। दिनांक २९ जून २०२५ को रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या ६८७२८ रायपुर-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी।

दिनांक २९ जून २०२५ को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या ६८७१९ बिलासपुर-रायपुर मेमू रद्द रहेगी। दिनांक २९ जून २०२५ को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या ६८७३४ बिलासपुर-गेवरारोड मेमू रद्द रहेगी। दिनांक २९ जून २०२५ को गेवरारोड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या ६८७३३ गेवरारोड-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियाँ**

दिनांक २८ जून २०२५ को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या १५१६० दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया गोंदिया-नैनपुर -जबलपुर-कटनी मार्ग होकर छपरा जाएगी। दिनांक २८ जून २०२५ को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या १५२३२ गोंदिया - बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया नैनपुर -जबलपुर-कटनी मार्ग होकर बरौनी जाएगी।

**देरी से रवाना होने वाली गाडियां**

दिनांक २८ जून २०२५ को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या १८२४१दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस ०४ घंटे देरी से रवाना होगी।

दिनांक २८ जून २०२५ को अहमदाबाद से चलने वाली गाड़ी संख्या १२८३३ गाड़ी संख्या अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस ०३ घंटे ३० मिनट देरी से रवाना होगी।दिनांक २८ जून २०२५ को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या १२८५९ गाड़ी संख्या सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस ०३ घंटे ३० मिनट देरी से रवाना होगी।दिनांक २८ जून २०२५ को हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या १२८६० गाड़ी संख्या हावड़ाझसीएसएमटी एक्सप्रेस ०३ घंटे देरी से रवाना होगी। दिनांक २८ जून २०२५ को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या१५१५९ छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ०१ घंटे देरी से रवाना होगी।

## जिले में दो मादा अश्वों में ग्लैंडर्स रोग की हुई पुष्टि, आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारी- कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले में दो मादा अश्वों के सैंपल में ग्लैण्डर्स रोग की पुष्टि हुई है। अम्बिकापुर के नवापारा निवासी श्री उमेश के दो मादा अश्वों में ग्लैण्डर्स रोग के पॉजीटिव होने की रिर्पोट प्राप्त होने के पश्चात कलेक्टर श्री विलास भोसकर द्वारा आदेश जारी कर संक्रमित पशुओं के विनष्टीकरण सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस बल, निगम कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।जिसमें पुलिस बल प्रदाय करने हेतु पुलिस अधीक्षक सरगुजा, पशु विनष्टीकरण हेतु वाहन जेसीबी चूना एवं कर्मचारी उपलब्ध कराने हेतु आयुक्त नगर निगम अम्बिकापुर, संक्रमित पशु के सम्पर्क में आए व्यक्तियों का ग्लैण्डर्स नमूना जांच हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, संक्रमित क्षेत्र में ५ किमी एवं २५ किमी की परिधि उपलब्ध कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर, नेशनल एक्शन प्लान फॉर कंट्रोल एंड एरेडिकेशन ऑफ ग्लैण्डर्स इन इंडिया २०१९ के ११.२ के अनुसार कार्य हेतु जिला स्तरीय समिति में पशुपालन विभाग से उपसंचालक डॉ आर पी शुक्ला, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ अरुण कुमार सिंह, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रूपेश सिंह, डॉ विकास जायसवाल एवं डॉ अमित कुमार वर्मा शामिल है। कार्य हेतु जिला पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला में अतिरिक्त उपसंचालक डॉ संगीता अग्रवाल, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ फ्रेंकलिन टोप्पो, सहित श्रीमती रागिनी गुप्ता, श्री पीयूष तिवारी, श्री पुष्पक पटेल की ड्यूटी लगाई गई है।

# छत्तीसगढ़ में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रीन एनर्जी को मिल रहा बढ़ावा

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और आम नागरिकों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेशवासियों को अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन करने की सुविधा मिल रही है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ मिल रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल से राहत और आर्थिक मजबूती भी प्राप्त हो रही है। अम्बिकापुर के डॉ. के.के. विश्वकर्मा, रायल पार्क में रहते हैं, उन्होंने इस योजना का लाभ उठाते हुए अपने घर की छत पर ३ किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया है। जिसकी कुल लागत लगभग १ लाख ९५ हजार रुपये आई है, जिसमें केंद्र सरकार की ओर से ७८ हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। डॉ. विश्वकर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने इस योजना में ३० हजार रुपये अतिरिक्त सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। इस तरह केंद्र व राज्य सरकार से कुल १ लाख ८ हजार रुपये की सब्सिडी उन्हें प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से उनके बिजली बिल शून्य हो गए हैं और वे अब बिजली के लिए आत्मनिर्भर हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत राज्य के पात्र उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की तरफ से ७८ हजार रुपए एवं राज्य सरकार से ३० हजार रुपए तक की सब्सिडी सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जा रही है। इस योजना ने छत्तीसगढ़ में न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया है, बल्कि लाखों घरों को आर्थिक रूप से सशक्त करने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। डॉ केके विश्वकर्मा की तरह प्रदेश के अनेक परिवार अब अपने बिजली बिल से पूरी तरह मुक्ति पा चुके हैं।

# अब और ज्यादा फायर लेकर लौटे हैं पुष्पा राज

## जी सिनेमा पर 20 मिनट के अनदेखे एक्शन के साथ देखिए पुष्पा 2 : द रूल रिलोडेड

जी सिनेमा लेकर आ रहा है जबर्दस्त पुष्पा एक्सपीरियंस, यानी इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर का एक्सटेंडेड एडिशन झ च्पुष्पा २ : द रूल रिलोडेडज्। इसमें शामिल हैं २० मिनट की अनरीलीज्ड फुटेज, जो फिर से दिखाती है वही आग, वही गुस्सा और वही अंदाज। नए हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन से लेकर इमोशनल मोमेंट्स तक, इस एक्सटेंडेड संस्करण फैंस के लिए वो सब कुछ है जिसकी उन्हें कमी तो थी, लेकिन पता नहीं था। देखिए च्पुष्पा २ : द रूल रिलोडेडज् रविवार, २९ जून को शाम ७ बजे, सिर्फ जी सिनेमा पर।




डायरेक्टर सुकुमार कहते हैं कि पुष्पा की दुनिया इतनी बड़ी है कि इसमें हमेशा कुछ और जानने को होता है। इस एक्सटेंडेड वर्जन में कुछ ऐसे सीन शामिल हैं जो हमें लगता है कि पुष्पा के सफर को और बेहतर तरीके से समझाते हैं और कहानी को दर्शकों के लिए और भी पूरा बनाते हैं। हमें खुशी है कि जी सिनेमा इस वर्जन को देशभर के घरों तक लेकर आ रहा है - ये वही कट है जिसे पूरी तरह देखा जाना चाहिए। इसमें वही सबकुछ और ज्यादा है, जो दर्शकों को पुष्पा की दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद आता है।

जी सिनेमा पर च्पुष्पा २ः द रूलज का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर पहले ही व्यूअरशिप के नए रिकॉर्ड बना चुका है और अब इस खास रिलोडेड वर्जन में दर्शकों को २० मिनट की ऐसी अनदेखी फुटेज देखने को मिलेगी, जो थिएटर रिलीज से एडिट कर दी गई थी। ये सीन्स न सिर्फ पुष्पा राज के इमोशनल पहलुओं को और करीब से दिखाते हैं, बल्कि श्रीवल्ली के साथ उसके बदलते रिश्ते और दुश्मनों के साथ उसकी टक्कर को भी और धमाकेदार अंदाज में सामने लाते हैं। इस वर्जन में आपको मिलेंगे लंबे एक्शन सीक्वेंस, सीटीमार डायलॉग्स और ऐसे दमदार मोमेंट्स जो कहानी और किरदारों को एक नया मोड़ देते हैं। यह एक्सटेंडेड कट टीवी पर देखने के अनुभव को और भी रोमांचक बना देता है, और दर्शकों को ड्रामा, एक्शन और इमोशन का वही फुल-पैक्ड स्केल देता है, जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार था। तो आप भी वाइल्डफायर एंटरटेनमेंट के लिए तैयार हो जाइए और अपनों के साथ देखिए च्पुष्पा २ः द रूल रिलोडेडज् रविवार, २९ जून, को शाम ७ बजे, सिर्फ जी सिनेमा पर।

# विज्ञान और तकनीकी से देश-दुनिया का होगा विकास : चिंतामणी महराज

## 20 वां छत्तीसगढ़ यंग सांइटिस्ट कांग्रेस-2025 शुरू, 10 विधाओं के युवा वैज्ञानिकों शोध पत्र किये प्रस्तुत

अम्बिकापुर।(अम्बिकावाणी समाचार)।
ज्ञानी की सर्वत्र पूजा होती है। विज्ञान और तकनीकी से देश-दुनिया और सभ्यता का विकास होता है, जिससे पूरी मानवता का पोषण होता है। यह बातें शुक्रवार को २०वें छत्तीसगढ़ यंग सांइटिस्ट कांग्रेस-२०२५ के उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने कही। संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ कौंसिल ऑफ साईंस एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय यंग साईंटिस्ट कांग्रेस को सरगुजिहा में सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्र और कुछ अनुसूचित जातियों में ज्ञान की कमी है। विज्ञान, तकनीकी से उनके जीवन में सुधार लाना है। चिंतामणी महराज ने युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके अनुसंधान से ज्ञान का विकास होगा जिससे देश-दुनिया और समाज को लाभ मिलेगा। उन्होंने बलरामपुर के तातापानी, उल्टापानी आदि का सन्दर्भ देते हुए युवा वैज्ञानिकों का आह्वान किया।

इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती और संत गहिरा गुरू के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और छत्तीसगढ़ी सौन्दर्य से सजे गमछे से किया गया। अतिथियों को स्वागत करते हुए कार्यक्रम के कन्वीनर एच.एस.पी. टोंडे ने कहा कि शोध के इस समागम में नये अनुसंधान होंगे जिससे विज्ञान की बुनियाद मजबूत होती जायेगी।

कार्यक्रम के संरक्षक, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रेम प्रकाश सिंह ने कहा कि मां महामाया की पवित्र भूमि संत गहिरा गुरू और राजमोहिनी देवी के पावन कार्यों से समृद्ध है। उन्होंने कहा कि दण्डकारण्य और कालिदास की स्मृतियां यहीं से गुजरी हैं। उन्होंने बताया कि प्रतापपुर के पास एस्ट्रो फिजीक्स सेन्टर की तैयारी है। डॉ. पीपी सिंह ने कहा कि इजरायल, इराज और अमेरिका के युद्ध में आतंकवाद के संस्मरण से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शांति भंग की स्थिति में युद्ध का वरण धर्म बन जाता है। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों को आह्वान करते एआई की अधुनातन उपयोग के लिए तैयार होना है। अब हमें विकसित भारत के लिए तैयार होना है।

ज्ञानवीर विश्वविद्यालय सागर के कुलपति प्रो. आरके त्रिवेदी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान के लिए विद्यार्थियों के लिए रीडिंग टूल्स में लैपटॉप, मोबाइल, टैब आदि उपलब्ध हैं। हमारे विद्यार्थी जीवन में सिर्फ अध्यापक ही मेरे सहयोगी होते थे। उन्होंने कहा कि विज्ञान के अनुसंधान से ही आर्थिक, सामाजिक समृद्धि आयेगी। भू विज्ञान के विशेषज्ञ डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि हमारा ज्ञात इतिहास ५००० साल का है। शब्दभेदी बाण, गाइडेड मिसाइल, भगवान गणेश आदि के उद्धरण से अवगत कराया। सुश्रुत परम्परा, केमिकल साईंस, फिं गर प्रिंटिंग, स्पेस टेक आदि के बार में बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान के आकाश में सम्भावनायें अपार हैं, बस छलांग लगाने की आवश्यकता है।




मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणी महराज, प्रो. आरके त्रिवेदी, डॉ. एस कर्मकार, कुलपति पीपी सिंह, डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में शोध पत्रों का वाचन पॉवर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से हुआ। छत्तीसगढ़ कौंसिल ऑफ साईंस एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर जनरल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. वसीम रजा, सह आयोजक, कन्वीनर सीजी कॉस्ट के यंग साईंटिस्ट कांग्रेस के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. जॉयस राय, कार्यक्रम के सह कन्वीनर डॉ. धीरज कुमार यादव एवं डॉ. जुनैद खान, डॉ. अर्णब बनर्जी, डॉ.जयस्तु दत्ता, श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव, प्रो. एसके श्रीवास्तव, डॉ. रितेश वर्मा, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के डॉ. आशीष बंजारा आदि उपस्थित रहे।

**राज्यभिषेक नहीं, अपना घर चाहिए : कुलसचिव**

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय और उसकी विरासत से अवगत करते हुए कहा कि २००८ में स्थापित विश्वविद्यालय बुनियादी संसाधनों के लिये जुझ रहा है। उन्होंने कहा कि १४ वर्षों का वनवास तो पूरा हो गया है, मुझे राज्यभिषेक नहीं चाहिए लेकिन अपना घर तो चाहिए। डॉ. त्रिपाठी ने उम्मीद जताते हुए कि वर्तमान सरकार से आश्वासन मिला है अब संसाधनों की कमी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि २४ नये पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। प्राचीन संस्कृति और विरासत से सम्बंधित आर्यावर्त संग्रहालय की स्थापना की तैयारी है।

**अनुसंधात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना हमारा काम : एस. कर्मकार**

छत्तीसगढ़ कौंसिल ऑफ साईंस एंड टेक्नालॉजी के डायरेक्टर जनरल डॉ. एस कर्मकार ने कहा कि हमारा काम विज्ञान की शोधात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि बाल वैज्ञानिकों के लिए देश में ६४० प्रतियोगी थे जिसमें २० श्रेष्ठ मॉडल रहे। इन २० में छत्तीसगढ़ के चार बाल वैज्ञानिकों को अवसर मिला। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए नये अनुसंधान के लिए आह्वान किया।

छोटी खबरें

## श्वेता हॉस्पिटल पर 20 हजार का जुर्माना, 15 दिनों के लिए निलंबित हुआ लाइसेंस - परिजन बोले: जांच महज खानापूर्ति




**कोरबा अम्बिकावाणी** - रिस्दी रोड स्थित श्वेता हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के बाद उठे विवाद के बीच जांच में मिली अनियमितताओं पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ राज्य उपचयार्गृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम २०१० के तहत अस्पताल पर २०,००० रुपये का जुमार्ना लगाया गया है तथा १ जुलाई २०२५ से १५ जुलाई २०२५ तक के लिए अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत गठित अधिकृत निरीक्षण दल ने २४ जून को श्वेता हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद संबंधित संस्थान को कारण बताओ नोटिस जारी कर २४ घंटे के भीतर जवाब मांगा गया था। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा २७ जून को जवाब प्रस्तुत किया गया, जिसे विभाग ने असंतोषजनक करार दिया। जांच में यह भी सामने आया कि हॉस्पिटल द्वारा नर्सिंग होम एक्ट के कई प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। कार्रवाई के अनुसार, निलंबन की अवधि में अस्पताल किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सेवा का संचालन नहीं कर सकेगा। यह आदेश कलेक्टर सह पर्यवेक्षी प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया है। इसी के साथ न्यू कोरबा हॉस्पिटल पर भी जुमार्ना लगाया गया है। हालांकि, पीड़ित परिजन और शिकायतकर्ता विभागीय जांच को महज च्खानापूर्तिज करार दे रहे हैं। परिजनों का कहना है कि केवल १५ दिनों के लिए लाइसेंस निलंबित करना अस्पताल की गंभीर लापरवाही के मुकाबले च्न्याय नहीं बल्कि औपचारिक कार्रवाईज है। परिजन ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब निरीक्षण दल ने अनियमितताओं को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है, तो सिर्फ जुमार्ना लगाना और अल्पकालीन निलंबन से क्या संदेश जाएगा? शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अस्पताल में लंबे समय से नियमों को ताक पर रखकर इलाज किया जा रहा था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ढिलाई और प्रभावशाली नेटवर्क के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि ऐसी संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आम जनता की जान से खिलवाड़ होता रहेगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सूरजपुर (छ०ग०)**

क्रमांक 398/वाचक/2025
सूरजपुर, दिनांक 27.06.2025

-::ईश्तहार::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अभिनव पाण्डेय आ. अशोक कुमार पाण्डेय उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम उकान्तविहार तहसील लखनउ जिला लखनउ (उ.प्र.) एवं सिवानी ओझा आ. रामकृष्ण ओझा निवासी नवापारा सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 15 के तहत् विवाह प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, आवेदन पत्र के साथ शपथ-पत्र, उम्र के सत्यापन हेतु अंकसूची की छायाप्रति एवं आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है। जिस पर न्यायालय द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक **16.07.2025** को दिन के 2:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर,
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता नगर पंचायत वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) को ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सविता पटेल पति रामबाबू पटेल जाति कुनबी निवासी ग्राम परसडीहा तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) द्वारा ग्राम वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर स्थित अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ख०नं० 1066/1 रकबा 0.01 हे० भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो दिनांक 16/07/2025 तक इस न्यायालय में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है, समय-सीमा के बाद के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.),
वाड्रफनगर,
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

-::ईश्तहार::-

रा०प्र०क्र० /अ-19/2024-25
ग्राम- अधौरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम अधौरा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मिताली जिंदल स्वर्गीय नीरज जिंदल शैक्षणिक मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा जिला बलरामपुर- रामानुजगंज के ग्राम अधौरा प०ह०नं०-20, राजस्व निरीक्षक मंडल भनौरा, तहसील बलरामपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) स्थित राजस्व विभाग की शासकीय भूमि क्रमशः खसरा नम्बर 81 रकबा 0.1000 हे०, खसरा नम्बर 82 रकबा 0.3900 हे० भूमि को कल्याणकारी गतिविधि अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने हेतु आबंटन की मांग की गई है ताकि उच्च शिक्षण संस्थान स्थापित कर आमजनों को लाभांवित किया जा सके।

उक्त शासकीय भूमि आबंटन हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा०) बलरामपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 11/07/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय-सीमा गुजर जाने के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी।

**तहसीलदार
बलरामपुर**

**न्यायालय तहसीलदार बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

-::ईश्तहार::-

रा०प्र०क्र० /अ-19/2024-25
ग्राम-दहेजवार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम दहेजवार को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला पुलिस विभाग बलरामपुर, तहसील बलरामुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के द्वारा ग्राम दहेजवार स्थित भूमि खसरा नम्बर 152 रकबा 2.19 में से 1.10 हे०, एवं खसरा नम्बर 154 रकबा 0.33 हे०, खसरा नम्बर 155 रकबा 0.46 हे० में से 0.30 हे०, खसरा नम्बर 456 रकबा 2.77 हे० व खसरा नम्बर 157 रकबा 1.31 हे० कुल शासकीय भूमि रकबा 5.81 हे० में पुलिस विभाग का काबिज कास्त होकर पुलिस विभाग अंतर्गत पुलिस लाईन परिसर, पुलिस आवासीय परिसर एवं प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित है।

उक्त भूमि भू-अभिलेख अनुसार वर्तमान में छ०ग० शासन के अधीन शासकीय भूमि है। उक्त शासकीय भूमि को पुलिस विभाग के नाम से आबंटित करने के संबंध में अनुविभागी अधिकारी (रा०) बलरामपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 11/07/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय-सीमा गुजर जाने के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी।

**तहसीलदार
बलरामपुर**

# कोनकोना गौठान में अवैध रेत डंपिंग का मामला - प्रशासन की जांच से पहले रेत माफियाओं ने हटाई रेती, एसडीएम बोले- दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**कोरबा अम्बिकावाणी** - जिले के कोनकोना गौठान में अवैध रेत डंपिंग को लेकर दैनिक अम्बिकावाणी में प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया है। पौड़ी उपरोड़ा एसडीएम तुलाराम भारद्वाज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को तत्काल मौके पर भेजा, लेकिन जांच टीम के पहुंचने से पहले ही माफियाओं ने पूरी रेती हटवा दी थी। सूत्रों के अनुसार, जेसीबी और ट्रेलरों की मदद से अवैध रेत को रातों-रात कहीं और खपा दिया गया। जांच के दौरान केवल खाली जमीन मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि माफियाओं को जांच की पूर्व जानकारी मिल गई थी। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। एसडीएम तुलाराम भारद्वाज ने कहा, प्रशासन अवैध रेत डंपिंग के


अम्बिकावाणी
कलेक्टर के सख्त निर्देशों की खुली उड़ रही धज्जियां, तान नदी से बेखौफ हो रहा अवैध रेत उत्खनन- प्रशासन बना मौनदर्शक

मामलों को लेकर पूरी तरह सजग है। संबंधित स्थान पर रेत नहीं मिलने के बावजूद जांच जारी है। वाहन स्वामियों और संलिप्त मशीनों की पहचान की जा रही है। दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कोनकोना गौठान में लंबे समय से रेत डंप किया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई केवल औपचारिक बनकर रह गई है। वहीं विभागीय सूत्रों का दावा है कि यदि प्रशासन जेसीबी मशीनों, ट्रेलरों और ट्रैक्टरों की आवाजाही की जांच करे, तो दोषियों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि जिले में कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद तान नदी सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध रेत खनन बेरोक-टोक जारी है। माफियाओं की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि वे खुलेआम कानून की अनदेखी कर शासन को करोड़ों का नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस बार केवल खानापूर्ति करता है या दोषियों पर ठोस और प्रभावशाली कार्रवाई करता है। जनता को सख्त कदम की प्रतीक्षा है।

### जिले में उर्वरक और बीज का भंडारण लक्ष्यानुसार सुनिश्चित

## 11,552 किसानों ने समितियों से उठाव कर किया खेती में उपयोग

कोरिया - कोरिया जिले की सहकारी समितियों में खरीफ सीजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शासन के लक्ष्यानुसार उर्वरक एवं बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, अब तक ११,५५२ किसानों ने समितियों से उर्वरक प्राप्त कर खेती में उपयोग किया है, वहीं बीज भंडारण भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिसका किसानों द्वारा निरंतर उठाव किया जा रहा है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष आज की तारीख तक उर्वरक भंडारण की मात्रा लगभग समान रही है।

* **डीएपी की विकल्प के रूप में सुझाव** - जिले में कृषि विभाग ने किसानों के लिए उपयोगी विकल्प सुझाए हैं, जिससे कृषि कार्य बाधित न हो। डीएपी के स्थान पर किसान अन्य उर्वरक संयोजन का उपयोग कर सकते हैं, एनपीके १२:३२:१६, डीएपी २०:२०:०:१३ या १.५ बोरी यूरिया + २ बोरी सुपर फॉस्फेट विशेषज्ञों के अनुसार, इन संयोजनों से फसलों को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं और उत्पादन प्रभावित नहीं होता।

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा धान फसल के लिए फसल अवधि के अनुसार नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश और अन्य पोषक तत्वों की संतुलित सिफारिशी मात्रा निर्धारित की गई है, जिसे किसानों को अपनाने की सलाह दी गई है। जल्दी पकने वाली देशी किस्मों के लिए लगभग २४ किग्रा नाइट्रोजन, मध्यम अवधि (१२६-१४० दिन) की किस्मों के लिए ४० किग्रा नाइट्रोजन, लंबी अवधि (१४१ दिन से अधिक) और संकर किस्मों के लिए इससे अधिक मात्रा सिफारिश की गई है। इन पोषक तत्वों को अलग- अलग खादों जैसे यूरिया, सुपर फॉस्फेट और एनपीके के माध्यम से संतुलित तरीके से देने की सलाह दी गई है।

* **किसानों से अपील** -उप संचालक कृषि श्री राजेश भारती ने किसानों से आग्रह किया है कि वे केवल शासन द्वारा पंजीकृत सहकारी समितियों से ही उर्वरक व बीज की खरीदी करें और संबंधित संस्था से पक्की रसीद अवश्य प्राप्त करें।

## डाटा साइंस और ए.आई. का अध्ययन, आज की आवश्यकता-: डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर के शिक्षाविभाग एवं कंप्यूटर विभाग द्वारा ॠशिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का समावेशॠ विषय पर दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस विप्र महाविद्यालय और शासकीय के. आर डी महाविद्यालय नवागढ़ बेमेतरा, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय रायपुर एवं वीतराग रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्त्वावधान में आज से प्रारंभ हुआ। उदघाटन समारोह मुख्य अतिथि डा. सच्चिदानंद शुक्ला (कुलपति ,पं. रविशंकर शुक्ल वि. वि. रायपुर की गरिमामय उपस्थिति एवं ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष विप्र शिक्षण समिति )की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रो.. गिरीशकांत पाण्डेय(शासकीय के. आर .डी .महाविद्यालय नवागढ़, बेमेतरा) एवं प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी (महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय रायपुर) भी उपस्थित रहे। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ .सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि डाटा साइंस और ए आई का अध्ययन भविष्य की आवश्यकता है। इसी बात को ध्यान में रखकर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में इस वर्ष से डाटा साइंस मे एम.एस.सी. प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है। ए आई आज का विषय नहीं है, सन 1845 में बूलीनय अलजेब्रा का आविष्कार के साथ इसका प्रारंभ हो गया था। आज बायो ट्रांजिस्टर पर सफलतापूर्वक शोध के बाद चिकित्सा के क्षेत्र में आने वाले वर्षों में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेगा। इसी प्रकार हर क्षेत्र में ए. आई. का दखल रहेगा और आने वाले 10 वर्ष में होने वाले बदलाव के लिए हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों को तैयार रहना चाहिए। इसलिए इस प्रकार के विषय पर सेमिनार और शोध महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर ज्ञानेश शर्मा, डॉ. गिरीश कांत पांडे एवं डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सेमिनार की उपयोगिता को वर्तमान समय के लिए आवश्यक और महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर सत्र 2024 -25 में दानदाताओं और शहीदों की स्मृति में प्रावीणय सम्मान समारोह के अंतर्गत प्रावीणनता के आधार पर चयनित विद्यार्थियों का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। डॉ. बालकृष्ण शर्मा सर्वश्रेष्ठ छात्रा सम्मान एम.पी. एड. के मनोज प्रधान को प्रदान किया गया। मनोज प्रधान ने विश्वविद्यालय मेरिट में पांचवा स्थान प्राप्त किया। शहीद राजीव पांडे सम्मान बी.एड. के प्रवीण साहू को मेरिट में आठवा स्थान आने पर प्रदान किया गया। शहीद भास्कर दीवान सम्मान वाणिज्य संकाय के विदिशा चौरसिया को प्रदान किया गया ।अभिषेक तिवारी खिलाड़ी सम्मान ऑल इंडिया लेवल पर सॉफ्टबॉल में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले नीलम नंदेश्वर को प्रदान किया गया।

## उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आवेदन 04 जुलाई तक आमंत्रित

**कोरबा अम्बिकावाणी** - छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश -२०१६ के खण्ड-९ में उपबंधित निर्बन्धनों एवं शर्तों के अधीन एवं रिक्तता के आधार पर विकासखण्ड पाली क्षेत्रांतर्गत, ग्राम पंचायत - जेमरा, सेन्द्रीपाली, परसदा, अण्डीकछार, कोरबी, बारीउमराव, मुंगाडीह एवं कर्रानवापारा की शासकीय उचित मूल्य दुकानों को नवीन संचालक संस्था को आबंटित किए जाने हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०), पाली, जिला कोरबा स्तर से ईश्तहार प्रकाशित किया गया है, जिस हेतु राज्य शासन द्वारा अधिकृत एजेंसियों- वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्प्स), ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियॉ, अन्य सहकारी समितियॉ, जो छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनिम -१९६० अथवा छत्तीसगढ़ स्वायत्त सहकारिता अधिनियम -१९९९ के तहत पंजीकृत हो, के माध्यम से आवेदन आमंत्रित कराया गया है। उक्त कार्यक्षेत्र हेतु पंजीकृत व शासन द्वारा अधिकृत ईच्छुक संस्थाओं के द्वारा कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी, पाली, जिला कोरबा समक्ष ०४ जुलाई २०२५ तक कार्यालयीन समयावधि में जारी ईश्तहार १८ जून २०२५ में उल्लेखित अनुसार आवेदन सह दस्तावेज प्रस्तुत किया जा सकता है। ०४ जुलाई २०२५ के पश्चात प्रस्तुत आवेदनों पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली से संपर्क किया जा सकता है।

## प्रदेश में अवैध अप्रवासियों की सूचना के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर हुआ जारी

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की आंतरिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो सप्ताह के सभी दिनों में 24 घंटे सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य के किसी भी कोने से नागरिक अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों की सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा, जिससे कोई भी नागरिक बिना किसी डर या संकोच के राष्ट्रहित में प्रशासन के साथ सहयोग कर सके। किसी नागरिक को अपने आसपास किसी संदिग्ध या अवैध अप्रवासी की मौजूदगी की आशंका हो, तो वह अब इस टोल फ्री नंबर पर निःशुल्क कॉल करके पुलिस को सूचना दे सकता है। यह पहल केवल सूचना देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता को सशक्त करने की दिशा में एक जनभागीदारी आधारित प्रयास है। अक्सर अवैध अप्रवासी पहचान के अभाव में आपराधिक या असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं, जिससे स्थानीय शांति व्यवस्था बाधित होती है। ऐसे में जागरूक नागरिकों की भागीदारी पुलिस प्रशासन के लिए निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

## बदहाल पुलिसिंग आईजी के निरीक्षण में बिश्रामपुर टीआई नपे, किया लाइन अटैच

**बिश्रामपुर** - कोयलांचल बिश्रामपुर में एक के बाद एक हो रही चोरी नकबजनी,उठागीगिरी की घटनाओं और नगर की बिगड़ी कानून व्यवस्था की घटनाओं को देख आईजी सरगुजा ने बिश्रामपुर टी आई अलरिक लकड़ा को लाइन अटैच कर दिया है ।बता दें कि आईजी सरगुजा दीपक कुमार झा गुरुवार को सूरजपुर जिला के निरीक्षण में थे ।उन्होंने सबसे पहले बिश्रामपुर थाने का निरीक्षण किया।

बताया जाता है कि आईजी के निरीक्षण में बिश्रामपुर थाने में सुस्त पुलिसिंग लंबित प्रकरणों के समय सीमा में निकाल में कोताही, रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं होने माल खाना सहित पूरा थाना अस्त व्यस्त पाए जाने के बाद आईजी ने थाना प्रभारी को जमकर फटकार लगाई साथ ही विवेचकों का भी खूब क्लास लिया था ।यहां आईजी नशा मुक्ति कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे बाद में आईजी जिला मुख्यालय का निरीक्षण किया ।बताया जाता है कि आईजी का निरीक्षण पहले से ही तय था बाबजूद प्रभारी द्वारा निरीक्षण के पूर्व तैयारियों में बरती गई लापरवाही पर आईजी खासे नाराज दिखे उनके रुख से तय हो गया था कि थाना प्रभारी पर गाज गिरेगी और आज दूसरे दिन थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया है।

## खाद बीज की अनुपलब्धता को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**भैयाथान**। ब्लॉक मुख्यालय में युवा कांग्रेस के द्वारा खाद बीज की अनुपलब्धता को लेकर किसानों को होने वाली समस्या को देखते हुए युवा कांग्रेस नेता शांतनु सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की गई ।साथ ही एसडीएम सागर सिंह के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा खेती के समय सहकारी समितियों में किसानों के लिए खाद बीज की



पर्याप्त भंडारण नही किया गया है ।यही कारण है कि आज किसान खेती के समय व्यापारियों के दुकान झांक रहे हैं। जबकि भाजपा की सरकार अपने आप को किसान हितैसी बताती है। जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह व जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने चर्चा के दौरान सरकार पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि समितियों में खाद नही है जबकि दुकानों में खाद पर्याप्त मात्रा में भंडारण कर ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है। अगर सरकार की मंशा किसानों के प्रति साफ होती तो यह खाद समितियों में भंडारित होते। उन्होंने समितियों में अति शीघ्र खाद का भंडारण कराने की मांग की है अन्यथा आने वाले समय में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य अखिलेश सिंह, नरेंद्र यादव, नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, मुकेश अग्रवाल, राजू गुप्ता, आशीष सिंह, विनय पावले, नीरज सिंह, प्रभाकर सिंह, रजमोहन राजवाड़े सहित कांग्रेस व युवा कांग्रेस के नेता काफी संख्या में उपस्थित थे।

## श्री बालाजी विद्या मंदिर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

**रायपुर**। श्री बालाजी विद्या मंदिर में आज शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन नन्हें बच्चों के शैक्षणिक जीवन के नए अध्याय की शुरूआत का प्रतीक रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधानसभा के माननीय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा जी रहे। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक कर, पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया एवं सभी बच्चों को छाते वितरित किए। साथ ही उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुई। तत्पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा सभी बच्चों का पुष्पगुच्छ एवं मिठाइयों से अभिनंदन किया गया। साथ ही विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कक्षाओं, पुस्तकालय, शौचालय, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधारों हेतु सुझाव भी दिए।

## एनएमडीसी ने छत्तीसगढ़ में आदिवासी युवाओं के लिए पूर्ण प्रायोजित शिक्षा कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए प्रविष्टि

**रायपुर**। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल 'बालिका शिक्षा योजना' के लिए आवेदन आमंत्रित करके और अपोलो विश्वविद्यालय, चित्तूर के साथ साझेदारी में एक परिवर्तनकारी 'चिकित्सा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम' का शुभारंभ करके समावेशी विकास और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। इसका उद्देश्य आदिवासी युवाओं के लिए अवसरों की कमी को पूरा करना है। बालिका शिक्षा योजना - आदिवासी बालिकाओं (एसटी) के लिए इस प्रमुख पहल के तहत, एनएमडीसी बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोंडागांव, बीजापुर और नारायणपुर की युवा आदिवासी बालिकाओं को अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग, यशोदा स्कूल ऑफ नर्सिंग और केआईएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में बीएससी (नर्सिंग 4 वर्ष) और जीएनएम (3 वर्ष) पाठ्यक्रम करने के लिए 100त्न निःशुल्क नर्सिंग शिक्षा प्रदान कर रहा है। पाठ्यक्रम में कुल 200 सीटें हैं, जिनमें बीएससी नर्सिंग के लिए 110 सीटें और जीएनएम (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) के लिए 90 सीटें शामिल हैं । कार्यक्रम में ट्यूशन, छात्रावास और शैक्षणिक लागत सहित सभी शैक्षिक व्यय को प्रति छात्र 12 से 15 लाख के निवेश के साथ कवर किया जाएगा। आवेदक के परिवार की आय प्रति वर्ष 72,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन विंडो 28 जून 2025 को बंद हो जाएगी।

**चिकित्सा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम** - वंचित बालक और बालिकाओं के लिए एनएमडीसी दंतेवाड़ा और बस्तर जिलों के पात्र अनुसूचित जनजाति (एसटी) छात्रों के लिए अपोलो विश्वविद्यालय, चित्तूर के साथ साझेदारी में, पूर्णतः प्रायोजित संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल शिक्षा प्रदान कर रहा है। प्रति छात्र लगभग 12 से 15 लाख के निवेश के साथ पूरी तरह से प्रायोजित इस पहल का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को आजीविका के लिए पेशेवर कौशल से युक्त करना है। कार्यक्रम आकांक्षा छात्रों के लिए 90 सीटें प्रदान करेगा (60 प्रतिशत बालिकाओं के लिए और 40त्न बालकों के लिए आरक्षित)।

कोई भी कार्य करने से पूर्व एक क्षण रूकें, उसके परिणाम के बारे में सोचें, फिर प्रारम्भ करें।

0 ब्रम्हकुमारी

संपादकीय

## 27 सालों की दूरी खत्म

दक्षिण अफ्रीका आखिरकार, अपनी आईसीसी ट्रॉफियों से 27 सालों से चली आ रही दूरी को खत्म करने में सफल हो गया। यह दूरी उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत कर खत्म की है। इस सफलता के साथ ही उनके ऊपर लगा चोकर्स का टेग भी हट गया है।

*दक्षिण अफ्रीका ने 1998 में एकमात्र आईसीसी ट्रॉफी के रूप में नॉकआउट ट्रॉफी जीती थी और बाद में इसी ट्रॉफी को चैंपियंस ट्रॉफी का नाम दे दिया गया था। इसके बाद तमाम मौकों पर वह चैंपियन बनने की तरफ बढ़ता दिखा पर महत्त्वपूर्ण मौकों पर लडखड़ाहट की वजह से उसके साथ चोकर्स का टेग चस्पां हो गया था जो इस सफलता के बाद हट गया है। क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लंदन के लार्डस मैदान पर खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने उतार-चढ़ाव वाले फाइनल में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका की जीत के हीरो एडन मार्करम और कप्तान टेम्बा बवूमा रहे। मार्करम ने किसी भी गेंदबाज को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और अपनी शतकीय पारी से जीत की इबारत लिख दी। कप्तान बवूमा ने अच्छी कप्तानी तो की ही साथ ही हैमस्ट्रिंग का शिकार बनने के बाद भी विकेट पर डटे रहकर मार्करम का भरपूर साथ दिया। दोनों के बीच 147 रन की साझेदारी जीत का आधार बनी। यह सफलता दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट को आगे ले जाने में बहुत मददगार साबित होगी। दक्षिण अफ्रीका ने जब 2023-24 में न्यूजीलैंड का टेस्ट दौरा किया था, तो दौरे में सभी सीनियर खिलाड़ियों को टीम में शामिल नहीं कर पाया था। लेकिन इस सीरीज के बाद दक्षिण अफ्रीका ने कम अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताना शुरू किया और इसके बाद टीम ने लगातार आठ टेस्ट जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहली बार खेलने की राह बनाई और वह पहले ही प्रयास में विजेता बन गया। तीन बार इस चैंपियनशिप का अब तक आयोजन हुआ है, और हर बार नई टीम चैंपियन बनी है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया चैंपियन बन चुकी हैं। भारतीय टीम दो बार फाइनल तक चुनौती पेश करके भी विजेता नहीं बन सकी है। भारतीय टीम इसी माह इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज की शुरूआत करके 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरूआत करने जा रही है। इसमें प्रदर्शन से ही इस बार भारत की चुनौती में कितना दम है, पता चल सकेगा।*

# देश में सूचना क्रांति की महत्व बढ़ा

विनीत नारायण

***एक बार लॉस एंजेलिस में उद्योगपतियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते समय मैंने श्रम आधारित तकनीकी के समर्थन और औद्योगिकरण के विरोध में काफी जोर से भाषण दिया। तब वहां मौजूद एक धनाढय. उद्योगपति गणपत पटेल ने मुझे एक पुस्तक भेंट की जिसमें बताया गया था कि 1920 में अमेरिका में जिन क्षेत्रों में रोजगार काफी मात्रा में उपलब्ध था, वे क्षेत्र 1960 के दशक में गायब हो गए।***

पर इससे बेरोजगारी नहीं बढ़ी क्योंकि अनेक नये रोजगार क्षेत्र विकसित हो गए। उदाहरण के तौर पर 1920 के दशक में हाथ की मशीन पर टाइप करने वालों की भारी मांग थी पर कंप्यूटर आने के बाद यह मांग समाप्त हो गई। 1920 में हवाई जहाज के पायलटों की कोई मांग नहीं थी। पर बाद में हजारों पायलटों की मांग पैदा हो गई।

पटेल ने मुझसे जोर देकर कहा कि तकनीकी आने से बेरोजगारी नहीं बढ़ती। ऐसा ही अनुभव आज देश में सूचना क्रांति को देख कर हो रहा है। सूचना क्रांति ने हर क्षेत्र को बहुत व्यापक रूप में प्रभावित किया है। कुछ वर्ष पहले तक व्यापारी के बही-खातों में आमदनी-खर्च का जो हिसाब रखा जाता था वो इतना माकूल होता था कि उसमें एक पैसे की भी गलती नहीं होती थी। सदियों से भारत में यही प्रथा चल रही थी पर कंप्यूटर क्रांति ने सब बदल कर रख दिया। अब व्यापार के आंकड़े केवल आमदनी खर्च तक सीमित नहीं है। अब तो व्यापारी यह जानना चाहता है कि उसका कौन सा उत्पादन किस इलाके में ज्यादा बिक रहा है। उसके ग्राहक किस वर्ग के हैं।

साल के किस महीने में उसकी बिक्री बढ़ जाती है। कौन सी राजनैतिक या सामाजिक घटनाओं के बाद किस वस्तु की मांग अचानक बढ़ जाती है। जैसे-जैसे यह जानकारी उत्पादक या वितरक कंपनी के पास आती-जाती है, वैसे-वैसे उसका नजरिया और नीति बदलने लगती है। जबकि बही-खाते में केवल आमदनी-खर्च या लाभ-घाटे का हिसाब रखा जाता था। सांप्रदायिक दंगों का अंदेशा हो तो अचानक शहर में डबल रोटी, दूध, चाय, कॉफी के पैकेट, दाल-चावल, चीनी, मोमबत्ती, टॉर्च, शस्त्रों की मांग बढ़ जाती है। जाहिर है कि इन वस्तुओं के निमार्ताओं को देश की नाड़ी पर इस नजरिए से निगाह रखनी पड़ती है। जिस इलाके में सांप्रदायिक तनाव बढ़े वहां इन वस्तुओं की आपूर्ति तेजी से बढ़ा दी जाए। इसी तरह बरसात से पहले छाते और बरसाती की मांग, गर्मी से पहले कूलर और एसी की मांग, जाड़े से पहले हीटर और गीजर की मांग बढ़ जाना सामान्य सी बात है। पर एसी बीस हजार रु पये वाला बिकेगा या पचास हजार रु पये वाला, यह जानने के लिए उसे ग्राहकों का मनोविज्ञान और उनकी हैसियत जानना जरूरी है। अगर निम्न वर्गीय रिहायशी क्षेत्र में लिप्टन की ग्रीन लेबल चाय के डिब्बे दुकानों पर सजा दिए जाएं तो शायद एक डिब्बा भी न बिके पर रेड लेबल चाय धड़ल्ले से बिकती है। धनी बस्ती में पांच रु पये वाला ग्लूकोज बिस्कुट का पैकेट खरीदने कोई नहीं आएगा पर पांच सौ रु पये किलो की कूकीज के पैकेट धड़ल्ले से बिकते हैं।

इसलिए इन कंपनियों को हर पल बाजार और ग्राहक के मूड पर निगाह रखनी होती है। इससे ये कंपनियां कई अहम फैसले ले पाती हैं। मसलन, उत्पादन कब, कैसा और कितना किया जाए। वितरण कहां, कब और कितना किया जाए। विज्ञापन का स्वरूप कैसा हो। उसमें किस वर्ग का प्रतिनिधित्व किया जाए और क्या कहा जाए जो ग्राहक का ध्यान आकर्षित कर सके। इसी सूचना संकलन का असर था कि 10 वर्ष पहले सभी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने विज्ञापन अंग्रेजी की बजाय क्षेत्रीय भाषाओं में देने शुरू कर दिए। वरना हमारे बचपन में तो लक्स साबुन का विज्ञापन हिन्दी के अखबार में भी अंग्रेजी भाषा में आता था। जब सूचना का इतना महत्त्व बढ़ गया है तो जाहिर है कि इस सूचना को एकत्र करने वाले, प्रोसेस करने वाले और उसका विश्लेषण करने वाले सभी की मांग बजार में बेहद बढ़ गई है। यहां तक कि केवल इसी किस्म की सेवाएं देने वाली कंपनियों की बाढ़ आ गई है। जैसे पहले शेयर मार्केट को चलाने वाले बड़े-बड़े दलाल और बड़ी कंपनियां होती थीं पर आज इंटरनेट की मदद से देश के हर कस्बे और शहर में शेयर मार्केट में खेलने वाली हजारों कंपनियां खड़ी हो गई हैं।

अर्थव्यवस्था ही नहीं, कानून की स्थिति को बनाए रखने के लिए भी इस सूचना क्रांति ने भारी मदद की है। आज अपराधियों या आतंकवादियों के बारे में सूचना का भंडार पुलिस विभाग के पास उपलब्ध है, और आवश्यकता पडने. पर मिनटों में देश में इधर से उधर भेज दिया जाता है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी इस सूचना क्रांति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के सैकड़ों दरवाजे खोल दिए हैं। आज देश के लगभग सभी शहरों, गांवों और कस्बों में इंटरनेट की मदद से बच्चों के पास दुनिया भर की जानकारी बड़ी आसानी से पहुंच रही है।

जब 1985 में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कंप्यूटराइजेशन की बात की थी तो विपक्षी दलों और उनसे जुड़े पत्रकारों ने श्री गांधी का खूब मखौल बनाया था। उन पर कार्टून बनाए गए थे जिनमें दिखाया गया कि भूखे लोगों को राजीव गांधी कंप्यूटर सिखा रहे हैं। उस वक्त हमला करने वाले सभी राजनैतिक दल आज सबसे ज्यादा कंप्यूटर का प्रयोग कर रहे हैं। यह अनुभव यही बताता है कि हम राजनीति में हों या मीडिया में, तथ्यों का विवेकपूर्ण मूल्यांकन करें तो देश का लाभ होगा। विरोध के लिए विरोध करना सनसनीखेज तो हो सकता है पर इससे जनहित नहीं सधता। क्या यह बात हमारे देश के सभी सांसद सोचेंगे?

# बेहतर स्थिति में भारतीय अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

***खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दर जनवरी महीने में कम होकर 4.31 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो पिछले 5 महीनों में सबसे कम है। यह दिसम्बर महीने में 5.22 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि जनवरी 2024 में यह 5.1 प्रतिशत के स्तर पर थी। इससे पहले नवम्बर महीने में महंगाई दर 5.48 प्रतिशत के स्तर पर थी।***

महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इनकी महंगाई महीने दर महीने आधार पर जनवरी महीने में घटकर 6.02 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। दिसम्बर महीने में यह 9.04 प्रतिशत से घटकर यह 8.39 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी, जो जनवरी 2024 में 8.30 प्रतिशत के स्तर पर थी। वहीं, ग्रामीण महंगाई दिसम्बर महीने में 5.95 प्रतिशत से घटकर 5.76 प्रतिशत और शहरी महंगाई 4.89 प्रतिशत से घटकर 4.58 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। मौजूदा गिरावट की सबसे बड़ी वजह सब्जियों की कीमतों में भारी कमी का आना है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य और पेय पदाथरे की महंगाई जनवरी महीने में 5.68 प्रतिशत के स्तर पर रही, जबकि दिसम्बर महीने में यह 7.7 प्रतिशत के स्तर पर थी। खास तौर पर सब्जियों की कीमतें 25.6 प्रतिशत से कम होकर 11.35 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जिससे आमजन को भारी राहत मिली है। इसी क्रम में अनाज की महंगाई जनवरी महीने में 6.24 प्रतिशत के स्तर पर रही, जो दिसम्बर महीने में 6.5 प्रतिशत के स्तर पर रही थी। मांस और मछली की महंगाई जनवरी महीने में 5.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो दिसम्बर महीने में 5.3 प्रतिशत के स्तर पर थी।

गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने दिसम्बर महीने में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महंगाई के अनुमान को 4.8 प्रतिशत कर दिया था, जबकि इसके पहले केंद्रीय बैंक ने इसे 4.5 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान जताया था। वहीं, वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में महंगाई के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढने. पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम हो जाती है।

फिर, उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि महंगाई को कम करने से ही विकास की रफ्तार तेज हो सकती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षो से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढने. का अनुमान जताया है। वैसे, भारत की जीडीपी वृद्धि दर के कम होने के बावजूद दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका से भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है और आगामी वर्षो में भी इसके मजबूत बने रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका में विकास दर के 2.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इधर, खनन और विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के कारण दिसम्बर 2024 में भारत औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) वृद्धि दर कम होकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। साथ ही, सरकार ने नवम्बर 2024 के आईआईपी आंकड़ों 5.2 प्रतिशत से संशोधित करके 5.00 प्रतिशत कर दिया है। खनन व विनिर्माण क्षेत्र की धीमी रफ्तार और विगत दो तिमाहियों में जीडीपी की धीमी गति को देखते हुए, सरकार विकास की गति को बढ़ाना चाहती है। इसलिए, बजट में भी निवेश, बचत और खपत को बढ़ाने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इनमें तेजी लाकर ही आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाकर विकास को गति दी जा सकती है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को की गई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह 6.50 प्रतिशत से घटकर 6.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गया। गौरतलब है कि करीब 5 सालों के बाद रेपो दर में कटौती की गई है। मुख्य तौर पर महंगाई के कारण केंद्रीय बैंक अभी तक रेपो दर में कटौती करने से परहेज कर रहा था। पिछले दो सालों में 14 प्रतिशत से 16 प्रतिशत के बीच की ऋण वृद्धि रहने के बाद समग्र क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धीमी हो रही है और दिसम्बर 2024 में यह घटकर 11.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है। इसका एक बड़ा कारण उधारी दर का महंगा होना है। दरअसल, बैंकों के पास सस्ती पूंजी नहीं है। इसलिए वे महंगी दर पर ऋण देने के लिए मजबूर हैं और महंगी दर पर ऋण उपलब्ध होने के कारण आमजन और कारोबारी ऋण लेने से बच रहे हैं। इस वजह से, कंपनियों के पास पूंजी की कमी है, जिसके कारण वे पूरी क्षमता के साथ उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने से बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिलेगी और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे और जब सस्ती दर पर उधार मिलेगा तो आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आएगी और खपत बढ़ेगी साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। बजट में सरकार ने साफ तौर पर बता दिया है कि उसका मकसद विकास को गति देना है। दो तिमाहियों में जीडीपी वृद्धि दर के कम होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है साथ ही साथ भारत का विकास दर विकसित देशों से भी अधिक है।

## ईरान-इस्रायल युद्ध/अंतर्कथा

21 जून को रात देर गये अमेरिका के बी-2 बमवर्षकों ने ईरान के तीन आण्विक ठिकानों को निशाना बनाया। फोर्दो, नतांज और इस्फहान के अलावा अरक के निमार्णाधीन रियेक्टर पर भी धावा बोला गया, लेकिन 'आपरेशन मिडनाइट हैमरइ के अंतर्गत बुशहर स्थित आण्विक ठिकाने को बख्श दिया गया। यह सोचना खामखयाली है कि इसे सदाशयतावश छोड़ा गया। वास्तविकतता यह है कि दुष्परिणामों के आकलन ने इसे नेस्तनाबूद होने से बचा लिया। अमेरिकी धावे से इसके बचे रहने का एक बड़ा कारण रूस की चेतावनी को माना जा रहा है। रूस ने आगाह किया था कि यदि बुशहर के ठिकाने पर हमला होता है, तो बड़े पैमाने पर रेडियोधर्मिता फैल सकती है, जिसका दुष्प्रभाव मध्य पूर्व के अनेक राष्ट्रों को झेलना पड़ेगा।

रूस ने जब यह चेतावनी दी, तब हिरोशिमा और नागासाकी के हिबाकुशाओं का दर्द भले ही स्मृति में नहीं रहा हो, लेकिन उसके जेहन में सन 1986 में उक्राइना में चेर्नोबिल में परमाणु संयत्र में विस्फोट और विभीषिका की याद ताजा थी। फारस की खाड़ी के मुहाने पर स्थित बुशहर का परमाणु-संयंत्र ईरान का सक्रियतम रियेक्टर है। पत्तन-नगर के इस ठिकाने पर प्रहार का अर्थ था बड़े स्तर पर रेडियोधर्मिता का प्रसार। यह खतरा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कहर बरपा सकता था। पानी में घुलकर यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड पानी को विषाक्त कर देता, जबकि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, बहरीन, ओमन और कतर के करोड़ों लोग शुद्धिकरण के पश्चात पीने के पानी के लिये इन्हीं स्रोतों पर अवलंबित हैं। ये देश प्रायः अमेरिका के मित्र राष्ट्र हैं और वहां उसके सैनिक अड्डे भी स्थित हैं। खाड़ी के पानी में जहर घुलने का सीधा अर्थ था मध्य पूर्व में त्राहि-त्राहि। बहरीन जहां शुद्धकृत जल पर शत-प्रतिशत निर्भर है, वहीं सऊदी अरब 50 प्रतिशत। कतर जहां मुख्यतः निर्भर है, वहीं कुवैत और कतर समेत कुछ राष्ट्रों के पास जल को शुद्ध करने की कोई सुविधा नहीं है। जाहिर है कि बुशहर पर बम वर्षा से उपजी रेडियोधर्मिता से मध्यपूर्व में रेडियोदग्ध हिबाकुशाओं का समूह तो पनपता ही, एक बड़ी आबादी के सम्मुख पीने के पानी का ऐसा अभूतपूर्व संकट उठ खड़ा होता, जिसका सामना करना संभव नहीं होता। इस भयावह त्रासदी की आशंका बुशहर स्थित परमाणु ठिाकने का कवच सिद्ध हुई और उसे जीवनदान मिल गया।

23 जून, सोमवार को ईरान के विदेश मंत्री अरागाची सर्वोच्च शासक खामेनेई के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के नाम खत के साथ क्रेमलिन में थे। ईरान की दिक्कत यह रही कि अमेरिका खुलकर इस्रायल के पक्ष में आ गया और ईरान को घुटने टेकने पर मजबूर करता रहा। यह कहना कठिन है कि रूस शरणागत ईरान का किस हद तक साथ देता, लेकिन घटनाक्रम दशार्ता है कि वह खम ठोंककर ईरान के पक्ष में आने से कतराता रहा।

रूस के इस असमंजस का जवाब पूतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग में इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम में बोलते हुये बखूबी दिया।

0 डॉ. सुधीर सक्सेना

## अम्बिकावाणी-वर्गपहेली 1363

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | | ■ |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | 12 |
| | ■ | 13 | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ |
| 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1877 को पैदा हुए थे ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री (7)
7. जलपक्षी, जलाशयों के समीप रहने वाले पक्षी (4)
8. निशान, चिन्ह, परीक्षा में प्राप्त अंक (2)
9. निर्णीत, ठहराया या निश्चित किया हुआ (2)
10. र वर्ण बोधक अक्षर (3)
14. एक प्रकार का सत जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधर्वों ने दुहा था (2)
15. परिचर्या, खिदमत, सेवा-सुश्रुषा (3)
17. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, गायन (2)
18. यह क्षेत्र कोयल खनन के लिए प्रसिद्ध है (4)
20. तमाशा देखने वाला व्यक्ति (4)
22. डाला जाना, छोड़ा जाना (3)
24. जो रिश्तें में पति की बहन हो (3)
25. अशुचि, पवित्र, पुनीत (2)

**ऊपर से नीचे**

1. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
2. घुलना, विलय होना, समा जाना (3)
3. समुद्र में उत्पन्न एक जंतु का खोल, समुद्री घों जिसे हिंदू धर्म के लोग पवित्र मानते है (2)
4. किनारे पर, समीप, मेड, कारनिस (3)
5. संख्या, हिसाब, लेखा, गिनती (3)
6. लिपिक, हिसाब-किताब एवं पत्राचार करने वाला कर्मचारी, बाबू (2)
11. जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध प्रबंध काव्य (4)
12. तपस्या, तप, पुरानी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री (3)
13. एक प्राचीन शस्त्र, कंटका, विकट पीड़ा (2)
14. प्रकाश झा निर्देशित बनी अजय देवगन द्वारा अभिनीत एक प्रसिद्ध सफल फिल्म (4)
16. पवनपुत्र, केसरी नंदन (4)
18. यह बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य है, एक प्रकार की छोटी सरसों (2)
19. नेपाल और बिहार में बहने वाली एक नदी (3)
20. शरीर, देह, काया (2)
21. हर्षित, खुशी, प्रसन्न (2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)

**वर्ग पहेली 1362 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | लं | का | ■ | स | र | ह | द |
| म | ■ | नू | ■ | गा | इ | ड | ■ |
| ती | ज | न | बा | ई | ■ | स | पा |
| ■ | ल | ब | ■ | ■ | मा | न | व |
| गो | द | ना | ■ | स | ही | ■ | र |
| दा | ■ | ना | दा | न | ■ | म | हा |
| व | ■ | ■ | गी | ■ | भा | ■ | उ |
| री | ड | र | ■ | दे | व | दा | स |

## जनता को करारा झटका



दुनिया भर में शेयर बाजार के जबरदस्त तरीके से लुढ़कने के सदमे के दरम्यान ही सरकार ने जनता को घरेलू गैस सिलेंडर में पचास रुपये का इजाफा कर करारा झटका दिया।

उपभोक्ताओं को इस वृद्धि के बाद प्रति सिलेंडर 853 या 879 रुपये देने होंगे जो अब तक क्रमशः दिल्ली में 803 रुपये या कोलकाता में 829 रुपये में मिल रहा था। उज्जवला योजना के तहत मिलने वाला 14.2 किग्रा. का सिलेंडर अब 553 रुपये में उपलब्ध होगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के अनुसार, आगे इस मूल्य वृद्धि की समीक्षा की जाएगी। अमेरिका-चीन के बीच छिड़े व्यापार युद्ध के चलते अप्रैल, 2021 के बाद कच्चे तेल की कीमतें सबसे निचले स्तर पर हैं।


दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद शेयर बाजार धड़ाम से गिरा है। निवेशकों में चीन समेत अन्य कई देशों के अमेरिका पर उल्टा नये टैरिफ की घोषणा से टैरिफ वॉर के गंभीर रूप लेने का डर बैठ गया है। इसका सीधा असर भारतीय बाजार पर भी दिखा है, जहां भय और अनिश्चितता के चलते बिकवाली की गहरी मार पड़ी। निवेशकों की घबराहट के बावजूद बाजार के गिरने का सिलसिला मंगलवार को थोड़ा थमता नजर आया।

मगर अंतरराष्ट्रीय बाजार के असर से घरेलू शेयर मार्केट का बचना नामुमकिन है। आर्थिक विशेषज्ञ इस ट्रेड वॉर को आर्थिक मंदी की आहट भी मान रहे हैं। बेरोजगारी और महंगाई की मार केवल भारतीय जनता ही नहीं झेल रही है,

आम अमेरिकी भी खासा परेशान है।

## राशिफल

ग्रह स्थिति- सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



**चौघड़िया**

09:03 से 10:43 तक-चंचल
10:43 से 12:23 तक- लाभ
12:23 से 14.04 तक- अमृत
20:24 से 21.44 तक- लाभ

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, खर्च की अधिकता रहेगी। आज आप भौतिक सामानों की ख?ीद-फरोख्त कर सकते है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा, आज आपके बच्चे अच्छे से पढ़ाई करेंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। जो लोग आज किसी नए काम की शुरूआत करना चाहते है, आज उनके लिए दिन शुभ है। व्यापार में लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी, पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा पर जा सकते हैं,

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होगा। अगर आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं तो आज अच्छा दिन है। वैवाहिक जीवन में कुछ नयी जिम्मेदारियों का आज आप अहसास करेंगे। बच्चों को लेकर ज्यादा सवेंदनशील होने की जरुरत नहीं है, आज वो अपना काम अच्छे से करेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। जिस काम के लिए आप काफी समय से परेशान चल रहे थे, आज वो काम पूरा हो जायेगा।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहने वाला है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगो को आज किसी बड़ी फिल्म का ऑफर मिल सकता है। जिससे अनुभवी व्यक्तियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन में सुधार होगा,

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स का बिजनेस करने वालों को आज अच्छा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, घर-परिवार में सबसे रिश्ते मधुर होंगे। आज आपको जीवनसाथी से अच्छी खबर मिल सकती है।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आप लाभ की स्तिथि में रहेंगे। जो लोग किसी स्टार्टअप को शुरू करना चाहते है, आज उनके पास बेहतरीन ऑफर मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी, बच्चों से खुशियां मिलेगी।


वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है, उनको आज बढ़िया डील मिलेगी। दोस्तों के साथ आज आप अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, उनको किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। मीडिया जगत से जुड़े हुए लोग आज किसी बड़ी खबर पर काम करेंगे,

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढि?ा धन लाभ होगा, जिससे आपको बिजनेस में ग्रोथ मिलेगी। जीवनसाथी से रिश्ते मधुर होंगे। आज आप परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। डिजिटल दुनिया से जुड़े लोगो को आज एक नयी दिशा मिलेगी, जिससे आप समाज के लिए कुछ बेहतर काम करेंगे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने वालों को आज दोगना लाभ होगा। आज आप पैसों के लेन -देंन से बचकर रहे, किसी अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करे।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी, जीवनसाथी के साथ आज आप डिनर पर जायेंगे। मेडिकल के स्टूडेंट को आज अनुभवी डॉक्टरों से मिलने का अवसर मिलेगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपके लाभ की स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर अत्यधिक खर्च कर सकते है जमीन-जायदाद के मामले में आज आपको कोर्ट-कचहरी से बड़ी राहत मिलने वाली है।



# दिमाग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है क्लाइमेट में बदलाव

हमारे क्लाइमेट में तेजी से बदलाव आ रहा है और ये दिमाग के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। कुछ शोध बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण इंसानों के दिमाग का साइज करीब 10 प्रतिशत तक सिकुड़ गया है। हमारे रोजमर्रा के 3 काम भी दिमाग को ठप कर सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, अनहेल्दी डाइट, अत्यधिक मीठा और एक्सरसाइज न करने पर दिमाग की ताकत कम होती रहती है। इसका सबसे पहला लक्षण याददाश्त कमजोर होना है। आप इस समस्या को 6 जड़ी-बूटियों से ठीक कर सकते हैं। आइए ब्रेन के लिए लाभदायक इन हर्बल टॉनिक के बारे में जानते हैं।

## करक्यूमिन

दिमाग तेज करने के लिए हल्दी जरूर खाएं। इसमें करक्यूमिन होता है। यह कंपाउंड अल्जाइमर की बीमारी को रोकता है और याददाश्त मजबूत करने में मदद करता है। आप इसे खाने के अंदर या हर्बल चाय बनाकर ले सकते हैं।

## ब्राह्मी

ब्राह्मी एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जिसे कई सारे ब्रेन टॉनिक बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह आपकी याददाश्त बढ़ाने के साथ मानसिक समस्याओं को दूर रखने में मदद करती है। बच्चों का दिमाग शार्प करने के लिए भी इसका सेवन करवाया जा सकता है।

## शंखपुष्पी और अश्वगंधा


न्यूट्रिशनिस्ट अंजलि मुखर्जी ने ब्रेन हेल्थ के लिए शंखपुष्पी और अश्वगंधा को फायदेमंद बताया है। आप इन हर्बल ब्रेन टॉनिक का उपयोग करके याददाश्त बढ़ा सकते हैं। ये दोनों हर्ब्स दिमाग की ताकत कम होने से बचाती हैं।

## गिंको बाइलोबा

दुनियाभर में ब्रेन फंक्शन बढ़ाने के लिए गिंको बाइलोबा का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें काफी सारे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो उम्र बढ़ने के बावजूद दिमाग को जवान रखते हैं। यह ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ाती है, जिससे न्यूरल फंक्शन में सुधार आता है।

## लेसिथिन

यह कंपाउंड सोयाबीन और अंडे के पीले भाग में मिलता है। यह कई सारे फैट्स का मिक्सचर होता है। सेल्स को सही तरह से कामकाज करने के लिए इसकी जरूरत होती है। यह दिमाग में acetylcholine बनाने में भी मदद करता है।



# मानसून में बाल झड़ना सामान्य बात है घबराने की जरूरत नहीं

**जिस तरह मानसून में बारिश का होना तय है, उसी तरह इस मौसम में बालों का झड़ना भी निश्चित है। यदि इस मौसम में आपके बाल भी सामान्य से थोड़े ज्यादा झड़ रहे हैं तो यह बिल्कुल सामान्य बात है। जी हां, इस बात से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वर्ल्ड ट्राइकोलॉजी सोसाइटी के अध्ययन में यह बात सामने आई है कि नमी वाले मौसम में बालों का झड़ना लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं।**

## बारिश के मौसम में क्यों झड़ते हैं बाल

मानसून में पर्यावरण में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से बाल झड़ते हैं। बाल इस नमी को सोख लेते हैं और रूखे, उलझे और बेजान नजर आते हैं। इसकी स्वाभाविक नमी कम होती है, जिसकी वजह से सिर की त्वचा भी रूखी नजर आती है। ये बालों के फॉलिकल्स को कमजोर बनाते हैं और बाल झड़ने लगते हैं। नमी के बढ़ने से बालों के फॉलिकल्स बंद हो जाते है और जिससे बाल चिपचिपे हो जाते हैं।

## एक दिन में कितने बाल झड़ना सामान्य बात

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (एनसीबीआई) के अनुसार, सामान्य मौसम में एक दिन में व्यक्ति के 80-100 बाल झड़ते हैं। जबकि मॉनसून के दौरान, एक व्यक्ति के प्रतिदिन 250 बाल झड़ते हैं।

## बाल झड़ने का कारण

बालों का झड़ना अनियंत्रित थायरॉइड के स्तर, एनीमिया (हीमोग्लोबिन का निम्न स्तर), हॉर्मोन्स का सही रूप में काम ना करना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) और हाई ब्लड प्रेशर के भी संकेत हो सकते हैं।

यही वजह है कि बालों के असामान्य तरीके से झड़ने पर जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। बालों के झड़ने की समस्या को नजरअंदाज करने से यह कई लोगों में पूरी तरह से गंजेपन का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों में जिन्हें आनुवंशिक रूप से बालों के झड़ने की समस्या का जोखिम है।

द ट्राइकोलॉजिकल सोसाइटी, लंदन के पहले भारतीय अध्यक्ष डॉ. बत्रा के अनुसार बालों के झड़ने को होम्योपैथी दवाओं और उपचार की मदद से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। ये दवाएं बिना किसी साइड इफेक्ट के बालों के झड़ने के मूल कारण का उपचार कर बालो की स्थिति को बेहतर बनाती हैं। ये बालों को जड़ों से पोषण देने और बालो के फिर से निकलने में मदद करती हैं।

होम्योपैथी दवाएं पूरी जांच और केस का मूल्यांकन करने के बाद दी जाती हैं, जिसमें रोगी की मेडिकल हिस्ट्री और उनकी मानसिक और शारीरिक बनावट भी शामिल है।

## शैम्पू

भले ही बारिश में भीगने का आनंद लें लेकिन उसके बाद बालों को जरूर धोएं। बारिश के पानी को हटाने के लिये शैम्पू से अपने बालों को धोएं, क्योंकि बारिश का पानी गंदगी से भरा होता है। नमी वाले इस मौसम में चिपचिपेपन और पसीने को दूर रखने के लिए हफ्ते में 2-3 बार शैम्पू करें।





# बालों के झड़ने की समस्या को कैसे दूर करें

## अपने बालों को सही तरीके से सुखाएं

अपने बालों को सुखाने के लिये माइक्रोफाइबर तौलिए का इस्तेमाल करें, यह तुरंत ही पानी को सोख लेता है और आपके बालों तथा तौलिए के बीच कम से कम घर्षण होता है।

## कंडीशनर लगाएं

बारिश के पानी के साथ बालों में आने वाली उलझन को सुलझाने के लिये एक अच्छा कंडीशनर जरूरी है। बालों को झड़ने से रोकने वाले कंडीशनर का इस्तेमाल करें ताकि आपके बालों में नमी लॉक हो जाए और उसे मजबूती और सुरक्षा मिले।

## बालों में तेल लगाना बेहद जरूरी है

अपने बालों में तेल जरूर लगाएं, लेकिन बालों को टूटने से बचाने के लिये हल्के हाथों से मसाज करें। हफ्ते में एक या दो बार सही पोषण के लिये अच्छा है, हालांकि बार-बार तेल लगाने की सलाह नहीं दी जाती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हवा में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से सिर पर पहले से ही ऑयल होता है।

## सही कंघी का चुनाव करें

गीले बालों में कंघी ना करें, क्योंकि इससे वे कमजोर हो जाते हैं। अपने बालों को आसानी से सुलझाने के लिये चौड़े दांतों वाले कंघे का इस्तेमाल करें। यदि घरेलू उपचारों से बालों के झड़ने में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा तो फिर इंतजार ना करें।

## होम्योपैथिक उपचार

- विस्बाडेन 30सी, कुछ महीनों के लिये दिन में दो बार - बालों के प्राकृतिक विकास को बढ़ावा देता है।
- फ्लोरिक एसिड 6सी, 5 गोलियां दिन में दो बार - पैची बालों के झड़ने का इलाज करने में मदद करता है और स्वस्थ प्राकृतिक बालों के विकास को बढ़ावा देता है।
- सीपिया, सल्फर, फॉस्फोरिक एसिड, लैकेसिस और ग्रेफाइट्स - बालों के झड़ने के इलाज में मदद करते हैं।
- थूजा ऑक्सिडेंटैलिस 30सी, 5 गोलियां महीने में केवल एक बार दिन में दो बार- बालों के झड़ने के आनुवंशिक कारण के लिये।



# क्या आप जानते हैं बारिश के मौसम में रोज 1 चम्मच शहद खाने से क्या होता है

**शहद गुणों की खान होता है। इसका इस्तेमाल कई तरीकों से किया जाता है। क्या आप जानती है कि अगर मानसून में आप रोज एक चम्मच शहद खाएंगे, तो इससे आपको अनगिनत फायदे मिल सकते हैं।**

मानसून में कई बीमारियों का खतरा रहता है। बदलते मौसम के बीच, बुखार, जुकाम, सिरदर्द, जोड़ों का दर्द और डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें काफी आम रहती हैं। ऐसे में सेहतमंद रहने के लिए डाइट पर खास ध्यान देना चाहिए। बारिश में सही खान-पान बहुत जरूरी है ताकि इम्यूनिटी मजबूत बनी रहे। जहा इम्यूनिटी कमजोर होने पर बीमारियां जल्दी घेर लेती हैं। वहीं, इम्यूनिटी मजबूत होने पर इंफेक्शन्स का खतरा कम रहता है। सेहतमंद रहने के लिए, बारिश में डाइट में कई खास चीजों को शामिल करना चाहिए। आयुर्वेद मानसून में रोज 1 चम्मच शहद खाने की सलाह देता है। जी हां, अगर मानसून में आप रोज एक चम्मच शहद खाएंगी, तो इससे आपको अनगिनत फायदे मिल सकते हैं। इसे खाने का सही तरीका और इसके फायदों के बारे में आयुर्वेदिक डॉक्टर से जानते हैं।

## बारिश के मौसम में शहद खाने के फायदे

- शहद का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और कई बीमारियों से बचाव होता है।
- इससे सर्दी-खांसी और जुकाम से बचाव में भी मदद मिलती है।
- शहद में प्रीबायोटिक गुण होते हैं। रोजाना 1 चम्मच शहद खाने से मानसून में होने वाली पाचन संबंधी दिक्कतों में आराम मिलता है।
- अगर आप वजन कम करना चाहती हैं, तो भी शहद का सेवन फायदेमंद रहता है।
- शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन्स को दूर करता है।
- रोजाना 1 चम्मच शहद खाने से कमजोरी दूर होती है और शरीर को ताकत मिलती है।

## शहद खाने का सही तरीका

- शहद को आप मानसून में कई तरीकों से डाइट में शामिल कर सकती हैं।
- वजन कम करने के लिए 1 चम्मच शहद को पानी में मिलाकर खाएं।
- खांसी को दूर करने के लिए रात को 1 चम्मच शहद काली मिर्च के साथ खाएं।
- मानसून में 1 चम्मच शहद में सोंठ यानी सूखी अदरक का पाउडर मिलाकर खाना भी फायदेमंद रहता है।

# बारिश में न दिखने वाले जहरीले कीड़ों से भर जाती हैं ये सब्जियां



**मानसून का मौसम आ गया है और साथ ही बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियां भी साथ लाया है। इस मौसम में हवा में ज्यादा नमी होती है जिससे बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं और यही वजह है कि इन दिनों कुछ भी अस्वस्थ खाने से बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। मानसून में पत्तेदार सब्जियां खाने से बचना चाहिए। पालक और लेट्यूस जैसी पत्तेदार सब्जियों में नमी की वजह से बैक्टीरिया और परजीवी आसानी से पैदा हो सकते हैं। साथ ही मानसून के दौरान ज्यादा ह्यूमिडिटी के कारण ये जल्दी खराब हो जाती हैं।**

एक्सपर्ट्स के अनुसार, मानसून में इन सब्जियों पर कीड़े और अन्य मकोड़े लगने का खतरा ज्यादा होता है। साथ ही नमी वाली जलवायु इनकी सतह पर फफूंद और कवक पैदा कर सकती है।

## बैंगन

मानसून के दौरान बैंगन में कीड़े लगने का अधिक खतरा रहता है। ज्यादा नमी इस सब्जी को जल्दी सड़ा भी सकती है और ये गलने लगती है। इसमें में अल्कलॉइड ज्यादा पाया जाता है जिससे इसका एसिडिक लेवल काफी बढ़ जाता है। इसके सेवन से आपको फूड पॉइजनिंग, उल्टी, खुजली, एलर्जी और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है।

## भिंडी

एक्सपर्ट के अनुसार, भिंडी नमी वाले मानसून के मौसम में जल्दी चिपचिपी हो जाती है और इस वजह से यह सब्जी खाने में अच्छी नहीं लगती है। ज्यादा नमी के कारण भिंडी के अंदर कीड़े भी लग जाते हैं।

## टमाटर

टमाटर में भी मानसून के दौरान हवा में ज्यादा नमी की वजह से जल्दी फफूंद लगने लगती है और ये सड़ने लग जाते हैं। इनमें फंगल इंफेक्शन होने का भी खतरा ज्यादा होता है। इसके सेवन से कफ दोष बढ़ सकता है।

## ग्रीन बीन्स

ग्रीन बीन्स भले ही सेहतमंद होती हैं और इनमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, लेकिन नमी की वजह से मानसून के मौसम में ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इनमें इस मौसम में आसानी से फफूंद लग सकती है या फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

## गोभी



गोभी, ब्रोकली और ब्रसेल्स स्प्राउट सब्जियों का मानसून के मौसम में कम सेवन किया जाना चाहिए। भले ही ये बहुत पौष्टिक होती हैं, लेकिन इन सब्जियों में गड्ढे और दरारें होती हैं, जिनमें पानी जम सकता है और बैक्टीरिया पनपने का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के दिनों में इनको अच्छी तरह धोना मुश्किल होता है, जिससे इनमें संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है।

## जड़ वाली सब्जियां

गाजर, मूली, और शलगम जैसी जड़ वाली सब्जियां मानसून के दौरान खाने के लिए आम तौर पर सुरक्षित मानी जाती हैं। हालांकि, इस मौसम में मिट्टी में ज्यादा नमी होने के कारण ये सब्जियां ज्यादा पानी सोख लेती हैं, जिससे ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इन्हें सीमित मात्रा में खाना और अच्छी तरह धोकर रखना चाहिए।

## मशरूम

कई लोगों को खाने में मशरूम बहुत पसंद होता है, लेकिन मानसून में इन्हें कम खाना ही बेहतर होता है। मानसून में ज्यादा नमी और गीली हवा की वजह से मशरूम में जल्दी फफूंद और बैक्टीरिया लगने लगते हैं। जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर है या पाचन संबंधी समस्याएं हैं उन्हें खासतौर पर सतर्क रहना चाहिए। मशरूम पचाने में थोड़े मुश्किल होते हैं और ये मौजूदा स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकते हैं।

## महिला सशक्तिकरण- रायपुर के पचेड़ा गांव में बदल रही ग्रामीण महिलाओं की तस्वीर

**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप लखपति दीदियां किस तरह अपने उद्यम से अपना संसार बदल रही हैं इसका सुंदर उदाहरण पचेड़ा ग्राम में झरिया अल्कलाइन वाटर बाटलिंग प्लांट चलाने वाली शारदा समूह की महिलाएं हैं। एक छोटी सी शुरूआत अब बड़ा रूप लेने लगी है। हर दिन 5 हजार बोतल पानी बनाने वाले इस प्लांट से अब मंत्रालय, जंगल सफारी, आईआईआईटी, एनआरडीए, पर्यावास भवन में भी सप्लाई होने लगी है। महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मिसाल कायम कर रहा है रायपुर जिले के अभनपुर ब्लॉक स्थित पचेड़ा गांव का झरिया अल्कलाइन वॉटर बॉटलिंग प्लांट। यह प्लांट नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के संयुक्त प्रयास से स्थापित किया गया है और इसका संचालन शारदा स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं।

### न्यूज गैलरी

## जिले में उर्वरक और बीज का भंडारण लक्ष्यानुसार सुनिश्चित

**11,552 किसानों ने समितियों से उठाव कर किया खेती में उपयोग**




**कोरिया बैकुंठपुर** - कोरिया जिले की सहकारी समितियों में खरीफ सीजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शासन के लक्ष्यानुसार उर्वरक एवं बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है। अब तक ११,५५२ किसानों ने समितियों से उर्वरक प्राप्त कर खेती में उपयोग किया है, वहीं बीज भंडारण भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिसका किसानों द्वारा निरंतर उठाव किया जा रहा है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष आज की तारीख तक उर्वरक भंडारण की मात्रा लगभग समान रही है।

**डीएपी की विकल्प के रूप में सुझाव** - जिले में कृषि विभाग ने किसानों के लिए उपयोगी विकल्प सुझाए हैं, जिससे कृषि कार्य बाधित न हो। डीएपी के स्थान पर किसान अन्य उर्वरक संयोजन का उपयोग कर सकते हैं, एनपीके १२:३२:१६, डीएपी २०:२०:०:१३ या १.५ बोरी यूरिया + २ बोरी सुपर फॉस्फेट विशेषज्ञों के अनुसार, इन संयोजनों से फसलों को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं और उत्पादन प्रभावित नहीं होता।

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा धान फसल के लिए फसल अवधि के अनुसार नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश और अन्य पोषक तत्वों की संतुलित सिफारिशी मात्रा निर्धारित की गई है, जिसे किसानों को अपनाने की सलाह दी गई है। जल्दी पकने वाली देशी किस्मों के लिए लगभग २४ किग्रा नाइट्रोजन, मध्यम अवधि (१२६-१४० दिन) की किस्मों के लिए ४० किग्रा नाइट्रोजन, लंबी अवधि (१४१ दिन से अधिक) और संकर किस्मों के लिए इससे अधिक मात्रा सिफारिश की गई है। इन पोषक तत्वों को अलग- अलग खादों जैसे यूरिया, सुपर फॉस्फेट और एनपीके के माध्यम से संतुलित तरीके से देने की सलाह दी गई है।

**किसानों से अपील** - उप संचालक कृषि राजेश भारती ने किसानों से आग्रह किया है कि वे केवल शासन द्वारा पंजीकृत सहकारी समितियों से ही उर्वरक व बीज की खरीदी करें और संबंधित संस्था से पक्की रसीद अवश्य प्राप्त करें।

## 1 जुलाई को सांसद एवं विधायकों की उपस्थिति में होगी जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

**27 एजेंडों पर होगी महत्वपूर्ण विचार-विमर्श**




**कोरिया बैकुंठपुर** - भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शिका अनुसार विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हेतु गठित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में ०१ जुलाई २०२५ को अपरान्ह १२ बजे कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक भईया लाल राजवाड़े, भरतपुर-सोनहत विधानसभा के विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम), दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), स्वच्छ भारत मिशन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समेकित बाल विकास योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मिड-डे मील, एकलव्य विद्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा, राष्ट्रीय कृषि विकास, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, सर्फेस माइनर इरिगेशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू- अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, डिजिटल इंडिया- पब्लिक इंटरनेट एक्स से प्रोग्राम, प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामान्य सेवा केंद्र, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित योजनाओं आदि महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा व विचार-विमर्श की जाएगी।

# कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की क्लास

## गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दें-श्रीमती त्रिपाठी




**कोरिया बैकुंठपुर** - कलेक्टरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने महिला एवं बाल विकास की समीक्षा की।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सुपरवाइजरों को ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए, साथ ही जर्जर भवनों में संचालित आंगनवाड़ी को तत्काल बन्द करने, इसे अन्य स्थानों ओर स्थानांतरित करने या इस सम्बंध में तुरंत सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि पोषण की कमी किसी भी हालत में नहीं होनी चाहिए और इसका सकारात्मक परिणाम गर्भवती महिलाओं व बच्चों में दिखना चाहिए।

कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी खोलने और निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सुपरवाइजरों की है इसका विशेष ध्यान रखे और नियमित रूप से समय पर आंगनवाड़ी खोलना सुनिश्चित करें, लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई। उन्होंने कोरिया मोदक वितरण में पोषण दीदियों के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा ताकि गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण मिल सके।

कलेक्टर ने जिले में चल रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण-पत्र शिविर के माध्यम से जनजातीय बच्चों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में स्वास्थ विभाग एवं एन.आर.एल.एम. के संयुक्त उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्रों के सुपरवाइजरों के कार्यों एवं योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी जे. आर. प्रधान सहित स्वास्थ्य, एनआरएलएम व महिला एवं बाल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### धरती आबा अभियान बना आदिवासी सशक्तिकरण का सेतु

## 27 हजार से अधिक लोगों ने शिविरों में दर्ज कराई उपस्थिति, करीब दो हजार हितग्राहियों को मिली योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ



**कोरिया बैकुंठपुर** - धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कोरिया कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशन में जिले के १५४ ग्रामों में १५ जून से १५ जुलाई तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष जनभागीदारी सह लाभ सतृति अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन चयनित ग्रामों में जिले के ८९ हजार ७६७ जनजाति समुदायों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप शिविर का आयोजन जिले में किया जा रहा है ताकि जनजातीय समुदाय के लोगों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल सके। ग्राम चयन का आधार आदिवासी समुदाय की बाहुल्यता और जिन ग्रामों की जनसंख्या ५०० से या उससे अधिक है या कम से कम जिस ग्राम की ५० प्रतिशत आबादी जनजातीय समुदाय की है वह अभियान के लिए लक्ष्य हैं। जनजातीय समुदाय के लोगों से विभिन्न शासकीय योजनाओं की कमी ज्ञात की जा रही है ताकि उस दूरी या कमी को दूर की जा सके। इस कमी (गैप) को पूर्ण रूप से दूर करना ही अभियान का अंतिम उद्देश्य है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीमती उषा लकड़ा ने जानकारी दी है कि १५ जून से २६ जून के बीच १२१ षिविरों में २७ हजार से अधिक आदिवासी समुदाय के लोग पहुंचे है। जहाँ शिविर स्थलों पर २२० लोगों का आधार कार्ड बनाया गया, इसी तरह ७७ आदिवासीलोगों का आयुष्मान कार्ड, १३४ लोगों पीएम किसान सम्मान निधि, ३१ हितग्राहियों को पीएम उज्ज्वला गैस योजना, ५१ लोगों का पीएम जन धन खाता, २०७ लोगों का पीएम जीवन ज्योति बीमा, ८३ हितग्राहियों का पीएम मातृ वंदन, २३६ लोगों का जाति प्रमाण पत्र, ४८ लोगों का निवास प्रमाण पत्र, १८५ लोगों का राशन कार्ड, ७५ किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड, १५० जरूरत मन्द तबको का मनरेगा जॉब कार्ड आदि योजनाओं का लाभ दिया गया इसके अलावा २८८ लोगों का सिकलसेल स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ने अधिमान्यता नियमों में संशोधन की मांग की - प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**कोरिया/रायपुर** – छत्तीसगढ़ में कार्यरत पत्रकारों की दशा और दिशा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा एक अहम कदम उठाया गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक विस्तृत पत्र लिखकर अधिमान्यता नियमों में व्यापक सुधार की मांग की है। इस पत्र में विशेष रूप से तहसील और जनपद स्तर पर कार्यरत पत्रकारों को भी राज्य सरकार की अधिमान्यता तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की बात कही गई है। पत्रकारों की सुरक्षा, अधिमान्यता, पारदर्शिता और कल्याण के संदर्भ में यह पत्र एक महत्त्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे प्रदेश के हजारों पत्रकारों को सीधा लाभ मिल सकता है। वर्तमान समय में अधिमान्यता की प्रक्रिया विशेषकर ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों के लिए कठिन और अपारदर्शी मानी जाती रही है, जिसकी वजह से वे शासन की कई योजनाओं से वंचित रहते हैं।

**अधिमान्यता नियमों में संशोधन की आवश्यकता** - पत्र में श्री अवस्थी ने यह उल्लेख किया है कि वर्तमान अधिमान्यता नियम पत्रकारों की वास्तविकता से मेल नहीं खाते। अधिमान्यता प्राप्त करने के लिए जो शर्तें निर्धारित की गई हैं, वे कई ऐसे पत्रकारों के लिए बाधा बन गई हैं, जो वर्षों से सतत पत्रकारिता कर रहे हैं, लेकिन तकनीकी कारणों से अधिमान्यता से वंचित हैं। उन्होंने लिखा कि आज भी ग्रामीण अंचलों में ऐसे सैकड़ों पत्रकार कार्यरत हैं, जो सीमित संसाधनों और जोखिमों के बीच जनहित में खबरें संकलित कर रहे हैं। उनकी कोई सामाजिक या आर्थिक सुरक्षा नहीं है। उनके लिए अधिमान्यता न सिर्फ एक पहचान है का सीधा लाभ दिया जा सकता है।

# किसानों को किया गया मूंगफली बीज का वितरण



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजना के अंतर्गत विकासखंड मनेंद्रगढ़ के कछौड़ क्षेत्र में किसानों को मूंगफली बीज का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जिले में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

योजना के तहत पात्र किसानों को उन्नत किस्म के मूंगफली बीज प्रदान किए गए, जिससे वे खरीफ सीजन में अधिक उपज प्राप्त कर सकें। कृषि विभाग के अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित किसानों को बीज की विशेषताओं, बुवाई की विधि, उर्वरक प्रबंधन, कीट नियंत्रण तथा फसल बीमा संबंधी जानकारी भी दी साथ ही यह भी बताया गया कि यह योजना केंद्र एवं राज्य सरकार की संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना आदि की भी जानकारी दी गई।

## जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के लिए पटवारी का चक्कर काट रहे ग्रामीण, एसडीएम से की शिकायत

**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले के मनेंद्रगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजी में जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए कई ग्रामीण पटवारी का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सारे जरूरी दस्तावेज होने के बाद भी महिला पटवारी के द्वारा हस्ताक्षर नहीं कर ग्रामीणों को बेवजह परेशान किया जा रहा है।

नवीन शिक्षण सत्र आरंभ हो चुका है। स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है, ऐसे में कई बच्चों के द्वारा परेशान होकर पढ़ाई छोड़ने तक की बात कही जा रही है। जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के लिए ग्राम बंजी के जगमोहन सिंह, फूलमती, रामवती एवं सीताराम गोंड़ सहित अन्य ग्रामीण पटवारी का चक्कर लगाकर थक चुके हैं, लेकिन महिला पटवारी रूकमणी पंचायत भवन में नहीं बैठ रही हैं, जबकि सप्ताह में 3 दिन उन्हें अनिवार्य रूप से पंचायत भवन में बैठकर काम करना है। स्कूल में अपने भतीजे रोहित को दाखिला दिलाने के लिए जाति प्रमाण पत्र के लिए पिछले 5 सप्ताह से पटवारी का चक्कर लगाकर परेशान हो चुके ग्राम बंजी निवासी सीताराम गोंड़ ने मनेंद्रगढ़ एसडीएम से 23 जून को लिखित शिकायत की है। सीताराम ने बताया कि अपने भतीजा रोहित के जाति प्रमाण पत्र के लिए कई दिनों तक पंचायत भवन का चक्कर लगाया, लेकिन उनसे भेंट नहीं हो पाई। किसी प्रकार पटवारी से मुलाकात होने पर उनके द्वारा पुराने रिकार्ड की मांग की गई। इस पर 1948-49 का मिसिल बंदोबस्त की छायाप्रति, आधार कार्ड और स्कूल प्रमाण पत्र संलग्न कर आवेदन पेश किया, बावजूद इसके पटवारी के द्वारा हस्ताक्षर करने से मना कर दिया गया। परेशान शिकायतकर्ता ने एसडीएम से किसी अन्य पटवारी से जरूरी प्रमाण-पत्र समय पर उपलब्ध कराए जाने का आग्रह किया है, ताकि उसके भतीजे को समय पर स्कूल में दाखिला मिल सके।

### धरती आबा अभियानरः दीदियाँ बनीं मिसाल

## जिले से आने लगीं बदलाव की खुशनुमा तस्वीरें



**कोरिया बैकुंठपुर** - धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत कोरिया जिले में जनजातीय बहुल क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। अभियान के दौरान बिहान की स्व-सहायता समूह से जुड़ी अनुसूचित जनजाति की पाँच दीदियों को २-२ लाख का ऋण 'लखपति मुद्रा लोन योजना' के अंतर्गत बैंकों से प्रदान किया गया। इस सहायता ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने और सतत आजीविका से जुड़ने का अवसर प्रदान किया है।

**अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं आदिवासी महिलाएँ** - इंदु सिंह (बासदेव पारा) ने इस राशि से सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) शुरू किया है, जो अब ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं की सुलभता प्रदान कर रहा है तो बासदेव पुर निवासी संगीता सिंह और गड़बड़ी निवासी बबली आमो ने किराना दुकानों की शुरूआत की, जो अब उनके लिए स्थायी आय का माध्यम बन चुकी हैं। पण्डोपारा निवासी पुष्पा सिंह ने बकरी पालन शुरू कर आजीविका का मजबूत साधन अपनाया है। वहीं, रीना सिंह द्वारा कपड़ों की दुकान की तैयारी पूरी कर ली गई है, जो जल्द ही शुरू की जाएगी। इन पहलाओं ने इन महिलाओं को न केवल आर्थिक मजबूती दी है, बल्कि आत्मविश्वास से भरकर समाज में एक नई पहचान भी दिलाई है।

**लखपति दीदी बनने की ओर कदम** - इन सफलताओं ने यह स्पष्ट किया है कि धरती आबा अभियान केवल योजनाओं का क्रियान्वयन भर नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल भी बन रहा है। ये दीदियाँ अब ग्रामीण क्षेत्रों की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं लखपति दीदी बनने की दिशा में।

**धरातल पर उतरता विकास** - यह पहल धरती आबा अभियान के उस मूल उद्देश्य को साकार करती है, जिसमें शासन की योजनाओं को जनजातीय समुदाय तक सीधे और प्रभावी रूप से पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। कोरिया जिले से आ रही ये कहानियाँ यह साबित करती हैं कि जब अवसर और मार्गदर्शन साथ मिलते हैं, तो बदलाव की तस्वीरें सच में खुशनुमा हो जाती हैं।

## कृषि विभाग ने किया निशुल्क बीज वितरण, किसान उत्साहित

**सोनहत क्षेत्र में मूँगफली और धान के बीजों का वितरण, तिलहन फसलों के विस्तार को मिल रहा बढ़ावा**



**कोरिया बैकुंठपुर** - कोरिया जिले के ग्राम जामपारा, खोडरी व विकासखण्ड सोनहत अंतर्गत ग्राम मझारटोला एवं सुन्दरपुर में कृषि विभाग द्वारा किसानों को निशुल्क अरहर, उड़द, तिलहन, व मूँगफली और धान के बीजों का वितरण किया गया। यह वितरण अनुदान के तहत 'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल' योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सोनहत कार्यालय द्वारा किया गया था। योजना का उद्देश्य क्षेत्र में तिलहन फसलों का विस्तार कर किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। शासन द्वारा सोनहत क्षेत्र में विशेष रूप से तिलहन और दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**कलेक्टर के निर्देश पर विशेष अभियान** - कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निदेर्शानुसार जिले में तिलहन व दलहन फसलों पर विशेष ध्यान देते हुए, कृषि विभाग कोरिया की टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार मैदानी भ्रमण कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। कृषि अधिकारियों और फील्ड अमले की सक्रिय भूमिका से किसान नवीन तकनीकों और योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर सोनहत जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी सोनपाकर, ग्राम पंचायत के सरपंच तथा कृषि विस्तार अधिकारी रोहित सिंह साथ ही कार्यक्रम में काफी संख्या में क्षेत्रीय किसान भी शामिल हुए और बीज वितरण योजना से लाभान्वित हुए।


**किसानों में दिखा उत्साह** - बीज प्राप्त करने वाले किसानों ने शासन एवं कृषि विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रकार की योजनाएं उत्पादन लागत को कम करने और आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

**Sports Live**

**पीपीएफ में पैसा लगाने वालों को लग सकता है झटका, कम हो सकती हैं ब्याज दरें**

**नई दिल्ली ,27 जून।** आरबीआई ने इस साल रेपो रेट में 100 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है, जिस वजह से ये अटकलें लगाई जा रही हैं कि जुलाई में होने वाली अगली समीक्षा में पब्लिक प्रोविडेंट फंड की ब्याज दर 7प्रतिशत से नीचे जा सकती है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि सरकारी बॉन्ड की गिरती यील्ड और ब्याज दर तय करने के फामूर्ले इस कटौती की ओर इशारा कर रहे हैं, वहीं कुछ का मानना है कि राजनीतिक और व्यवहारिक कारणों से सरकार इतनी जल्दी कोई बड़ा फैसला नहीं लेगी। अभी आरबीआई की ब्याज दर 7.10त्न है, जो कि 10 साल के सरकारी बॉन्ड की औसत यील्ड से जुड़ी होती है। श्यामला गोपीनाथ कमेटी के फामूर्ले के अनुसार, आरबीआई की ब्याज दरें 10 साल के सरकारी बॉन्ड की औसत यील्ड से 25 बेसिस प्वाइंट ज्यादा होनी चाहिए।

# आंद्रे रसेल ने रचा इतिहास, टी20 क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि की हासिल



**नई दिल्ली,27 जून।** वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने मेजर लीग क्रिकेट 2025 के दौरान टी20 क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. शुक्रवार, 27 जून को अमेरिका के डलास में वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए रसेल ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की.

टूर्नामेंट में पिछले कुछ मैच मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद विस्फोटक बल्लेबाज रसेल ने वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ मुकाबले में आखिरकार अपनी ताकत दिखाई. रसेल ने इस दौरान 13 गेंदों पर 30 रनों की धुआंधार पारी खेली. आंद्रे फ्लेचर के शतक के बाद अपनी तूफानी पारी की मदद से रसेल ने नाइट राइडर्स को पहली पारी में (213/4) के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया.

इस पारी के दौरान ही वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रसेल ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. रसेल अब टी20 क्रिकेट में 750 छक्के लगाने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं. मैच से पहले उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने के लिए केवल 2 छक्कों की जरूरत थी और उन्होंने अपनी 30 रनों की ताबड़तोड़ पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की, जिसमें उन्होंने कुल 3 छक्के जड़े.

रसेल अब टी20 क्रिकेट में 750 छक्के लगाने वाले दुनिया के केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं. इस लिस्ट में शीर्ष पर उनके हमवतन क्रिस गेल है, जिनके नाम सर्वाधिक 1056 छक्के दर्ज है. वहीं, वेस्टइंडीज के एक अन्य बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड 916 छक्कों के साथ टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाडि?ों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं.

इस मुकाबले में रसेल की यह तूफानी पारी बेकार गई क्योंकि ग्लेन मैक्सवेल की अगुआई वाली फ्रीडम ने आखिरी गेंद पर 214 रन के विशाल लक्ष्य को हासिल कर लिया. नाइट राइडर्स की ओर से 20वां ओवर रसेल ने फेंका और 5वीं गेंद तक स्कोर बराबर हो गया. फिर, आखिरी गेंद पर जेसन होल्डर ने मिड-ऑन पर ग्लेन फिलिप्स का कैच टकपा दिया और फ्रीडम ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की.

फिलिप्स ने 23 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए और ओबस पीनार ने 16 गेंदों पर 23 रनों की पारी खेली, जिससे वे जीत गए और नॉकआउट चरण के करीब पहुंच गए. फ्रीडम ने अब तक 6 मैचों में 5 मैचों में जीत दर्ज की हैं, जबकि लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को अब तक अपने 6 मुकाबलों में से 5 में हार का सामना करना पड़ा है.

# ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज टेस्ट में विवाद, अंपायरिंग से नाराज कोच डैरेन सैमी पहुंचे रेफरी के पास



**नईदिल्ली,27 जून।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट में अंपायरिंग को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कोच डैरेन सैमी ने अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक के फैसलों पर नाराजगी जताते हुए मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ से मुलाकात की है। मुलाकात ब्रिजटाउन टेस्ट के दूसरे दिन 2 अहम फैसलों के खिलाफ वेस्टइंडीज के असंतोष के बाद हुई। इन फैसलों का मैच पर बड़ा असर पड़ा। ऑस्ट्रेलिया मैच में 82 रन की बढ़त बना चुका है।

दूसरे दिन अंपायरिंग को लेकर 2 बड़े विवाद सामने आए। पहला मामला कप्तान रोस्टन चेज के आउट होने का था। पैट कमिंस की गेंद उनके पैड्स पर लगी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दिया। चेज ने डीआरएस लिया, लेकिन अल्ट्रा-एज में बेहद हल्के और पास-पास स्पाइक्स दिखे, जिससे अंदरूनी किनारे को लेकर संदेह बना रहा। दूसरा विवाद शाई होप के आउट होने को लेकर था, जो अपने अर्धशतक से सिर्फ 2 रन दूर थे।

विवाद होप के कैच को लेकर हुआ, जो ब्यू वेबस्टर की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी को कैच थमा बैठे। हालांकि रिप्ले में साफ दिखा कि गेंद कैरी के दस्तानों में जाने से पहले जमीन को छू रही थी। मामला थर्ड अंपायर के पास गया, लेकिन ऑन-फील्ड अंपायर का फैसला बरकरार रहा। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद सैमी ने अंपायर होल्डस्टॉक की अंपायरिंग पर सवाल उठाए और मैच अधिकारियों से ज्यादा पारदर्शिता व स्थिरता की मांग की।

सैमी ने अंपायरिंग को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। उन्होंने कहा, हम बस ये समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर फैसला लेने की प्रक्रिया क्या है? हम सिर्फ चाहते हैं कि फैसलों में स्थिरता हो, बस यही हमारी मांग है। मैंने खासतौर पर इस अंपायर के साथ यह मुद्दा पहले भी इंग्लैंड दौरे पर महसूस किया था। ये काफी निराशाजनक है। मैं सिर्फ फैसलों में निरंतरता चाहता हूं। जब सैमी से पूछा गया कि क्या वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड अंपायर होल्डस्टॉक के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने पर विचार कर रहा है, तो उन्होंने कहा, आपको इंतजार करना होगा और देखना होगा। देखिए, कोई नहीं चाहता कि उसे अंपायरों को लेकर शंका हो, लेकिन जब एक के बाद एक फैसले एकतरफा लगें तो सवाल उठते ही हैं। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि उनका मकसद किसी को निशाना बनाना नहीं, बल्कि प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता पाना है। पहले दिन ही मुकाबले ने रोमांचक मोड़ ले लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 180 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ और जेडन सील्स ने मिलकर 9 विकेट चटकाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने भी पहले दिन ही अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद पूरी टीम 190 रन बनाकर 10 रन की बढ़त लेने में कामयाब रही। दूसरे दिन के अंत तक ऑस्ट्रेलिया 92/4 पर थी और उसकी बढ़त 82 रन की थी।

## वेस्टइंडीज को लगा बड़ा झटका, तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर आईसीसी ने लगाया भारी जुर्माना



**बारबाडोस,27 जून।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन में खेले जा रहे पहले टेस्ट के दौरान वेस्टइंडीज को बड़ा झटका लगा है. वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है. आईसीसी ने जानकारी दी, सील्स को खिलाडि?ों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, हरकतें या हाव-भाव का इस्तेमाल करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है.

आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'इसके अलावा, सील्स के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में दूसरा अपराध था, जिससे 24 महीने की अवधि में उनके डिमेरिट अंकों की संख्या 2 हो गई है'. बता दें कि, यह घटना ऑस्ट्रेलिया की पारी के 55वें ओवर में हुई थी, जब ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को आउट करने के बाद सील्स ने पवेलियन की ओर इशारा किया. आईसीसी ने कहा कि सील्स ने अपराध स्वीकार कर लिया है और आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी. सील्स को इससे पहले 3 दिसंबर 2024 को जमैका के किंग्स्टन में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान अपना पिछला डिमेरिट पॉइंट मिला था. जानकारी के लिए बता दें कि, लेवल 1 उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और 1 या 2 डिमेरिट पॉइंट होता

## छोटी खबरें

### आईसीसी ने बदले 5 नियम, शॉर्ट रन बढ़ाएगा सिरदर्द, कैच भी बनेगा चिंता का सबब

**नई दिल्ली,27 जून।** आईसीसी क्रिकेट को और बेहतर बनाने के लिए लगातार क्रिकेट के नियमों में बदलाव कर रहा है. नए नियमों के मुताबिक क्रिकेट को बल्लेबाज, गेंदबाज और फील्डर्स के लिए ज्यादा से ज्यादा आसान बनाने की कोशिश की जा रही है. अब एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद नियम परिवर्तन करने के लिए तैयार है. इनमें से कुछ नियम 17 जून से लागू हो गए हैं.

टेस्ट के लिए स्टॉप क्लॉक और नए निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) तो 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के साथ अमल में आ गया है लेकिन व्हाइट-बॉल क्रिकेट में लागू होने वाले नियम 2 जुलाई से लागू होने वाले हैं. ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक 5 नियमों में बदलाव हुआ है. आइए उनके बारे में जानते हैं. यह नियम पहले से ही वनडे और टी20 क्रिकेट में लागू है. अब ये टेस्ट क्रिकेट में भी लागू कर दिया गया है. नए नियम के अनुसार फील्डिंग टीम को पिछले ओवर के समाप्त होने के एक मिनट के भीतर अगला ओवर शुरू करना होगा. ऐसा न करने पर अंपायर द्वारा दो चेतावनी दी जाएगीं, जिसके बाद फील्डिंग टीम पर पांच रन का जुमार्ना लगाया जाएगा. हर 80 ओवर के बाद चेतावनियां रीसेट की जाएगी. टाइमर 0 से 60 तक चलता है. ये नियम 17 जून से लागू हो चुका है.

अब डीआरएस के नियम बदले नजर आएंगे. यदि कोई बल्लेबाज विकेट के पीछे कैच आउट हो जाता है लेकिन रीप्ले में बल्ले से कोई संपर्क नहीं दिखता है, तो टीवी अंपायर संभावित एलबीडब्ल्यू की समीक्षा कर सकता है यदि गेंद पैड से टकराती है. हालांकि अब एलबीडब्ल्यू समीक्षा के दौरान अंपायर का मूल निर्णय मान्य रहेगा. यदि बॉल-ट्रैकिंग अंपायर की कॉल बरकरार रखती है, तो बल्लेबाज आउट रहेगा.

इस नए नियम के मुताबिक अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर शॉर्ट रन लेता है तो अंपायर दंड के रूप में बल्लेबाजी टीम पर 5 रनों की पेनल्टी लगा देगा. जिससे टीम के स्कोर से 5 रन घटा दिए जाएंगे. इसके साथ ही फील्डिंग टीम से अंपायर पूछेगा कि किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर रहना चाहिए. नो-बॉल पर भी कैच की निष्पक्षता की जांच की जाएगी. बल्लेबाज कैच आउट हो गया और अंपायर कैच को लेकर पूरी तरह से क्लियर नहीं है तो थर्ड अंपायर पहले नो बॉल की जांच करेगा. अगर नो बॉल होती है तब भी वो कैच को जांचेगा. गेंद अगर जमीन पर लगी है तो नो बॉल के रन के साथ जितने रन बल्लेबाजों ने दौड़कर बनाए हैं वो भी स्कोर में जोड़ दिए जाएंगे. आईसीसी ने लार के इस्तेमाल की स्थिति में अंपायरों के लिए गेंद को बदलना अनिवार्य नहीं, बल्कि वैकल्पिक बना दिया है. ऐसा इसलिए किया गया ताकि जानबूझकर गेंद पर सलाइवा का इस्तेमाल कर इसे बदल ना सके. क्योंकि गेंद तब बदली जाएगी जब उसकी हालत खराब होगी. ऐसा जानबूझकर करने पर अंपायर द्वारा पेनल्टी भी लगाई जा सकती है.

### भारत में बागवानी फसलों का उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में लगभग 3.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली ,27 जून।**

केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा जारी दूसरे एडवांस अनुमानों के अनुसार, फलों और सब्जियों के अधिक उत्पादन के कारण भारत में फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में बागवानी फसलों का उत्पादन 3.66 प्रतिशत बढ़कर 367.72 मिलियन टन (एमटी) होने का अनुमान है। 2023-24 में बागवानी फसलों का उत्पादन 3,547.44 मिलियन टन रहा। 2024-25 में बागवानी फसलों के अंतर्गत आने वाला रकबा पिछले वर्ष के 290.86 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 292.67 लाख हेक्टेयर हो गया।

## ---------------------------- व्यापार/फिल्म ----------------------------

# वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत : आरबीआई



**नई दिल्ली ,27 जून।** हाल ही में जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक आर्थिक बुलेटिन के अनुसार, मई 2025 के लिए वैश्विक अनिश्चितता के बीच अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि की ओर इशारा करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि ने 2024-25 के दौरान अधिकांश प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक आधार पर वृद्धि दर्ज की। घरेलू कीमतों की स्थिति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वित्तीय स्थितियां ऋण बाजार में दरों में कटौती के ट्रांसमिशन की सुविधा के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर स्थिति में है, जो व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों में वृद्धि के दोहरे झटकों से जूझ रही है। हालांकि, घरेलू मोर्चे पर, मई में जारी अनंतिम अनुमानों ने 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने की पुष्टि की है, जिसमें चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण क्रमिक वृद्धि होगी। मई के लिए अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि के संकेत देते हैं। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के लिए सर्वे किए गए देशों में भारत में गतिविधि में समग्र विस्तार सबसे अधिक रहा, जिसमें मई में देखे गए नए निर्यात ऑर्डर में विस्तार अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए कॉन्ट्रैक्शन के बीच एक अपवाद था। मई के लिए कुल मांग के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स ने भी ग्रामीण मांग में वृद्धि का सुझाव दिया। कंज्यूमर सेंटीमेंट के दूरदर्शी सर्वेक्षण वर्तमान अवधि के लिए स्थिर उपभोक्ता विश्वास और भविष्य के बारे में बेहतर आशावाद दिखाते हैं। आरबीआई बुलेटिन में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक, व्यापार और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद ये सभी भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दिखाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू मुद्रास्फीति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही। 2024-25 के कृषि सत्र में रिकॉर्ड घरेलू फसल उत्पादन खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में तेज और निरंतर कमी का संकेत दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अस्थिर और ऊंचे सोने और चांदी की कीमतों के प्रभाव को छोड़कर कुछ नरमी के संकेतों के साथ स्थिर कोर मुद्रास्फीति यह दशार्ती है कि अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबाव शांत बना हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इकोनॉमिक आउटलुक, टैरिफ संबंधी समाचार और विकसित होते घरेलू परिदृश्य पर वैश्विक संकेतों के कारण उतार-चढ़ाव के बावजूद मई-जून के दौरान इक्विटी बाजारों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव बढ? के साथ ही इक्विटी बाजार में कुछ समय के लिए तेज गिरावट दर्ज की गई, लेकिन 20 जून को इसमें शानदार उछाल देखने को मिला।

आरबीआई बुलेटिन में आगे कहा गया है कि हालांकि अप्रैल में ऋण वृद्धि में कमी आई, खास तौर पर कृषि और सेवा क्षेत्रों में लेकिन गैर-बैंक ऋण स्त्रोतों, जिसमें बाहरी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) शामिल है, में लगातार अच्छी वृद्धि जारी रही, हालांकि मार्च से इसमें नरमी आई। कुल मिलाकर, वित्तीय स्थितियां ऋण बाजार में दरों में कटौती को प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी रहीं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आयात और बाहरी ऋण के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के साथ बाहरी क्षेत्र में मजबूती बनी रही।

## क्यूसीओ ने एमएसएमई को उनके उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाकर पहुंचाया लाभ : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली ,27 जून।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स (क्यूसीओ) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को उनके उत्पादों की गुणवत्ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाकर लाभ पहुंचाया है।क्यूसीओ घटिया उत्पादों के आयात को प्रतिबंधित करने और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ भारतीय उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि उन्होंने क्यूसीओ के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए एमएसएमई क्षेत्र के साथ एक हितधारक परामर्श बैठक की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा, स्टैंडर्ड सेटिंग प्रॉसेस को अधिक सहयोगात्मक, समावेशी और अनुपालन में आसान बनाने पर उनकी प्रतिक्रिया की सराहना की। एमएसएमई ने स्वीकार किया कि क्यूसीओ ने उत्पाद की गुणवत्ता और उपभोक्ता संतोष को बढ़ाकर उनके क्षेत्र को लाभ पहुंचाया है।

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्टइ के दृष्टिकोण के अनुरूप, एमएसएमई ने घरेलू क्षमताओं को बढ़ावा देने और देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए 'क्वालिटी माइंडसेटइ के महत्व को भी दोहराया।

# देश में एचएनआई निवेश को आकर्षित करने के लिए गिफ्ट आईएफएससी को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत : वित्त मंत्री



**नई दिल्ली ,27 जून।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा है कि गिफ्ट स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को भारत में वैश्विक पूंजी प्रवाह के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि अगले दो दशकों में उच्च विकास वाले क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

उन्होंने गिफ्ट सिटी को इंटीग्रेटेड, मॉडर्न और सस्टेनेबल लिविंग इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित एक गतिशील स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए ऐसी विश्वस्तरीय सुविधाएं स्थापित करना आवश्यक है।

गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में आईएफएससी के अपने दौरे के दौरान, वित्त मंत्री ने प्रगति की समीक्षा की और प्रमुख बाजार प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अधिकारियों से देश में एचएनआई निवेश को आकर्षित करने के लिए जीआईएफटी आईएफएससी को अधिक प्रतिस्पर्धी और लागत प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया और देश की वित्तीय जरूरतों के लिए आईएफएससी में सॉवरेन और पेंशन फंड जुटाने में आईएफएससीए की भूमिका की क्षमता को रेखांकित किया।

भारत की वैश्विक वित्तीय स्थिति को बढ़ाने में गिफ्ट आईएफएससी की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने अगले कुछ वर्षों में ही सुधारों को तेज करने पर जोर दिया, ताकि 2047 तक 'विकसित भारतइ के विजन के साथ विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने हितधारकों की भागीदारी का विस्तार कर और मूल्य निर्धारण को मजबूत कर इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) में कार्यान्वयन को बेहतर करने की जरूरतों पर जोर दिया, जिससे गिफ्ट आईएफएससी को एक ग्लोबल बुलियन हब के तौर पर स्थापित किया जा सके।

उन्होंने बैंकिंग, बीमा, पूंजी बाजार, फंड उद्योग, वित्त कंपनियों, भुगतान सेवा प्रदाताओं, एयरक्राफ्ट और शिप लीजिंग फर्मों, फिनटेक फर्मों, आईटीएफएस प्लेटफॉर्म प्रदाताओं और विदेशी विश्वविद्यालयों के एमडी और सीईओ, अध्यक्षों, संस्थापकों और सीएफओ के साथ भी बातचीत की। इसके अलावा, गिफ्ट सिटी कंपनी लिमिटेड और आईएफएससीए ने गिफ्ट आईएफएससी को एक लीडिंग ग्लोबल फाइनेंशियल सेंटर के तौर पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रमुख नीति, विनियामक और कर सुधारों पर अपनी प्रस्तुति दी।


## अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.आई.टी.) के डॉ. व्यास निदेशक नियुक्त

**रायपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री रमेन डेका द्वारा प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश व्यास को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.आई.टी.) नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर छत्तीसगढ़ का निदेशक नियुक्त किया गया है। राज्यपाल द्वारा उनकी नियुक्ति अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.आई.टी.) विश्वविद्यालय अधिनियम, 2013 (संशोधन अधिनियम, 2014 एवं 2015) की धारा 20(2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। डॉ. व्यास का कार्यकाल, परिलब्धियां तथा सेवा शर्तें विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होगी। इस संबंध में आज राजभवन सचिवालय से आदेश जारी किया गया है। वर्तमान में प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश व्यास, अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.आई.टी.) प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) में डीन के पद पर कार्यरत हैं।

# दंतेवाड़ा में पीएमकेएसवाई के तहत कोल्ड चेन और विकिरण सुविधा होगी शुरू

### 00 बस्तर अंचल की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आएगा क्रांतिकारी बदलाव, 00 लघु वनोपजों, उद्यानिकी फसलों, मिलेट्स के परिरक्षण, मूल्य संवर्धन और बाजारों तक पहुंच होगी आसान

**रायपुर।** आदिवासी बहुल दंतेवाड़ा जिले में इमली, महुआ जैसी लघु वनोपजों, जैविक सब्जियों, फलों और मिलेट्स के परिरक्षण और उनकी ताजगी बनाए रखने के लिए 25 करोड़ रूपए की लागत से प्रसंस्करण और कोल्ड स्टोरेज इकाई की स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार के प्रस्ताव को केन्द्र सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान से चर्चा कर इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया था। जनजातीय परिवारों की आय को बढ़ावा देने और उपजों के संग्रहण के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, दंतेवाड़ा जिला प्रशासन पातररास गांव में एक एकीकृत कोल्ड चेन और बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण सुविधा स्थापित किया जा रहा है। यह अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा- प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) 2024 के तहत भारत में अपनी तरह की पहली सरकारी नेतृत्व वाली सुविधा-बस्तर क्षेत्र में वन और बागवानी उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्यह परियोजा देश में पीएमकेएसवाई 2024 के तहत पहली ऐसी सरकारी पहल है,




जो उपजों के परिरक्षण और उनकी बाजार तक पहुंच को आसान बनाएगी। परियोजना के तहत विकसित किया जा रहा बुनियादी ढांचा आदिवासी आजीविका के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। यह हमारे वन उपज संग्राहकों और किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त करने, उपज की बबार्दी को कम करने और बड़े बाजारों तक उपजों को पहुंचाने में मदद करेगी। समय के साथ, यह उपजों का मूल्य संवर्धन कर बस्तर की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगी और जो वास्तव में यहाँ के लोगों की अपनी परियोजना होगी। बस्तर अंचल के लिए यह एक युगांतकारी कदम साबित होगा। इस इकाई की स्थापना से इमली सहित अन्य उपजों के प्रसंस्करण, संरक्षण और निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही स्थानीय किसानों और लघु वनोपज संग्राहकों को उपज का उचित मूल्य मिलेगा, रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे और आर्थिक समृद्धि व सतत विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

24.98 करोड़ रूपए की लागत वाली यह परियोजना जिला परियोजना आजीविका महाविद्यालय सोसायटी (डीपीएलसीएस) दंतेवाड़ा द्वारा कार्यान्वित की जा रही है, जो जनजातीय क्षेत्रों में आजीविका सृजन के लिए प्रतिबद्ध एक सरकारी पंजीकृत निकाय है।

**उपजों के संग्रहण के बाद की कमी को पूरा करेगी परियोजना**

दंतेवाड़ा और आस-पास के जिलों में प्रचुर मात्रा में लघु वन उपज (एमएफपी) जैसे इमली, महुआ, जंगली आम, बाजरा और देशी मसाले पाए जाते हैं। हालांकि, उचित भंडारण, संरक्षण और मूल्य-संवर्धन बुनियादी ढांचे की कमी के कारण इस उपज का 7-20 प्रतिशत हिस्सा हर साल नष्ट हो जाता है। नई सुविधा कोल्ड स्टोरेज, गामा विकिरण, प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मिलाकर उपजों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, खराब होने को कम करने और स्थानीय उत्पादों की बाजार पहुंच क्षमता में सुधार करके इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करती है।

**परियोजना की मुख्य विशेषताएं**

राज्य द्वारा आवंटित भूमि पर पातररास गांव में स्थित इस परियोजना में शामिल हैं-

1500 मीट्रिक टन कोल्ड स्टोरेज
1000 मीट्रिक टन फ्रोजन स्टोरेज
5 स्टेजिंग कोल्ड रूम (प्रत्येक 30 मीट्रिक टन)

**ब्लास्ट फ्रीजर और पकने वाले चैम्बर** - गामा विकिरण इकाई (कोबाल्ट-60 स्रोत के साथ 1000 केसीआई) 3 रेफ्रिजरेटेड परिवहन वाहन (क्षमता प्रत्येक 9 मीट्रिक टन) सौर ऊर्जा प्रणाली (70 किलोवाट) वार्षिक रूप से 10,000 मीट्रिक टन से अधिक उपजों की प्रसंस्करण क्षमता के साथ, यह परियोजना दंतेवाड़ा, बस्तर, बीजापुर, सुकमा, कोंडागांव और नारायणपुर में किसानों और लघु वनोपज संग्राहकों के लिए लाभप्रद होगी।

पीएमकेएसवाई के तहत वित्त पोषित-सरकार के नेतृत्व में क्रियान्वयन में पहली बार

इस परियोजना को निम्नलिखित माध्यम से वित्तपोषित किया गया है- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) द्वारा प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत 10 करोड़ रूपए का सहायता अनुदान सहायता।

जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) से 14.98 करोड़ रूपए की सहायता।

यह पहली बार है जब किसी सरकारी संगठन या कि किसी निजी संस्था ने - पीएमकेएसवाई के तहत कोल्ड चेन और विकिरण सुविधा स्थापित की है, जो ग्रामीण भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के नेतृत्व वाले बुनियादी ढांचे के लिए एक खाका तैयार कर रही है।

आर्थिक और सामाजिक प्रभाव

इस परियोजना से किराये के संचालन और मूल्य वर्धित सेवाओं से 8.5 करोड़ रूपए का वार्षिक राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है, जिसमें अनुमानित आंतरिक दर प्रतिफल (रिटर्न) (आईआरआर) 29.35 प्रतिशत है। घाटे को कम करने और लाभप्रदता को बढ़ाने से, यह परियोजना सीधे आदिवासी उत्पादकों की आय में वृद्धि करेगी और आपूर्ति श्रृंखला में स्थानीय रोजगार पैदा करेगी। यह पहल स्थायी आजीविका तक पहुँच का विस्तार करके वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को कम करने के लिए क्षेत्रीय विकास रणनीतियों के साथ भी जुड़ी हुई है।

समय-सीमा और बाजार एकीकरण

भूमि अधिग्रहण पूरा होने और विकिरण प्रौद्योगिकी के लिए बीआरआईटी (विकिरण और आइसोटोप प्रौद्योगिकी बोर्ड) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के साथ, यह सुविधा 24 महीनों के भीतर चालू होने वाली है। प्रशासन ने पहले ही रायपुर और विशाखापत्तनम में बाजारों की पहचान कर ली है और व्यापक बाजार अपील के लिए निर्यात के अवसरों का पता लगाने और बस्तर-ब्रांडेड मूल्यवर्धित उत्पादों को विकसित करने की योजनाएँ चल रही हैं।

जनजातीय विकास के लिए एक राष्ट्रीय मॉडल

यह सुविधा इस बात का उदाहरण है कि कैसे नीति, सार्वजनिक अवसंरचना और स्थानीय उद्यमिता मिलकर लचीली ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण कर सकते हैं। क्षेत्र के भीतर मूल्य संवर्धन को बनाए रखते हुए, यह परियोजना सुनिश्चित करती है कि अधिक आय उन लोगों के पास रहे जो इसे उत्पादित करते हैं-बस्तर के आदिवासी समुदाय।

## न्यूज गैलरी

## जनजातीय गौरव दिवस धरती आबा जनभागीदारी अभियान जागरुकता एवं लाभ परिपूर्णता शिविर 15 से 30 जून तक



**अंबिकापुर/तुलसी (अम्बिकावाणी समाचार)।** जनजातीय गौरव दिवस धरती आबा जनभागीदारी अभियान जागरुकता एवं लाभ परिपूर्णता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन तुलसी सामु० स्वा०९३ (आयुष केन्द्र) लटोरी सूरजपुर आयुष विभाग द्वारा लगाया गया, यह शिविर २६ जून से ३० जून २०२५ तक संपन्न होगा, जिसमें आयुष विद्या द्वारा वात रोग, नेत्ररोग, ज्वर, स्त्री रोग, उदर रोग, त्वचा रोग, गैर संचारी रोग(बी.पी., मधुमेह) एवं विभिन्न एवं मौसमी बीमारियों का निदान कर निः शुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है। और आयुष, मताअनुसार स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए. संतुलित आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, राजिचर्या पर खान पान एवं मौसमी बीमारियों से बचने का उपाय बताया जा रहा है। इसमें शिविर में आयुष विभाग के डॉ० सुधीर कुमार फार्मासिस्ट आलोक कौशिक पुरुष आर० एच० ओ०, कौशल राजवाडे, द्वितीय ए०एन०एम० श्रीमति सुषमा रवि, एवं मितानिनगण एवं समस्त विभाग ग्रामीण क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर शासन की योजनाओं के बारे में शिविर में बताया जा रहा है। जिसका ग्रामीण जन साभ ले रहे हैं।

## 10वीं की छात्रा की लाश खेत में खून से लथपथ मिला



**तिल्दा।** रायपुर के खरोरा के पास बेलदारशिवनी गांव में एक 16 साल की नाबालिग लड़की की हत्या कर दी गई है। नाबालिग 26 जून को दोपहर एक बजे से घर से लापता थी। 27 जून को सुबह 11 बजे गांव के पास खेत में लड़की की लाश पड़ी हुई मिली। मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है। शव पर चाकू से वार किए जाने के निशान मिले हैं। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। खरोरा थाना क्षेत्र स्थित बेलदार सिवनी गांव में हुई हत्या एक नाबालिग लड़की की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। शव पर चाकू के निशान पाए गए हैं, जिससे उसकी बेरहमी से हत्या की पुष्टि हुई है। हत्या का संदेह रिश्ते में नाबालिग के भाई पर जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, मृतका खरोरा थाना क्षेत्र की ही है। जो 26 जून को दोपहर 1 बजे से लापता थी। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार सुबह उसकी लाश खरोरा क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच में पता चला है कि मृतका के रिश्ते में लगने वाले एक भाई फिलहाल फरार हो गया है। युवक रायपुर के रायपुरा में गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर लिया है। साथ ही स्नस्त्रु की टीम भी जांच के लिए पहुंच रही है। जांच में जुटी टीमजांच अधिकारियों का कहना है कि बच्ची के शरीर पर चाकू से वार किए गए हैं, जिससे उसकी मौत हुई। फिलहाल पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साथ ही अधिकारियों को नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने का भी संदेह है। वारदात के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। परिजनों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस तेजी से जांच में जुट गई है।

# मुख्यमंत्री साय एग्री-हॉटी क्रेता विक्रेता सम्मेलन में बगिया से वर्चुअल माध्यम से होंगे शामिल

**00 देश के कई राज्यों की कंपनियां होगी शामिल**
**00 फूड प्रोसेसिंग के माध्यम से स्वरोजगार की संभावना बढ़ेगी**
**00 आम-नाशपाती, सेब उत्पादक कृषकों के मध्य फसल प्रतियोगिता का होगा आयोजन**





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल 28 जून को एग्री-हॉटी क्रेता विक्रेता सम्मेलन में बगिया से ऑनलाइन वर्चुअल के माध्यम से शामिल होंगे। जशपुर जिले में किसानों के विकास, कृषि-उद्यान एवं रेशम उत्पाद को बढावा देने 'कृषि क्रांतिइ अभियान की शुरूआत जिला प्रशासन की पहल से शुरू की गई है, अभियान अंतर्गत पहली बार क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन जिला पंचायत जशपुर में किया जा रहा है। 28 तथा 29 जून 2025 तक आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस में क्रेता-विक्रेता परिचय एवं फसल विशेष संग्रहण, संरक्षण, प्रसंस्करण एवं कृषि, उद्यानिकी, रेशम एवं वन उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण, मापदण्ड एवं नियमों की जानकारी प्रदान की जाने के साथ फसल प्रदर्शनी का आयोजन की जाएगी।

द्वितीय दिवस 29 जून को विभिन्न राज्यों से आये उद्यमियों को किसान के खड़ी फसलों के भ्रमण का कार्यक्रम तय किया गया है। सम्मेलन में जिले के प्रगतिशील कृषक, देश के कई औषधि, राज्यों के उद्यमी, निर्यातक के विशेषज्ञ, लघु वनोपज संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के कई कृषि संबंद्ध कंपनियों से संपर्क किया गया है, जिसमें अधिक से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि के भाग लेने की संभावना है। जशपुर जिले में जैविक उत्पादों का बहुत बड़ा बाजार है। जंगल में काफी मात्रा में औषधीय, वन उपज उपलब्ध है। जिले में अधिक मात्रा में रेशम पालन की जाती है। इस सम्मेलन के माध्यम से जिले के किसानों को अपने उत्पाद को अधिक मूल्य में बेचने के लिए एक प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है, तथा किसानों को अपने उत्पाद की वर्तमान स्थिति, चुनौती और बाजार को समझने के साथ भविष्य की योजना तैयार करने में मदद मिलेगी।

किसान एफ.पी.ओ. के माध्यम से उत्पाद संग्रहण कर क्रेता कंपनी को विक्रय करेंगे, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। सम्मेलन में नाशपाती, आम फसल कृषकों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। यह सम्मेलन किसानों को सशक्त बनाने और उन्हें बाजार से जोड? की पहल है। एग्री-हॉटी क्रेता विक्रेता सम्मेलन के तहत जिला पंचायत जशपुर में सुबह 9 बजे से किसानों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जहां जिस किसान के दशहरी, आम्रपाली आम और नाशपाती के 6 फल का औसत सबसे ज्यादा वजन होगा उसे ईनाम दिया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 5 हजार, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार और तृतीय पुरस्कार 2 हजार रुपए रखा गया है।

## जीपीएम जिला गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में हुआ शामिल

### रक्त शक्ति महा अभियान में एक ही दिन में 51727 महिलाओं का हुआ एचबी जांच




**रायपुर।** एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को जिले में शामिल करते हुए 26 जून को गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में चलाए गए रक्त शक्ति महा अभियान में एक ही दिन में जिले की 13 से 45 वर्ष आयु वर्ग की 51,727 महिलाओं का हीमोग्लोबीन (एचबी) जांच कराने पर जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल हो गया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की स्टेट हेड श्रीमती सोनल राजेश शर्मा ने आज एसेम्बली हॉल मल्टीपरपज स्कूल पेण्ड्रा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा करते हुए जिला कलेक्टर को प्रमाण पत्र प्रदान किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में जिले का नाम दर्ज होने पर इस उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला प्रशासन को शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रक्त की कमी होने से बहुत सारी समस्याएं होती है। एचबी की वास्तविक जानकारी प्राप्त करने के लिए रक्त शक्ति महा अभियान ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। जिला कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि इस अभियान में जिला स्तर से लेकर मैदानी स्तर के सभी विभागों के अमले की सेवाएं ली गई। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और मीडिया की भी सराहनीय सहभागिता रही। अभियान में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की महिलाएं, पंचायत सचिव, पटवारी, कोटवार, ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारियों ने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान किया है।

## केबिनेट बैठक 30 जून को मंत्रालय में



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सोमवार 30 जून को 2025 को दोपहर 12 बजे राज्य मंत्रिपरिषद (केबिनेट) की बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित होगी।

## माना विमानतल में हुआ माक ड्रिल



**रायपुर।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद देश के सभी विमानतलों मे सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ा दी गई है और कोई दूसरा हादसा न हो इसके लिए एयरपोर्ट प्रबंधन के द्वारा माक ड्रिल भी किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद टर्मिनल में गुरुवार को माक ड्रिल किया गया। इस दौरान एयरपोर्ट बिल्डिंग, टर्मिनल, विमान के टेकऑफ करने और आग लगने जैसे सारी घटनाएं कर पैसेंजर्स को भी सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में सीआईएसएफ के अफसर-कर्मचारियों के साथ फायरब्रिगेड की रेस्क्यू टीमें भी शामिल हुए।

# धूमधाम से निकला भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा पुरानी बस्ती से

### 00 लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी भगवान की एक झलक प्राप्त करने के लिए

**रायपुर।** श्री जगन्नाथ मंदिर, टुरी हटरी, पुरानी बस्ती रायपुर से भगवान श्री स्वामी जगन्नाथ जी, सुभद्रा मैया, बलदाऊ जी सहित रथ यात्रा परंपरागत रूप से निकाली गई। भगवान की एक झलक प्राप्त करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह से ही श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान के दर्शन प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा हुआ था जो अपराह्न 3 बजे तक निरंतर जारी था। अंततः भारी भीड़ को देखते हुए लोगों से रथ यात्रा में ही भगवान का दर्शन प्राप्त करने का निवेदन किया गया।



सुबह 10 महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। यहां उनके आते ही होम, हवन, यज्ञ का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जो लगभग ढाई से तीन घंटे तक चलता रहा। भगवान की आरती संपन्न होने के पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ जी के भंडारा में भोजन प्रसाद प्राप्त किया। शाम 3:15 भगवान रथ पर अरुढ़ हुए। शाम 4:00 बजे पूजा अर्चना संपन्न होने के पश्चात रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ। लोगों ने सपरिवार भारी संख्या में उपस्थित होकर भगवान का दर्शन- पूजन करके अपना जीवन धन्य बनाया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि- भगवान श्री जगन्नाथ जी संपूर्ण जगत के स्वामी हैं अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए वर्ष में एक बार उनके दरवाजे तक जाते हैं। अषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को प्रत्येक वर्ष रथ यात्रा का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जाता है। इस वर्ष भी यह आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो रहा है। भगवान जगन्नाथ जी से उन्होंने संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामनाएं की।

**संत महात्माओं के द्वारा संकीर्तन**

श्री जगन्नाथ मंदिर में दूर दराज से आए हुए संत महात्माओं की टोली ने सुबह से ही निरंतर रथ यात्रा निकाले जाने तक भगवान का संकीर्तन किया वे सभी रथ यात्रा में भी शामिल हुए। रथ यात्रा के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन करने वालों में दाउ महेंद्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अजय तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, विजय पाली, रामकृष्ण पाली, तोयॉ्निधि वैष्णव, प्रशांत ठेंगड़ी, रमेश यदु, प्रफुल्ल कुमार झा, सालिक सिंह ठाकुर सहित अनेक नाम उल्लेखनीय हैं। रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए श्री जगन्नाथ मंदिर के पुजारी तिलक दास जी,मुख्तियार राम छवि दास जी, राहुल उपाध्याय, रामप्रिय दास जी, हर्ष दुबे, रामलोचन दास जी, प्रवेश नारायण शुक्ला, अजय शुक्ला, अंकुश जी, शशांक जी सहित अनेकों लोगों ने सहभागिता निभाई प्रेस को जानकारी मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव ने प्रदान की।

## राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 : दूसरे दिन उपस्थिति रहे 1816 अभियार्थी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 का आयोजन 26 जून से 29 जून 2025 तक किया जा रहा है। यह परीक्षा चार दिवसों तक रायपुर के तीन परीक्षा केंद्रों में दो पालियों – प्रातः 9 से 12 बजे एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक संपन्न हो रही है।परीक्षा के दूसरे दिन (27 जून 2025) को अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। प्रथम पाली में कुल 985 में से 910 अभ्यर्थी उपस्थित रहे एवं द्वितीय पाली में 985 में से 906 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। परीक्षा शांति पूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से हो रही है।

# नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की नई रेखा, अंतिम चरण में रेल सर्वे

### 00 कोठागुडेम-किरंदुल रेललाइन सर्वे को मिली रफ्तार, लिडार तकनीक से हो रहा सर्वे
### 00 सुकमा-दंतेवाड़ा-बीजापुर जिलों को मिलेगी रेल कनेक्टिविटी


**रायपुर।** देश के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में से एक - बस्तर अंचल - में विकास की गाड़ी अब तेजी पकड़ रही है। कोठागुडेम (तेलंगाना) से किरंदुल (छत्तीसगढ़) तक प्रस्तावित 160.33 किमी लंबी नई रेललाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे (स्नरुस्) कार्य को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सर्वे अब अंतिम चरण में है।इस प्रस्तावित रेललाइन का 138.51 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगा, जो अब तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे हैं। यह परियोजना न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि इन जिलों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। रेलवे द्वारा अत्याधुनिक लिडार तकनीक के माध्यम से सर्वे कार्य किया जा रहा है। यह रेललाइन परियोजना गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से मॉनिटर की जा रही है, और इसे आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय रेल विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया है, जिनके निर्देशों और समन्वय से यह सर्वे कार्य पुनः गति पकड़ सका। यह रेलमार्ग भविष्य में बस्तर अंचल के लिए सुरक्षा, समावेशन और समृद्धि का प्रतीक बनने जा रहा है।




■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित, 0 प्रधान संपादक-महेन्द्र सिंह टुटेजा,Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ RNI No. 50247/89 ■ Postal Regn No./ छ.ग./रायगढ़/009/2016 से 2018 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com

KJ
स्थापना - 1928
मानक पथप्रदर्शक
100% Hallmark Jewellery
कंचन ज्वेलर्स
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों का विशाल संग्रह
सदर रोड, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़)
फोन. - 07774-222309

सरगुजा संभाग
# अम्बिकावाणी
■ सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर



जब जीवन में हर परिस्थिति का सामना करना ही है तो प्रेम से सामना क्यों न करें।

राशन कार्ड धारियों के लिए मुसीबत बना ओटीपी नियम- 10



■ नशा निवारण दिवस पर नशे के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की दी गई जानकारी- 12

# सरगुजा में 2 घोड़ों में ग्लैंडर्स बीमारी... जहर देकर मारे जाएंगे

## पांचवीं रिपोर्ट पॉजिटिव आई; निगम क्षेत्र में 3 महीने घोड़े-खच्चर, गधों के आवागमन पर प्रतिबंध

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

सरगुजा जिले में घोड़ों, गधों और खच्चरों में पाई जाने वाली खतरनाक संक्रामक बीमारी ग्लैंडर्स की पुष्टि हुई है। यहां शादी-विवाह में इस्तेमाल होने वाले दो घोड़े में ग्लैंडर्स के लक्षण मिले थे। इसकी पुष्टि के लिए राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, हिसार को ब्लड सैंपल भेजा गया था। पांचवीं बार भेजे गए दोनों घोड़ों के ब्लड सैंपल पॉजिटिव मिले हैं। दोनों घोड़ों को निर्धारित प्रोटोकाल के तहत जहर देकर मारा जाएगा।





सरगुजा में शादी समारोहों में इस्तेमाल होने वाले एक घोड़े में ग्लैंडर्स के लक्षण मिले थे। उस घोड़े को दूसरे घोड़े के साथ रखा गया था। इन घोड़ों के ब्लड सैंपल जांच के लिए चार बार राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, हिसार भेजे गए थे, लेकिन इन रिपोर्ट में एक घोड़े की रिपोर्ट पॉजिटिव और दूसरे की नेगेटिव आई थी। पांचवीं बार भेजे गए दोनों सैंपल पॉजिटिव मिले हैं। वहीं ग्लैंडर्स की पुष्टि होने के बाद अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में अगले ३ महीने तक अश्व प्रजाति के पशुओं के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। राज्य सरकार ने इसके आदेश जारी किए हैं। नियमानुसार ग्लैंडर्स की पुष्टि तभी हो सकती है, जब दोनों रिपोर्ट पॉजिटिव आएं। अब दोनों घोड़ों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। प्रोटोकाल के तहत इन घोड़े को निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार जहर देकर मारा जाएगा। इसके लिए कलेक्टर से अनुमति लेकर दोनों घोड़ों को आज मारने की तैयारी है। प्रोटोकाल के तहत दोनों घोड़ों को पहले एनीस्थिसिया दिया जाएगा, फिर उन्हें जहर देकर मारा जाएगा और फिर उन्हें दफन किया जाएगा। घोड़ों के मालिक को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### उत्तर छत्तीसगढ़ में पहली बार मिला संक्रमण

उत्तर छत्तीसगढ़ के घोड़ों में पहली बार इस बीमारी के लक्षण पाए गए हैं। सरगुजा में कुल २८ घोड़े हैं। संदिग्ध संक्रमित घोड़े को अंबिकापुर शहर में ही २ अन्य घोड़ों के साथ रखा गया। इन्हीं घोड़ों के साथ रहने वाले एक घोड़े की पहले मौत हो चुकी है।

### पाठ क्षेत्र में आज भी घोड़े का उपयोग

उत्तर छत्तीसगढ़ के पठारी क्षेत्रों के अलावा कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में रहने वाले लोग आज भी घोड़े पालते हैं। इनका उपयोग सामानों की ढुलाई के अलावा व्यक्तिगत आवाजाही के लिए भी किया जाता है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल मैनपाट में भी कुछ लोगों ने घोड़े रखे हैं। यहां पहुंचने वाले सैलानियों के लिए ये घोड़े आकर्षण के केंद्र होते हैं।

### जानवरों से मनुष्यों में फैल सकती है-सीके मिश्रा

वरिष्ठ पशु चिकित्सक सीके मिश्रा ने बताया कि यह बीमारी बर्कहोल्डरिया मैलेई बैक्टीरिया से होती है। यह मनुष्यों सहित अन्य जानवरों में भी फैल सकती है। इससे इसकी गंभीरता और बढ़ जाती है। यह एक जूनोटिक बीमारी है, जिसका मतलब है कि यह जानवरों से मनुष्यों में फैल सकती है।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए 28 व 29 जून को शिविर आयोजित

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

जिला परिवहन अधिकारी श्री यशवंत यादव ने बताया है कि जिले के २०१९ से पहले के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने हेतु फॉर्म भरने के लिए परिवहन विभाग द्वारा २८ एवं २९ जून २०२५ को जिला परिवहन कार्यालय बलरामपुर, श्रीराम परिवहन सुविधा केन्द्र, हॉस्पिटल चौक रामानुजगंज, जायसवाल परिवहन सुविधा केन्द्र वाड्रफनगर, अपेक्षा परिवहन सुविधा केंद्र रामानुजगंज, एस.आर.एस. परिवहन सुविधा केन्द्र राजपुर एवं शाहिद परिवहन सुविधा केन्द्र शंकरगढ़ में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर लाना आवश्यक है। दो पहिया वाहन के लिए ४६६ रुपये, तीन पहिया वाहनों के लिए ५२८ रुपये, चार पहिया वाहनों के लिए ७५७ रुपये तथा भारी माल वाहनों के लिए ८०६ रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

# अवैध रूप से घुसपैठ कर रहने वाले अप्रवासी नागरिकों की तलाश तेज,सूचना देने हेतु टोल फ्री नंबर जारी

## एसपी सरगुजा ने पुलिस पेट्रोलिंग वाहनों पर स्टिकर किया चस्पा

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

छत्तीसगढ़ शासन के निदेर्शानुसार राज्य में अवैध रूप से घुसपैठ कर रहने वाले अप्रवासी नागरिकों की तलाश, पतासाजी के लिए व्यापक अभियान छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के क्रम मे अवैध अप्रवासियों के संबंध में सूचना प्रदान करने हेतु पुलिस मुख्यालय रायपुर



द्वारा टोल फी नंबर जारी किया गया है, उक्त टोल फ्री नंबर के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे सभी पेट्रोलिंग वाहनो पर अवैध अप्रवासी हेल्प लाईन नंबर १८००२३-३१९०५ का स्टिकर चस्पा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिससे अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियो की पहचान हेतु सूचनाएं आमनागरिकों से प्राप्त की जा सके, इसी क्रम मे आज दिनांक कों जिले मे पेट्रोलिंग ड्यूटी मे लगे सभी वाहनों एवं उक्त वाहनों मे कर्तव्यस्थ अधिकारियो/कर्मचारियों कों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रांगण मे एकत्रित कर स्टिकर चस्पा किया गया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा वाहनों मे स्टिकर चस्पा कर कर्तव्यस्थ अधिकारियो/कर्मचारियों कों उक्त टोल फ्री नंबर कों आम लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि अवैध रूप से रह रहे अप्रवासी नागरिकों के संबंध में पुलिस को अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो सके।

ज्ञात हो कि अवैध अप्रवासियों की संदिग्ध एवं देश विरोधी गतिविधियों को देखते हुए उनकी पहचान कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने एवं उन्हें निर्वासित करने हेतु पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा प्रत्येक जिले में स्ङ्खस्न का गठन किया गया है एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। टोल फ्री नंबर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच लुक छिपकर निवास कर रहे अवैध रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी नागरिकों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना है, जिससे अवैध अप्रवासियों को चिन्हित कर उनके निर्वासन की कार्यवाही की जा सके। आम नागरिकों से अपील है कि आपके आसपास अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध अप्रवासी नागरिकों के संबंध में सूचना त्वरित रूप से टोल फ्री नंबर १८००२३३१९०५ पर प्रदाय करें, जिससे सूचना की तस्दीकी एवं वैधानिक कार्यवाही पुलिस टीम द्वारा किया जा सके। टोल फ्री नंबर के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी पोस्टर, स्टिकर एवं बैनर लगाए गए हैं। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों, ट्रैफिक शाखा प्रभारी उप निरीक्षक विजय केवर्त, प्रधान आरक्षक संजीव त्रिपाठी, जिले के पेट्रोलिंग वाहनों मे कर्तव्यस्थ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 26 लीटर महुआ शराब के साथ विक्रेता गिरफ्तार, गया जेल



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

आबकारी उड़नदस्ता टीम ने सरगुजा जिले के हरिहरपुर निवासी लालजी भगत के कब्जे से २६ लीटर महुआ शराब जप्त कर जेल दाखिल की कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त श्याम धावडे के दिशा निर्देश पर तथा उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन में संभागीय आबकारी उड़नदस्ता सरगुजा की टीम ने सरगुजा जिले में आज महुआ शराब विक्रेता पर बड़ी कार्रवाई की।। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना दरिमा अंतर्गत हरिहरपुर ग्राम निवासी लालजी भगत अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है.. सूचना की विश्वसनीयता पर तत्काल आबकारी उड़न दस्ता टीम ने लालजी भगत के घर दबिश दी,, घर की तलाशी में २६ लीटर महुआ शराब बरामद किया गया,, आरोपी लालजी भगत को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा ३४(२) एवं ५९ (क) के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय अंबिकापुर में प्रस्तुत किया गया माननीय न्यायालय ने जेल दाखिल का आदेश प्रदान किया। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के द्वारा की गई। हमराह स्टाफ मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं अंजू एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव में श्यामनगर के प्राचार्य एवं छात्रा का हुआ सम्मान

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्राचार्य प्रदीप जायसवाल और उत्कृष्ट छात्रा कु0 आस्था राजवाडे को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

सूरजपुर जिले का जिला स्तरीय प्रवेष उत्सव संपन्न हुआ, जिसमें महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले प्रतापपुर विकासखंड के शा०उ० मा० वि० श्यामनगर के प्राचार्य प्रदीप जायसवाल को सम्मान पत्र एवं साल देकर सम्मानित किया। साथ ही श्यामनगर की उत्कृष्ट छात्रा कु० आस्था राजवाड़े को भी प्रशस्ति पत्र एवं देकर सम्मानित किया । कु० आस्था राजवाड़े ने कक्षा १० वीं में ९५ प्रतिशत अंक हासिल कर सूरजपुर जिले के टाप टेन सूची में




दूसरा स्थान और विकास खंड के टापटेन सूची में पहला स्थान बनाकर विद्यालय विकास खंड और जिले का नाम रौशन किया है। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामनगर का विगत ८ वर्षों से हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत है। इस वर्ष २०२५ में भी विकास खंड एवं जिला स्तर पर श्यामनगर के विद्यार्थियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। जिला स्तरीय हाई स्कूल टापटेन सूची मे कुमारी आस्था रजवाडे. दूसरा स्थान और विकास खंड स्तरीय टापटेन सूची मे पहला स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकेंडरी के विकास खंड स्तरीय टापटेन सूची मे कु० डीगमणि दूसरा और कु० नीलम तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस वर्ष कक्षा १२ वीं के होनहार छात्र उमाशंकर का चयन अग्निवीर आर्मी २०२५ के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर सम्पूर्ण अंचल गौरान्वित हुआ है। शा० उ० मा० विद्यालय श्यामनगर शिक्षा के साथ - साथ सभी गतिविधियों हमेषा अग्रणी रहता है। प्राचार्य प्रदीप कुमार जायसवाल ने कहा कि इन होनहार विद्यार्थियों ने विद्यालय और विकास खंड को गौरवान्वित किया है। इनके बदौलत हम आज जिला स्तर पर उत्कृष्ट स्थान हासिल कर सके हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों एवं शिक्षकों ने कड़ी मेहनत से १०वीं और १२वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा फल देने के लिए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दिया। इस उपलब्धि पर राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्यता अजय कुमार चतुवेर्दी, व्याख्यता लीलाधर नायक, अजय पटवा, विवेक एक्का, विजय भारती, श्रीमती गितांजलि जायसवाल, श्रीमती शशि पटवा, श्रीमती सुचित्रा सिंह श्रीमती अंजना कुजूर, प्रियंका साहू, सहित स्टाफ के सभी सदस्यों ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## जिले में अब तक 107.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

भू अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के सभी तहसीलों में २४ घण्टे के दौरान ११.७ मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक १५.६ मि.मी. वर्षा तहसील मैनपाट में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में १ जून से अब तक १०७.४ मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि ०१ जून २०२५ से २७ जून २०२५ तक अम्बिकापुर में ११४.१, दरिमा में ६७.८, लुण्ड्रा में १२०.४, सीतापुर में १६९.७, ।

## मोर गांव मोर पानी योजना को कर रहे हैं साकार-जनपद सीईओ शंकरगढ़

**राजपुर(शंकरगढ़)(अम्बिकावाणी समाचार)।**

बलरामपुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलरामपुर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के निदेर्शानुसार जनपद पंचायत शंकरगढ़ अंतर्गत मोर गांव मोर पानी महाअभियान अंतर्गत जनपद पंचायत के सीईओ संजय दूबे एवं पीओ प्रीति प्रियंका लकड़ा के द्वारा शासकीय पंचायत भवन परिसर सरगंवा और सरिमा में वृक्षारोपण कार्य किया गया एवं साथ ही भू जल स्तर का पंचायत भवन में दिवाल लेखन का भी निरक्षण किया गया। ०३ जुलाई २०२५ को मोर



गांव मोर पानी चर रहे महाअभियान के अंतर्गत जल संरक्षण,संवर्धन गांव का पानी गांव में ही,घर का पानी घर में ही के अवधारणा के तहत प्रत्येक घरों में सोखता गड्ढा श्रमदान के तहत प्रत्येक घरों में निर्माण कार्य कराने हेतु ग्राम पंचायतो में घूम-घूम कर व्यापक कार्य को करने हेतु इसके प्रचार प्रसार हेतु नारा लेखन इत्यादि का मुआयना किया गया।

शंकरगढ़ जनपद पंचायत के सीईओ संजय दूबे ने बताया कि जिले के उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार हम सभी पंचायतों में घूम घूम कर पंचायत भवन शासकीय परिसरों में पौधा रोपण का कार्य कर रहे हैं साथ ही महाअभियान मोर गांव मोर पानी के तहत जल संरक्षण के लिए लोगों को दिवाल लेखन व मूनादी करा कर जागरूक किया जा रहा है इसके अलावा श्रमदान के द्वारा हर घर सोखता गड्ढा करा कर भू जल श्रोत बढ़ाने में लोग अपना भागीदारी दें इसके लिए सतत प्रयास किया जा रहा है।

# राशन कार्ड धारियों के लिए मुसीबत बना ओटीपी नियम

**रामानुजगंज(अम्बिकावाणी समाचार)।**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राशन कार्ड में ओटीपी का आदेश जनता के मुसीबत बन चुका है। इस आदेश से ग्रामीण अंचल हो या शहर सभी जगहों पर काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। जहां नेटवर्क हमेशा धीमा चलता है अथवा लंबे समय तक गायब रहता है ऐसे में राशन दुकानदारों तथा राशन लेने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। न केवल गांव में बल्कि शहर में भी ओटीपी नंबर आने में एक दिन लग जा रहें हैं। लोग बोरा-थैला लिए दिन भर राशन दुकान के सामने बैठे रहते हैं। कई लोगों को तो चार दिन बाद राशन मिला है। यहां के राशन लेने वाले या बांटने वाले दोनों का कहना है की फिंगरप्रिंट वाला सिस्टम ही ठीक था जिसमें १५०- २०० ग्राहक को प्रतिदिन राशन मिल जाया करता था वहीं अब तो १०-१५ को भी नही मिल पा रहा है।

शासन द्वारा १ जून से चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसके लिए विगत माह आदेश भी जारी किया गया है कि जून, जुलाई व अगस्त ३ माह का राशन एक साथ कार्ड धारियों को दिया जाएगा, लेकिन आदेश जारी करने के बाद नियम में बदलाव करने से अब अंगूठे से नहीं, बल्कि मोबाइल में ओटीपी आने से ही राशन मिलेगा। तीन माह के लिए छह बार ओटीपी आने पर ही हितग्राही राशन के हकदार होंगे। जगह का अभाव होने पर कई स्थानों पर तो तीन माह का राशन ही भंडारण नहीं हुआ है। ऐसे में भला हितग्राहियों को एक साथ तीन माह का विक्रेता राशन कैसे देंगे।



विगत १ जून से तीन माह का बरसात समय का एक साथ एक मुश्त राशन देने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है, लेकिन ब्लॉक में गिने-चुने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों विक्रेता द्वारा राशन वितरण किया जा रहा है। दरअसल, तीन माह का राशन वितरण के लिए एक कार्ड धारी को २० से ३० मिनट का समय लग रहा है। पुरानी ई-पॉश मशीन में अंगूठा का विकल्प समाप्त होने से अब नई मशीन में ओटीपी से राशन वितरण हो रहा है। ओटीपी आने पर ही राशन के हकदार एक राशन कार्ड धारी को राशन के लिए उनके मोबाइल में ५ से ६ बार ओटीपी आने पर ही वे राशन लेने के हकदार हो रहे हैं।

कई बार सर्वर समस्या आने पर ५ - ६ की जगह सात बार ओटीपी आने पर ही राशन सबमिट हो रहा है। पूर्व में अंगूठा लगाने पर ही तत्काल १ मिनट के अंदर हितग्राही को एक माह का राशन प्राप्त हो जाता था। लेकिन, नियम में बदलाव से अंगूठा प्रक्रिया बंद होने से मोबाइल में ओटीपी आने पर ही राशन उनके नाम पर जारी हो रहा है और एक हितग्राही के पीछे विक्रेता को २० से ३० मिनट का समय लग रहा है।

**राशनकार्ड धारियों की समस्या**

यहां पर लगभग २१०० कार्डधारी हैं इसमे २३५ लोगो को राशन वितरण किया जा सका है। ऐसे में आने वाले दो तीन माह में भी राशन वितरण नहीं किया जा सकेगा। ऐसी स्थिति सिर्फ शहर की ही नहीं है आसपास गांव में भी गिने-चुने विक्रेताओं द्वारा राशन वितरण की प्रक्रिया शुरू तो की गई है, लेकिन प्रक्रिया जटिल होने पर गिनती भर के राशन कार्डधारियों को राशन दिया जा रहा है। अगर किसी को पूरा राशन मिल भी रहा है तो आधार से जुड़ा रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर पांच से छः बार की ओटीपी आने पर ही हितग्राहियों को राशन मिल पा रहा है।

**नई ई-पॉश मशीन से राशन वितरण में बढ़ गई है परेशानी**

राशन विक्रेता ने बताया कि १९ जून से नया ई-पॉश मशीन हमलोगों को शासन की ओर से मिल गया है उसके बाद भी राशन वितरण करने में आसानी नही हो रही है क्योंकि नेटवर्क समस्या ज्यादा है, सर्वर में बहुत दिक्कतें आ रही है।

वर्तमान में जहां-जहां भी राशन वितरण शुरू किया गया है, वहां ओटीपी से ही राशन वितरण हो रहे हैं। ओटीपी से राशन वितरण करना विक्रेताओं के लिए व कार्डधारी के लिए चुनौती बन गया है। एक घंटे में मुश्किल से २ लोगों को ही राशन वितरण कर पा रहे हैं।

**मशीन में ३० से ३५ सेकंड के बाद ओटीपी की वैधता हो जाती है समाप्त**

जो बिना मोबाइल लिए राशन लेने शासकीय उचित मूल्य की दुकान पहुंच रहे हैं, उनके लिए राशन लेना टेढ़ी खीर है। दरअसल, ओटीपी तो कई बार ५ मिनट में तो कई बार १० मिनट में हितग्राहियों के मोबाइल में पहुंचता है। जिसकी वैधता १० मिनट ओटीपी में लिखा जरूर आता है, लेकिन ई-पॉश मशीन में ३० से ३५ सेकंड के बाद ओटीपी की वैधता समाप्त हो जाती है। ऐसे में कार्डधारी हितग्राही विक्रेताओं पर अपना गुस्सा भी उतार रहें हैं। विक्रेताओ को प्रतिदिन किसी न किसी हितग्राही से विवाद की स्थिति बनती है।

**सर्वर की समस्या लगभग जगहो पर हो रही-सहायक खाद्य अधिकारी**

इस सम्बंध में सहायक खाद्य अधिकारी रामानुजगंज ने बताया कि पहले जिस मशीन से राशन वितरण किया जाता था उसके स्थान पर अब ई-पॉश मशीन आ गया है इसमें सर्वर की समस्या लगभग जगहो पर हो रही है जिससे राशन वितरण में काफी समस्या आ रही है इसके बारे में उच्च अधिकारियों से बातचीत चल रही है जल्दी कोई समाधान निकाल लिया जाएगा।

# 7 से 9 जुलाई तक मैनपाट में आयोजित होगा मंत्री, सांसद, एवं विधायकों का प्रशिक्षण शिविर

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम को लेकर आज कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने मैनपाट के कर्मा रिसोर्ट में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली, इस दौरान सीतापुर विधायक श्री रामकुमार टोप्पो, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, डीएफओ श्री अभिषेक जोगावत, जिला सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, एसडीएम श्री नीरज कौशिक सहित प्रशासनिक अधिकारी सहित राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि ७, ८ और ९ जुलाई को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक गण प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, हेलीपैड व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, मजिस्ट्रेट ड्यूटी, पार्किंग व्यवस्था, पानी व्यवस्था, पास व्यवस्था, ट्रांसपोर्टिंग, डोम पंडाल, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कहा कि, बरसात के मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल में तड़ित लाचक की व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था, एलिफेंट कंट्रोल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# दल से बिछड़े दो हाथियो ने गाँव में मचाया उत्पात, घर को तोड़ कर अंदर रखे अनाज को किया चट

**सीतापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

सरगुजा रायगढ़ सरहद मैनपाट से अपने दल से बिछडे दो हाथियो ने मैंनपाठ के तराई क्षेत्र जामकानी में पहुंच कर जमकर उत्पात मचाया, वहा के कई घरों को तोड़ फोड़ कर घर के भीतर रखें अनाज को चट कर गया। हाथियों के आगमन से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। रायगढ़ सरगुजा के सरहदी क्षेत्र में विगत पांच दिनों से जंगली हाथियों का दल आस पास के जंगल में डटा हुआ है।जिसमें से दो हाथी दल से बिछड़ कर आस पास के रिहायशी क्षेत्र में घुस कर उत्पात मचा रहे है। बीती रात ग्राम जामकानी के परसापारा में हाथी आ धमके और गोपाल एवं भूषण सिदार के मकान को तोड़ कर घर में रखे धान, चावल चट कर गये।



हाथियो के धमक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।तथा हाथियों के डर से ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। वही सूचना के बाद भी वन विभाग का सुस्त रवैया के प्रति ग्रामीणों में काफी रोष है। उन्होंने इस क्षति पूर्ति हेतु शासन से उचित मुआवजे की मांग कि है।

# एक ही कमरे में जमीन पर सो रहे दो लोगों की मौत, सर्पदंश की आशंका

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

एक ही कमरे में खाना पीना खाकर सो रहे चार लोगों में दो लोगों की मौत संदिग्ध रूप से हो गई। हालांकि जिस प्रकार की उनकी स्थिति थी उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों की मौत सांप के काटने से हुई होगी। पुलिस ने उक्त मामले में मर्ग कायम कर लिया है।जानकारी के अनुसार कमलेश्वरपुर क्षेत्र के ग्राम सुपलगा निवासी सुनील पहाड़ी कोरवा पिता मंगल साय उम्र १७ वर्ष कुछ समय से अंबिकापुर के गांधीनगर क्षेत्र स्थित पटपरिया में एक किराए का मकान लेकर मजदूरी के काम करता था। बीती रात वह परिवार के अन्य दो सदस्यों एवं रिश्तेदार महिला १८ वर्षीय मनीता सभी खाना खाकर जमीन पर सो रहे थे। देर रात १२:०० बजे के लगभग मनीता उठी और कमर दर्द होने की बात कही। परिवार के लोग जब तक कुछ समझ पाए तब तक २:०० बजे सुनील के शरीर में भी दर्द होने लगा। स्थिति बिगड़ने पर १०८ वाहन को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर १०८ वाहन मौके पर पहुंचा।

उसी के जरिए तत्काल दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# युक्तियुक्तकरण में व्यापक स्तर में विसंगतियां आ रही सामने

**रामानुजगंज(अम्बिकावाणी समाचार)।**

छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जिस मनसा से युक्तियुक्तकरण किया गया था वहीं रामचंद्रपुर विकासखंड में शासन की मनसा पूर्ति होते नहीं दिख रहा है यहां शिक्षा अधिकारियों के लापरवाही से युक्तियुक्तकरण में व्यापक स्तर में विसंगतियां सामने आ रही है जिसका विभिन्न शिक्षक संघ के द्वारा भी व्यापक विरोध किया जा रहा है। अभी भी कई स्कूल में एकल शिक्षकयी एवं अतिशेष में विसंगति है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय रामानुजगंज में स्थित है परंतु इसके नजदीक के ग्रामों में भी युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगति है। रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम नगरा प्राथमिक शाला जहां कुल दर्ज संख्या ३९ है यहां ५ शिक्षक है जिसमें से दो अतिशेष से होना चाहिए किंतु एक ही अतिशेष है। माध्यमिक शाला सूअरकोडवा यहां कुल संख्या २९ है कुल शिक्षक तीन किंतु यहां पर १ शिक्षक युक्तियुक्तिकरण से पोस्टिंग किया गया है।इसी प्रकार विकासखंड के कई स्कूल है जहां युक्ति युक्त करण में व्यापक विसंगति है।

**मुख्यालय के नजदीक के कई स्कूल हैं एकल शिक्षकयी**

विकासखंड मुख्यालय के नजदीक के कई स्कूल एकल शिक्षकिय युक्तियुक्तकरण के बाद भी बने हुए हैं जिसमें प्राथमिक शाला ग्राम ताम्बेश्वनगर संकुल देवगई प्राथमिक शाला बजनापारा, दुमुहानपारा, केरवासिला है।

**शहर में भी है युक्तियुक्तकरण में विसंगति**

ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगति देखने को मिल रही है वहीं रामानुजगंज के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में जीव विज्ञान व्याख्याता का पोस्टिंग किया गया है जबकि यहां जीव विज्ञान से पहले से पद भरा हुआ था। युक्तियुक्त करण के नाम पर हुए गड़बड़ी से शिक्षक परेशान है।

# युवती कों काम दिलाने का झांसा देकर मानव तस्करी, 4 अंतर्राज्यीय आरोपी समेत 7 आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

युवती को काम दिलाने का झांसा देकर उसे उत्तर प्रदेश में बेच देने के मामले में मणिपुर पुलिस ने ४ अंतर्राज्यीय आरोपी समेत ७ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में तीन स्थानीय है।

आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त ०४ नग मोबाइल एवं प्रार्थिया से लिया गया ०१ नग मोबाइल एवं नगद रकम ३१००/- रुपये बरामद किया गया।प्रकरण का अन्य आरोपी घटना दिनांक से फरार है जिनका पता तलाश किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि प्राथीर्या द्वारा २१ जून को थाना मणिपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि लगभग ०६ माह पूर्व प्रार्थी की चचेरी बहन काम की तलाश मे प्रार्थिया के पास आई थी, कुछ दिन अंबिकापुर के होटल मे प्रार्थिया के साथ काम करने के बाद प्रार्थिया की बहन अलग अलग जगह काम करते हुए बंडाबहरा अंबिकापुर स्थित एक होटल मे वेटर का काम करने लगी। होटल मालिक द्वारा होटल के पास मे ही दिये गये किराये के कमरे मे रहती थी। ०५ जूऐ को प्रार्थिया और उसके अन्य साथी चचेरी बहन से मिलकर आये थे। १९ जून को प्रार्थिया के मोबाईल नम्बर पर अज्ञात मोबाइल नंबर धारक द्वारा फोन कर बोला गया कि प्रार्थिया की बहन उसके पास है, एक लाख रुपए दो और अपनी बहन को ले जाओ फिर उसके बाद प्रार्थिया की बहन से उसका बात कराया गया, तब प्रार्थिया अपनी चचेरी बहन से पूछताछ की तो इसकी बहन बताई कि चठिरमा अम्बिकापुर निवासी काबिल अंसारी उसकी पत्नी हीना और रामेश्वरी सोनवानी पीड़िता कों अधिक पैसे का काम दिलाने का झांसा देकर उत्तरप्रदेश ले जाकर एक लाख रुपए में बेच दिए है, मामले मे प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना मणीपुर में धारा १४३(२), ८७, ३ (५) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

मामले कों संज्ञान मे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे विशेष पुलिस टीम का गठन कर पीड़ित युवती कों तत्काल बरामद कर मामले के आरोपियों के विरुद्ध सख़्ती से कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, इसी क्रम मे पुलिस टीम द्वारा दौरान विवेचना मामले की प्रार्थिया से पूछताछ कर कथन दर्ज किया जाकर आरोपियों के सम्बन्ध मे तकनिकी जानकारी प्राप्त कर मामले मे शामिल आरोपियों कों दिनांक २१ जून कों गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया। आरोपियों द्वारा अपना नाम काबिल अंसारी पिता समीम अंसारी उम्र ३१ वर्ष निवासी ग्राम



बांहो कुदा थाना रंका जिला गढ़वा झारखण्ड हा.मु. चठिरमा बैरियर के पास थाना गांधीनगर, हीना पति काबिल अंसारी उम्र २९ वर्ष निवासी टपरकेला थाना लखनपुर, रामेश्वरी सोनवानी पति ज्ञानचंद सोनवानी उम्र ५१ वर्ष निवासी टपरकेला थाना लखनपुर का होना बताये। मामले के आरोपी काबिल अंसारी का दिनांक २१ जून से पुलिस रिमांड लेकर घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर बताया कि आरोपी काबिल अंसारी का जानपहचान भिंड मध्यप्रदेश निवासी सुरेन्दर कुशवाहा से करीब ०२ वर्ष पूर्व हुआ था, जो शादी के लिए लड़की खोजने गढ़वा झारखण्ड आया था। वही काबिल अंसारी की मुलाकात सुरेन्द्र कुशवाहा से हुई थी। बातचीत के दौरान सुरेन्दर आरोपी से बोला था कि कोई लड़की मिलेगी तो बताना। शादी के लिए गांव के लड़को से शादी करा देगें और उसके बदले अच्छा पैसा भी दिलवाउंगा। फिर उसने अपना मोबाईल नंबर भी दिया था। इसी दौरान आरोपी की पत्नी की सहेली (पीड़िता) लगभग २०-२२ दिन पहले आरोपी के घर आई थी, तब आरोपी पीड़िता को देखकर उसकों शादी के लिए बेचकर पैसा कमाने की योजना होने की जानकारी अपनी पत्नी हीना कों बताया, और बाद मे अपनी सास रामेश्वरी कों भी रुपये का लालच देकर घटना मे शामिल कर लिया।

बाद मे सुरेन्दर कुशवाहा के कहने पर आरोपी काबिल अंसारी उसकी पत्नी हीना और सास रामेश्वरी के साथ मिलकर पीड़िता कों कानपुर उत्तरप्रदेश ले गए। आरोपी काबिल, सुरेन्दर कुशवाहा से संपर्क किया तब सुरेन्दर बोला कि अपनी सास रामेश्वरी कों लड़की की माँ बनाकर औरया उत्तरप्रदेश भेज दो, तब आरोपी अपनी सास रामेश्वरी के साथ पीड़िता कों औरया उत्तरप्रदेश भेज दिया जहां पर सुरेन्दर कुशवाहा एवं उसका साथी सकील मिला जो रामेश्वरी से कुछ बात किये फिर सभी आरोपीगण पीड़िता कों शादी करने की बात बोले जो पीड़िता द्वारा मना करने पर आरोपियों द्वारा पीड़िता कों जान से मारने की धमकी देकर जबरन विवाह हेतु हामी भरवाया गया। मौके पर रामेश्वरी लड़की (पीड़िता) की माँ बनकर लड़के वालो से मिली थी, उसके बाद मंदिर मे शादी हेतु लड़का सुमित राठौर और उसके पिता राकेश राठौर आये और पीड़िता का सुमित राठौर से माला डलवाकर मंदिर मे जबरन शादी करवा दिए। इसके बदले मे सुरेन्दर कुशवाहा रामेश्वरी कों ४००००/- रुपये दिया था और बाद मे रामेश्वरी आते समय पीड़िता का मोबाइल ले आई थी जिससे पीड़िता किसी से संपर्क ना कर सके। तब आरोपी काबिल रामेश्वरी से नगद रकम और पीड़िता का मोबाइल लेकर उसमे से सिम निकालकर फेक दिया। आरोपी काबिल अंसारी के निशानदेही पर मामले मे शामिल आरोपी सुरेन्दर कुशवाहा एवं सकील कों पकड़कर हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया।

आरोपियों द्वारा अपना नाम सुरेन्दर कुशवाहा आत्मज संजय कुशवाहा उम्र २६ वर्ष निवासी लहार मड़ियापुरा थाना लहार भिंड मध्यप्रदेश, सकील खान आत्मज ईयाद अली उम्र ३८ वर्ष निवासी राजपुर जिला कानपुर उत्तरप्रदेश का होना बताये, आरोपियों से पूछताछ करने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार करते हुए ७० हजार रुपये नगद रकम लेकर पीड़ित युवती का सुमित राठौर से जबरन विवाह कराकर राकेश राठौर के साथ ग्राम सरावन उत्तरप्रदेश भेजना स्वीकार किया गया, जिसमे से ४००००/- रुपये काबिल की सास रामेश्वरी कों देना बताया था, ३००००/- शेष रकम मे से २००००/- स्वयं रखना एवं १००००/- अपने साथी सकील कों देना बताया है। आरोपियों के कब्जे से नगद रकम ३१००/- रुपये बरामद किया गया है। आरोपियों के निशानदेही पर पीड़िता कों सुमित राठौर एवं उसके पिता राकेश राठौर के कब्जे से दस्तयाब कर पीड़िता से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किया गया। पीड़िता ने बताया कि मंदिर मे जबरन शादी करने के बाद लड़के वाले पीड़िता कों अपने ग्राम सरावन उत्तरप्रदेश ले आये, पीड़िता के द्वारा लड़का सुमित राठौर कों घटना के बारे मे सब कुछ बताये जाने के बाद भी आरोपी सुमित राठौर पीड़िता से जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करता था। साथ ही सुमित राठौर एवं अन्य लोगो के घर मे ना रहने पर सुमित का पिता राकेश राठौर भी पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया है, इस दौरान पीड़िता ग्राम सरावन से भागने का प्रयास की जो आरोपी सुमित राठौर और उसके पिता राकेश राठौर पीड़िता कों पकड़कर घर वापस लाकर मारपीट किये थे,

पुलिस टीम द्वारा मामले मे शामिल आरोपियों कों पकड़कर हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया। आरोपियों द्वारा अपना नामा सुमित राठौर आत्मज राकेश राठौर उम्र २६ वर्ष निवासी सरावन थाना गौहन जिला जालौन उत्तरप्रदेश, राकेश राठौर आत्मज गौरी शंकर राठौर उम्र ५२ वर्ष निवासी सरावन थाना गौहन जिला जालौन उत्तरप्रदेश का होना बताये। आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। आरोपी काबिल अंसारी, हीना एवं रामेश्वरी कों प्राप्त नगद रकम ४००००/- रुपये मे से रामेश्वरी अपना हिस्सा १००००/- रुपये रख ली थी, बाकी पैसा कों आरोपीगण खाने पीने व घूमने मे खर्च कर दिए है। आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त ०४ नग मोबाइल एवं ०१ नग प्रार्थिया से लिया गया मोबाइल एवं अन्य आरोपियों से ३१००/-रुपये नगद बरामद किया गया है, प्रकरण में धारा १३७(२), १४०(३), १४२, १४४(२), ६४(२)(ड), ६९ बी.एन.एस. जोड़कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपियों कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी मणिपुर निरीक्षक अश्वनी सिंह, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक धीरज गुप्ता, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, महिला आरक्षक सुमन तिग्गा, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, अनिल सिंह, अतुल शर्मा, संजीव चौबे, अनुज जायसवाल, रमेश राजवाड़े एवं थाना गोहन उत्तरप्रदेश से प्रधान आरक्षक धीरेन्द्र राय सक्रिय रहे।

C M Y K

## लाईवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह में भोजन एवं आवासीय व्यवस्था हेतु आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी बलरामपुर अंतर्गत आवासीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणरत हितग्राहियों के लिए भोजन व्यवस्था (सुबह का नाश्ता, दोपहर का खाना, शाम का नाश्ता, रात्रि भोजन) एवं आवासीय व्यवस्था (पलंग या तख्त/गद्दा/तकिया/कंबल) हेतु जिले के इच्छुक पंजीकृत महिला स्वयं सहायता समूह से ०५ जुलाई २०२५ तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय प्राचार्य जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, भेलवाडीह, बलरामपुर में कार्यालयीन समय तक निविदा आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

रिटायर्ड एजीएम के घर से 20 लाख के जेवर चोरी पेज 09



# कोयलांचल में धूमधाम से निकली रथ यात्रा,जगह जगह स्वागत

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

कोयलांचल बिश्रामपुर में आस्था से ओतप्रोत श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आज भक्तिभाव व धूमधाम से निकाली गई। यह आयोजन उत्कल समाज बिश्रामपुर द्वारा लगातार ९ वर्षों से श्रद्धा, परंपरा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। गौरतलब है कि शुक्रवार को महाप्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा दोपहर ४ बजे के बाद मंदिर परिसर से शुरू होगी, जब भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ सज-धजकर रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। यात्रा जगन्नाथ मंदिर से बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, आरटीआई कॉलोनी स्थित सरस्वती मंदिर मौसी घर देर रात पहुंची, जहां वे ९ दिनों तक विश्राम करेंगे। ५ जुलाई को बाहुड़ा यात्रा निकलेगी, जिसके बाद ८ जुलाई को वे मंदिर के सिंहासन पर पुनः विराजमान होंगे। रथ यात्रा न केवल बिश्रामपुर शहर तक सीमित है, बल्कि पूरे सूरजपुर जिले और



आसपास क्षेत्रों के दर्जनों स्थानों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे थे। भक्तों की भक्ति का स्तर इस हद तक है कि वे भगवान को मौसी के घर पहुंचाने हेतु रथ की रस्सी खींचने में लगे रहे।

परंपरागत वेशभूषा, ढोल-नगाड़े, शंख, घंटा, कीर्तन मंडलियां और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण ईश्वरमय हो गया था। जगन्नाथ रथ यात्रा की परंपरा के अनुसार रथ यात्रा प्रारंभ होने से पहले मंदिर परिसर में महाप्रभु का विधानपूर्वक पूजन किया गया, जिसमें मंदिर के मुख्य पुजारी सुशांत मिश्र द्वारा विशेष अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके पश्चात राजा स्वरूप में राजपरिवार के प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा सपत्नीक यहां पर झाड़ू प्रथा निभाए। यह परंपरा प्रतीक है कि भगवान के समक्ष सबसे बड़ा व्यक्ति भी विनम्र सेवक है। कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज, कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े, सुरजपुर नपा अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, सुभाष गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमनी देवपाल सिंह, नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, नपं अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल, अशोक अग्रवाल शोक्की, अनुपम फिलिप, राजकिशोर चौधरी, मंडल अध्यक्ष कैलाश सिरदार व हरीश राजवाड़े, श्यामा पांडेय, गीता घोषाल व अन्य अतिथियों द्वारा भी विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रथ को खिंचा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक अशोक स्वाई, अध्यक्ष विशाल स्वाई, कोषाध्यक्ष अलंकार नायक, सचिव प्रभाकर स्वाई, सेनापति प्रधान रथ यात्रा प्रभारी, सीतीकांत स्वाई, सुदर्शन सेठी, सुरेशन स्वाई, सुरज शेट्टी, एलसी त्रिपाठी, राजेंद्र प्रधान, प्रदीप त्रिपाठी, विद्याधर साहू, संतोष बिस्वाल, श्रीकांत स्वाई के अलावा महिला मंडल से अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, छंदाश्री, गीता स्वाई, अनुराधा प्रधान, लीलावती स्वाई, प्रभासीनी नायक, स्मिता कहर, मिनी, मीरा, सबिता, आरती, तुकूनी व अन्य सक्रिय रहे।

**जगह जगह हुई सेवा**

रथयात्रा कार्यक्रम में जगह जगह भक्तों द्वारा स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं का सेवा किया गया। बस स्टैंड संकटमोचन हनुमान मंदिर, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड व अन्य स्थानों पर शरबत पानी से सेवा किया गया। ज्ञात हो कि अब १ जुलाई मंगलवार को महालक्ष्मी यात्रा, ५ जुलाई शुक्रवार को बाहुड़ा यात्रा, ६ जुलाई को स्वर्ण श्रृंगार, ७ जुलाई को अधर पन्ना अनुष्ठान, ८ जुलाई को नीलाद्री विजय में महाप्रभु सिंहासन में पुनः विराजमान होंगे।

# दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात सरगुजा संभाग अन्तर्गत राजस्व विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 कर्मचारियों की अंतिम पदक्रम सूची प्रकाशित

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

सरगुजा संभाग के उपायुक्त राजस्व ने बताया कि आयुक्त कार्यालय सरगुजा संभाग अन्तर्गत जिला प्रशासन राजस्व पदस्थापनाधीन सहायक ग्रेड ०२ के पद पर ०५ वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले सहायक ग्रेड-०२ से सहायक अधीक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु सरगुजा संभाग अन्तर्गत राजस्व विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड-०२ कर्मचारियों की ०१ अप्रैल २०२४ की स्थिति दशार्ने वाली संभाग स्तरीय अन्नतिम पदक्रम सूची का प्रकाशन किया गया था। जिसमें ३० दिन के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की समय-सीमा निर्धारित की गयी थी। समय-सीमा पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति में जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के तहसील कार्यालय कुसमी के सहायक ग्रेड ०२ श्री काशीराम बारी द्वारा अपने आवेदन पत्र में पदक्रम सूची के विरूद्ध दावा आपत्ति प्रस्तुत कर लेख किया गया कि कार्यालय द्वारा जारी अनन्तिम पदक्रम सूची के सरल क्रमांक ४३ अथवा १८ पर उनका नाम जोड़ा जाए। जिसकी पुष्टि हेतु उन्होंने दावा आपत्ति आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए।

श्री बारी द्वारा प्रस्तुत दावा आपत्ति आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण कर नस्ती के पृष्ठ कमांक १६ पर सरगुजा संभाग आयुक्त के अनुमोदन १९ जून २०२५ द्वारा निराकरण किया गया है। जिसके पश्चात श्री बारी का नाम अंतिम पदक्रम सूची के सरल क्रमांक ४९ पर उल्लेखित श्री जितेन्द्र कुमार सिन्हा सहायक ग्रेड-२ के नाम के नीचे सरल क्रमांक ५० पर जोड़ा गया है।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. अभिजीत कुमार कोहाट
MD, DM (Neurology)
मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएँ
लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द
डॉ. राहुल अहलूवालिया
MS, MCH, Neurosurgery
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
पीठ में अकड़न, रीढ़ की हड्डी में असहनीय दर्द
रीढ़ की हड्डी में झुकाव, सूजन
हाथों और पैरों की मांसपेशियों में खिंचाव, कमजोरी, सुन्नपन
डॉ. रोशन वर्मा
MD (T.B. & Respiratory Diseases)
श्वास, छाती, एलर्जी एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
खांसी में खून आना।
सांस लेने में तकलीफ होना।
बार-बार सर्दी-जुकाम होना या छिंक आना।
डॉ. गौरव त्रिपाठी
M.D, D.M., Cardiology
रायपुर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
सीने में दर्द या भारीपन, सांस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जाना
अनियमित हृदय गति,जी मचलना, सीने में जलन
लगातार पसीना, नींद न आना, घबराहट एवं बेचैनी
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर
सरगुजा संभाग का सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 TESLA MRI
29 जून 2025,
माह के पांचवा रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

# यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने सड़क किनारे की गई अतिक्रमण पर कार्यवाही



**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निदेर्शानुसार जिले में अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं आम नागरिकों को सुगम मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी के श्री आनंद राम नेताम के नेतृत्व में बलरामपुर मुख्यालय चांदो चौक में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान दुकानों के सामने किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया तथा संबंधित दुकानदारों को सख्त चेतावनी भी दी गई।

नगर पालिका, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मुख्य बाजार क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए फुटपाथ, सड़क किनारे तथा सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। विशेष रूप से जहां दुकानदारों द्वारा फुटपाथ और सड़क पर कब्जा कर मार्ग को संकरा बना दिया गया था पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेगा 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रति माह ३०० यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही ७८००० तक की अधिकतम सब्सिडी तथा सस्ते ब्याज पर लोन भी प्रदान की जाएगी। विभागीय अधिकारी ने जानकारी दी है कि इस योजना के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अधिक आय, कम बिजली सृजन होगा तथा नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। छतों पर सौर पैनल स्थापना हेतु हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले अनुदान के अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता ०१ से ०२ किलोवॉट तथा ० से १५० यूनिट विद्युत खपत होने पर ३० हजार से ६० हजार रुपये की राशि का अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता २ से ३ किलोवाट तथा १५० से ३०० यूनिट विद्युत खपत होने पर ६० हजार से ७८ हजार रुपए की अनुदान प्रदान की जाएगी।

इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता ०३ किलोवाट तथा ३०० यूनिट से अधिक विद्युत खपत होने पर ७८ हजार रुपए की अनुदान प्रदान की जाएगी। इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। शासन द्वारा हितग्राहियों को बैंक खाते में सीधे दी जाने वाली सब्सिडी से लेकर रियायती बैंक ऋण सुनिश्चित की जाएगी।

"M.S., E.N.T."
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई
सीटी स्कैन
सोनोग्राफी
टी.एन.टी.
ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे)
ई.ई.जी., ई.सी.जी.
टीकाकरण की सुविधा प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆

विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल ¼MRM½ हॉस्पीटल
RSBY/MSBY
(स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर,
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन fo'k"k & RSBY & MSBY (स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्ध:-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

सभी बीमारियों के
विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित उपलब्ध
डॉक्टर्स हाउस
रानी तालाब के सामने, गेहूं बाड़ी के आगे
शासकीय अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
मो.-94255-83780, 62626-39090, 62626-39191
फोन 07774222555

पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें।
आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
• जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग
• सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
• 24X7 आपातकालीन सुविधा
• क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
• एडवांस आई. सी. यू. यूनिट
• निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
• 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
More Information call us
+91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

आपके नगर अम्बिकापुर में अब प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
मानसिक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ
समय-दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
रोग : डिप्रेशन, उदासी, चिंता, घबराहट, सरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, झटका, बेहोशी, कम एकाग्रता, नींद की कमी, असामान्य व्यवहार, पागलपन, शराब व अन्य नशे की लत, गर्दन दर्द, कमर दर्द, नस मांसपेशियों में दर्द, बच्चों में चंचलता, मंदबुद्धि आदि से संबंधित बीमारियों के परामर्श एवं उपचार हे
पता: माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल/ तेज डायग्नोस्टिक से
पुराना बस स्टैण्ड, बाबूपारा, जोड़ा तालाब के पास, अम्बिकापुर मो.नं. 07774-222999, 8224007799, 98261

C M Y K

## सीएम के काफिले की 19 गाड़ियों में डीजल की जगह भर दिया पानी, प्रशासन में हड़कंप; पेट्रोल पंप सील

भोपाल ,27 जून(ए)। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में 'एमपी राइज 2025 रीजनल कॉन्क्लेव में शामिल होने आ रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले की गाड़ियों में डीजल की जगह पानी भरे जाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यह घटना गुरुवार देर रात ढोसी गांव स्थित भारत पेट्रोलियम के 'शक्ति फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर घटी। इंदौर से सीएम काफिले के लिए बुलाई गईं करीब 19 इनोवा गाड़ियां जब डीजल भरवाने के लिए इस पेट्रोल पंप पर पहुंचीं, तो वहां से ईंधन भरने के कुछ ही देर बाद वे एक-एक कर बंद हो गईं। वाहन चालकों ने तत्काल पेट्रोल पंप पर शिकायत की और प्रशासन को सूचित किया।

सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार आशीष उपाध्याय, खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी आनंद गोरे और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान सभी वाहनों के डीजल टैंक खाली करवाए गए, जिनमें से बड़े पैमाने पर पानी निकला। एक वाहन में जहां 20 लीटर डीजल डलवाया गया था, उसमें से करीब 10 लीटर पानी निकला।

कोयलांचल में धूमधाम से निकली रथ यात्रा,जगह जगह स्वागत...पेज 11



## जगन्नाथपुर के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों के साथ पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना पर हुई सकारात्मक चर्चा

### ०० कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक रखी गई थी। जिसका उद्देश्य साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड भटगांव क्षेत्र मदननगर खुली खदान परियोजना के तहत प्रभावित हो रहे गांव जगन्नाथपुर के सरपंच, उपसरपंच, सचिव व ग्रामवासियों के साथ पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना विषय पर सकरात्मक चर्चा करना था। बैठक में परियोजना से प्रभावित व्यक्तियों के अधिग्रहित की जाने वाली भूमी तथा मकनों का आकलन करना, समुचित मुआवजा मिलने के साथ साथ उनके बसाहवट हेतु प्रस्तावित स्थल में मकान बनाने हेतु भूखण्ड आबंटन तथा अन्य सुविधा के एवज में एकमुश्त मुआवजा , नियमानुसार रोजगार तथा परियोजना प्रभावित परिवारों को वर्तमान स्थिति के समकक्ष या उसे बेहतर जीवन व्यवस्था सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन ने प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास एवं रोजगार की दिशा में प्रगति के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस अवसर पर सरपंच, सचिव, उपसरपंच व ग्रामवासी, एसडीएम श्रीमती ललिता भगत, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, एसईसीएल जीएम माधव राव बोबडे, भू-अर्जन अधिकारी बबन यादव, खदान प्रबंधक जे.पी.एल तिवारी, एमआर मैनेजर राजेश यादव एवं सर्वे अधिकारी अनीश रॉय व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अब महिला बाल विकास मंत्री से शिक्षक? साझा मंच की फरियाद



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** यहां पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी की हठधर्मिता की वजह से शिक्षा विभाग सियासी अखाडे के रूप में तब्दील हो जा रहा है।जिले में शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रकिया को लेकर रोज नए खुलासे हो रहे है। शिक्षकों द्वारा जिले के अतिशेष समायोजन में हुए भ्रष्टाचार के पुख्ता प्रमाण दिए जाने के बावजूद भी जिम्मेदार जिला शिक्षा अधिकारी पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही न होता देख शिक्षकों के साझा मंच ने महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े से मिलकर इसकी गुहार लगाई है। जिले में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में अतिशेष चिन्हांकन से लेकर पदांकन तक की प्रक्रिया में लगातार गड़बड़ी सामने आने पर शिक्षक संघो ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पुनः कराने के लिए विभिन्न आंदोलन किये और हर स्तर पर ज्ञापन सौंपे लेकिन परिणाम बेअसर रहा।? शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक यादवेन्द्र दुबे,सचिन त्रिपाठी, विजय साहू,राकेश शुक्ल,गौतम शर्मा,राजकुमार सिंह,कृष्णा सोनी और? राधेश्याम साहू ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा काउंसलिंग के दौरान अनेक सहायक शिक्षकों,शिक्षकों और व्याख्याताओं को जो पद आबंटित किये,वो पहले से ही भरे हुवे थे, ऐसे में अपनी संस्था से रिलीव होकर नवपदस्थ संस्था में ज्वाइन करने पहुंचे उन शिक्षकों के पैरों की जमीन ही खिसक गई,जब संस्था प्रमुखों ने उन्हें कार्यभार ग्रहण कराने से इंकार कर दिया। डबल पोस्टिंग के फेर मे फंसे ये शिक्षक न घर के रहे न ही घाट के और अपना आवेदन लेकर २० दिनों तक सिर्फ बीईओ और डीईओ कार्यालय के चक्कर काटते रहे। अचानक आनन फानन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उनके डबल पोस्टिंग वाले आदेश को निरस्त करते हुवे? पद रिक्त होने पर पुनः पदस्थापना करने के आशय का अस्पष्ट आदेश जारी कर दिया गया। हद तो तब हो गई जब इस आदेश के जारी होने के दो दिन बाद ही रात में

### ०० कोई तो सुने कहानी .....डीईओ कर रही मनमानी

डीईओ कार्यालय द्वारा व्याख्याताओं को व्यक्तिगत काल कर फोन पर ही काउंसलिग शुरू कर दी गई और दूरस्थ अंचलों के ३ विद्यालयों के नाम बताकर उन पर पद चयन करने के लिए दबाव बनाया जाने लगा। अचानक से ऐसी टेलीफोनिक काउंसलिंग से सकते में आये शिक्षकों ने फोन पर पद चयन करने से इंकार कर दिया। साझा मंच के जिला संचालकों ने शाला प्रवेश उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में पहुंची मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े से शिक्षकों के साथ मुलाकात कर उन्हें बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय के बाबुओं के साथ मिलकर दबावपूर्ण तरीके से टेलीफोनिक काउंसलिंग हेतु बाध्य किया जा रहा है। जब प्रथम काउंसलिग के पश्चात जिले में संभाग को देने के लिए हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में पद ही नहीं बचे थे, तो अब टेलीफोनिक काउंसलिंग के लिए रिक्त पद कहां से आ गए ? ऐसे में संभाग के उन व्याख्याताओं के साथ अन्याय हुवा, जो पद रिक्तता के अभाव में संभाग से बाहर कोंडागांव,धमतरी जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ हुवे। शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि डबल पोस्टिंग जिला शिक्षा अधिकारी की गलती थी और उनकी गलती की सजा अब ये बेगुनाह शिक्षक दूरस्थ क्षेत्रों में पद चयन कर क्यों भुगते,साथ ही इन शिक्षकों के कार्यमुक्ति से लेकर अब तक की अवधि के वेतन भुगतान की समस्या का समाधान क्या होगा। इसके साथ ही साझा मंच ने जिला शिक्षा अधिकारी के आमजनों और शिक्षकों से अशिष्ट,अमर्यादित दुर्व्यवहार की शिकायत भी मंत्री से की गई और इन पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की गई । मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने साझा मंच की बात गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद जिला कलेक्टर एस जयवर्धन को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने यह साफ कहा कि,यह जांच केवल शिक्षा विभाग और युक्तियुक्तकरण समिति तक ही सीमित नहीं रहेगी, अन्य विभागीय अधिकारियों को भी जांच में शामिल किया जाएगा ताकि दोषियों को बचने का कोई रास्ता न मिले।

### 00 सांसद, विधायक भी है नाराज

बताया गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी के व्यवहार को लेकर सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक भूलन सिंह आदि भी नाराजगी व्यक्त कर चुके है।यहां तक कि मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री तक से शिकायत की जा चुकी है और मुख्यमंत्री ने कार्रवाई का भरोसा भी दिया था।लेकिन अब तक कोई कार्रवाई न होने से लोग हतप्रभ है कि जब मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद कार्रवाई नही हो रही तो फिर कहां जाए..?ओर फिर जब सांसद विधायक की ही कोई नही सुन रहा तो आम आदमी की क्या बिसात..?

### 00 ठंडा पड़े निजी विद्यालय संचालक

शिक्षक ही नही निजी विद्यालय संचालक भी कई शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी की कर चुके है जिसमे उनके व्यवहार को लेकर आपत्ति है उस पर भी कोई सुनवाई नही हुई तो निजी विद्यालय संचालक हाथ पर हाथ रख बैठने में ही भलाई समझी है।

## बीज एवं खाद के भंडारण तथा वितरण के संबंध में दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कृषि, खाद्य, उद्यानिकी, बीज निगम, मंडी, पशु व मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कार्यालय में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा विभागवार क्रियान्वयन हो रहे योजनाओं के संबंध में जानकारी ली गई। कलेक्टर ने बीज एवं खाद के भंडारण तथा वितरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने किसानों को उनकी मांग के अनुसार सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही किसानों को खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में खरीफ वर्ष २०२५-२६ क्षेत्राच्छादन, समितिवार बीज व खाद भंडार, वितरण एवं बचत, मिट्टी परीक्षण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आधार सीडिंग, भूमि सीडिंग, पी.एम. किसान वन पट्टाधारी कृषक, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना क्रियान्वयन, आत्मा योजनांतर्गत मूंगफली फसल इत्यादि की जानकारी ली गई। बैठक में राशन कार्डधारियों के केवाईसी के संबंध में भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने अपील की है कि सभी हितग्राही ३० जून तक अपना ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण करा लें, ताकि भविष्य में खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। च्एक राष्ट्र एक राशनकार्डज् योजना के तहत जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत समस्त राशन कार्ड धारकों के लिए ३० जून तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। ई-केवाईसी की सुविधा समस्त उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीनों में उपलब्ध है। साथ ही, भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवाईसी मोबाइल एप के माध्यम से भी उपभोक्ता स्वयं ई-केवाईसी कर सकते हैं। यह एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। ई-केवाईसी के लिए हितग्राही को आधार नंबर और आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। कलेक्टर ने अपील की है कि सभी हितग्राही ३० जून तक अपना ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण करा लें, ताकि भविष्य में खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जनता की सेवा, सुरक्षा एवं उनके शिकायतों को रखे प्राथमिकता में और करें त्वरित निराकरण....दीपक

### ०० आईजी ने किया सूरजपुर का वार्षिक निरीक्षण






**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** सूरजपुर। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा द्वारा सूरजपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केंद्र सूरजपुर में परेड कि सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षक दौरान आईजी द्वारा प्रत्येक अधिकारी कर्मचारीयों के टर्नआउट का निरीक्षण एवं टोलीवार परेड कराया गया। वेषभूषा व परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारीकर्मचारियों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। डाग स्क्वार्ड का जायजा लेते हुए डाग मास्टर को डाग के खानपान, ट्रेनिंग और समय-समय पर उपचार कराने के निर्देश दिए।रक्षित केंद्र के स्टोर शाखा में रखे सामग्रियों के रख रखाव एवं सही समय पर जवानों को वितरण हेतु निर्देश दिए एवं अन्य उपयोगी उपकरणों को समय समय पर मरम्मत कराने एवं मेंटेन रखने हेतु निर्देश दिए। साथ ही आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से साफ सफाई व मेंटेन रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के सतत मार्गदर्शन एवं उमनि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी द्वारा रक्षित केंद्र में पुलिस दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में पुलिस अधिकारी कर्मचारियों से रूबरू होते हुए रेंज आईजी द्वारा उनके समस्याओं को सुना, जिनमें अधिकारीकर्मचारियों द्वारा दरबार में अपने समस्याओं को पेश किया। उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। रेंज आईजी श्री दीपक कुमार झा ने दरबार में अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने कहा कि जनता की सेवा, सुरक्षा एवं उनकी शिकायतों पर उचित कार्यवाही करने की जिम्मेदारी हम पर है, व्यक्ति अपेक्षा लेकर अपनी समस्या बताने पुलिस के पास आता है ऐसे हरएक समस्या और शिकायतों को शालिनता से सुने और फौरन एक्शन लेते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### 00 बैठक में नसीहत...

आईजी सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा ने जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारी व थाना-चौकी प्रभारियों की पुलिस लाईन में बैठक ली और उनसे परिचय प्राप्त किया। उन्होंने पुलिसिंग की प्राथमिकताओं से अवगत कराते हुए कहा कि जनता की सेवा, सुरक्षा एवं उनके शिकायतों को प्राथमिकता में रखे और निराकरण करें, इसमें कोई भी लापरवाही न बरते, पूरी ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करें, कोई भी निर्दोष व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही न हो यह सुनिश्चित करें, नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाए, अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटे और जिले में बेहतर पुलिसिंग करें। उन्होंने कहा कि आज साइबर अपराध एक बड़ी समस्या है जिससे निपटने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करें, तकनीकी क्षेत्र में अपना ज्ञान बढ़ाये, कोई भी कठिन कार्य करने से हमेशा नए चीजे सीखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर के मार्गदर्शन में जिले में अपराध निराकरण और शिकायतों का निकाल काफी अच्छी है, यहां पुलिस की अच्छी टीमवर्क है।

### 00 फलदार वृक्ष का पौधारोपण किया

आईजी सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा व उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन में फलदार वृक्ष का पौधारोपण किया। इस दौरान आईजी ने रक्षित निरीक्षक को रोपे गए पौधे की देखभाल करने और पुलिस लाईन में व्यापक रूप से वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए।और कहा कि पेड-पौधों पर ही हमारा जीवन निर्भर है, हम सभी को एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

### 00 कार्य में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए लगाई फटकार

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा ने गुरूवार को थाना विश्रामपुर का निरीक्षण किए। जहाँ उन्होंने थानों में संधारित पंजियों, शस्त्रागार, मालखाना और सीसीटीएनएस कक्ष का बारीकी से अवलोकन किए। थाना कार्य में अत्यधिक लंबित प्रकरण पाए जाने व समय सीमा पर निकाल नहीं होना थाना कार्य में लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए आईजी ने थाना प्रभारी सहित विवेचकों को जमकर फटकार लगाते हुए उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि अपराधों के निराकरण में तेजी लाने, जप्ती माल कोयला, कबाड, मोटर सायकल का निराकरण न्यायालय से जल्द कराने, अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर सतत निगरानी बनाए रखें थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रभारी का मुख्य दायित्व होता है। इसके अलावा उन्होंने ने नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर का भी निरीक्षण किए। सीएसपी कार्यालय के दस्तावेजों का बारीकी से अवलोकन किया और सुधार के निर्देश दिए।

## बिजली बिल के बोझ को कम करने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना




**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अभियान से ग्रीन एनर्जी मिशन को बढावा देकर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने मे मदद होगी साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। भारत सरकार ने सौर रूफटॉप क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए २९ फरवरी, २०२४ को मंजूरी दी है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना केवल घरों को रोशन करने के लिए नहीं है बल्कि यह योजना सूरज की ऊर्जा को अपनाने के तेज और किफायती तरीके के बारे में भी है। एक किलोवाट प्रणाली के लिए ३०,००० रुपये, २ किलोवाट प्रणाली के लिए ६०,००० रुपये तथा ३ किलोवाट या उससे अधिक प्रणाली के लिए ७८,००० रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस योजना से बिजली के बिल में कमी, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलेगा। यह योजना न केवल स्थायी ऊर्जा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण को बचाने की ओर भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है।शासन द्वारा लाभार्थी को सब्सिडी प्रदान की जाएगीः- यह योजना भारत के घरों पर बिजली बिल की वित्तीय बोझ कम करने और पर्यावरणीय स्थिरता में भी योगदान देने की दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण पर काम करती है। इस योजना के तहत २ किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए सौर इकाई लागत का ६० और २ से ३ किलोवाट क्षमता के बीच की प्रणालियों के लिए अतिरिक्त प्रणाली लागत का ४० प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाती है। सब्सिडी की सीमा ३ किलोवाट क्षमता तक सीमित रखी गई है। पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना से १ करोड़ लोगो को इस योजना के तहत लाभ मिलेंगा, इस योजना के तहत प्रतिमाह ३०० यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएँगी । सोलर पैनल खरीदने के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाएँगी द्य सरकार द्वारा बैंक से सोलर पैनल खरीदने के लिए लोन उपलब्ध कराने के लिए सहायता व मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## 21 चालको का लायसेंस 03 माह के लिए निलंबित

### ०० परिवहन व यातयात की कार्रवाई



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा नियमित जांच कार्यवाही यथा - शराब पीकर , तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन संचालन, मालवाहक में सवारी ढोना , सिग्नल जंप तथा अन्य धाराओं के तहत उल्लंघनकर्ता चालकों के विरुद्ध ड्राइविंग लायसेंस निलंबन हेतु अनुशंसित ५१ प्रकरण जिला परिवहन कार्यालय को इस वर्ष प्राप्त हुई है। जिस पर कार्यवाही करते हुए कुल २१ लाइसेंस धारकों का लायसेंस ०३-०३ माह के लिए निलंबित किया गया है। ०८ प्रकरण को कार्यवाही हेतु संबंधित परिवहन कार्यालय में अग्रेषित किया गया है। तथा शेष २१ प्रकरण में लायसेंस धारकों को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी किया गया है। नियत तिथि तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने अथवा स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं होने पर संबंधित वाहन चालकों के लायसेंस निलंबन की कार्यवाही जावेगी।

## 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के जांच हेतु जिला जेल का किया निरीक्षण



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिले में स्थित जेल में निरुद्ध बंदियों में यदि कोई १८ वर्ष से कम आयु का है तो उम्र सत्यापन किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जेल निरीक्षण पैनल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं पैनल के सदस्यों द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया। जेल के सभी बंदियों से मुलाकात करवाया किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा जेल के बंदियों से १८ वर्ष से कम आयु के बच्चे जेल में है क्या इस संबंध में जेल में निरुद्ध बंदियों से जानकारी ली गयी। जेल के ०१ बंदी द्वारा अपनी आयु को लेकर शंका किया गया। जिस पर पैनल द्वारा बंदी की जानकारी लेकर उसके शैक्षणिक दस्तावेज जांच कर आयु के संबंध में पुष्टि की जावेगी। अन्य किसी भी बंदियों द्वारा अपनी आयु को लेकर कोई भी शंका व्यक्त नहीं कि गयी की उनकी आयु १८ वर्ष से कम है। जिससे कोई भी बंदी १८ वर्ष के कम आयु का नही पाया गया। जेल में निरीक्षण के दौरान ०१ बंदियों द्वारा उनके घर पर उनके बच्चों का देखभाल करने वाले नहीं है ऐसी जानकारी पैनल के समक्ष आयी। पैनल द्वारा उस निरुद्ध बंदी का नाम, पता लेकर संबंधित ग्राम में उन बच्चों के संबंध में जानकारी इकट्ठा की जावेगी। यदि बच्चों का देखभाल एवं संरक्षण करने वाले नहीं होंगे तो उन बच्चों को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जावेगीं।निरीक्षण के दौरान श्रीमती शिवानी जायसवाल अनुविभागीय अधिकारी , रमेश साहू जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, प्रियांक पटेल शिशु रोग विशेषज्ञ, सलदेव सिंह आयाम जिला लोक अधियोजन अधिकारी, अखिलेश कुमार सिंह उपस्थित रहें।

## नशा निवारण दिवस पर नशे के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की दी गई जानकारी

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरन के निदेर्शानुसार और श्रीमती विनीता वार्नर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आज नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नालसा की 'डॉन' योजना के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे किया गया।कार्यक्रम में, श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्राओं को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने नशे की लत से बाहर आने के लिए उपलब्ध उपायों और कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान, उन्होंने नालसा की टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर १५१०० की सेवाओं के बारे में भी बताया, जो नशे से पीड़ित व्यक्तियों और उनके परिवारों को मुफ्त कानूनी सहायता और परामर्श प्रदान करती है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान, प्रोजेक्टर के माध्यम से नशा मुक्ति से संबंधित शॉर्ट फिल्में, जैसे ₹तुम मत गिरना₹ भी दिखाई गईं, जिसका उद्देश्य छात्राओं को नशे के खिलाफ जागरूक करना था।इसके अतिरिक्त, श्रीमती अग्रवाल ने शबरी सेवा संस्थान नशा मुक्ति केंद्र, का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में रह रहे लोगों से मुलाकात की, उनके स्वास्थ्य और दैनिक दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने केंद्र की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता और अन्य सुविधाओं का भी जायजा लिया।